# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 28 दिसंबर 2023


कि घर कब आओगे: अपने-अपने घर जाने निकले यात्री, अब 'पहचानने' लायक भी नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए, मुआवजे का भी किया ऐलान



'बस' बन गई आग का गोला

# 'बे-बस' जिंदगी...

# डंपर से टकराई बस, 12 यात्री जिंदा जले



## हादसे में डंपर चालक की भी हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के तहत गुना आरोन रोड पर सिकरवार बस में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हुआ। इस दुर्घटना में 13 लोगों की मौत हुई है। इसमें 12 यात्री बस में जिंदा जले हैं और एक डंपर चालक की मौत हो गई।

हादसे में झुलसे लोगों को जिला अस्पताल ले भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि बस में करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार रात 8:10 पर सिकरवार बस एमपी 08 पी 0199 गुना से आरोन जा रही थी। सेमरी ⏩ शेष पेज 4 पर

## घायल यात्री ने बताया बस खस्ताहाल थी

### 13 की मौत, 12 जिंदा जले

घटना के बाद मौके पर कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय खत्री पहुंचे गए। रेस्क्यू कराने के बाद दोनों अस्पताल पहुंचे और घायलों और यात्रियों के परिजनों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हुई हैं। 12 बस यात्री हैं और एक डंपर चालक की मौत हुई है। शवों की पहचान की जा रही है।




### बचाने वाले इस यात्री का दावा... कई लोग तो निकल ही नहीं पाए

*बस में मौजूद यात्री व प्रत्यक्षदर्शी अंकित कुशवाह ने बताया कि बस गुना से आरोन की तरफ जा रही थी। मैं आगे वाली सीट पर बैठा था, जिसका अचानक से एक्सीडेंट हुआ। तब कुछ भी समझ नहीं आया। मेरी आंखें बंद हो चुकी थीं, जब आंख खुली तो में कांच से बाहर निकलकर आया और तीन से चार लोगों को मैंने और मेरे दोस्त ने निकाला। उसके बाद बस में आग लग गई और कोई भी बस से बाहर नहीं निकल पाया। कई लोग बस में जिंदा जल गए। मुझसे जब तक बना मैंने लोगों को निकलवाया फिर मेरा भी पैर दर्द करने लगा।*

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश...

**मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा कि घटना के सभी



बिंदुओं पर जांच कराई जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो। जिला प्रशासन को बस दुर्घटना में मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

### पूर्व विधायक ने कहा... एंबुलेंस देर से पहुंची ये लापरवाही है

पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा और बंटी बना ने बताया कि घटना बहुत दुखद है। हम अस्पताल में हैं और घायलों को उचित उपचार मिले, इसके प्रयास में लगे हैं। मरने वालों के परिवार वालों को सूचना दे रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि घटना के एक घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। ये लापरवाही है। घटना कैसे हुई ये जांच का विषय है।



### घटना के बाद लगा ट्रैफिक जाम

बस में आग लगने की घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए। सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मी एक एक कार वाहनों को निकालने के लिए मशक्कत करते दिखे।

अब सर्दी-गर्मी के अवकाश जारी नहीं कर सकेंगे कलेक्टर-डीईओ

## स्कूल प्रतिनिधियों और पैरेंट्स से चर्चा जरूरी



*स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश, डीपीआई और आरएसके से भी लेनी होगी सहमति*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में अब कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारी बिना स्कूल प्रतिनिधियों और पैरेंट्स से चर्चा किए सर्दी-गर्मी के अवकाश के आदेश जारी नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही अवकाश जारी करने के पहले लोक शिक्षण संचालनालय और राज्य शिक्षा केंद्र की सहमति भी लेनी होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव प्रमोद सिंह ने बुधवार को इस संबंध ⏩ शेष पेज 4 पर

तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए प्रति बोरा हुई

## 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा लाभ, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब 4 हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण राशि मिल सकेगा। राज्य सरकार ने बुधवार को संग्रहण दर बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा देने का आदेश जारी कर दिया। इससे करीब 35 लाख संग्राहकों को फायदा मिल सकेगा। पिछले महज 6 साल में तेंदूपत्ता संग्रहण में करीब 300 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। 2017 में तेंदू पत्ता संग्राहकों को महज 1250 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से संग्रहण राशि मिलती थी। बाद में बढ़कर यह तीन हजार रुपए हो गया था।



राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्ष 2024 के संग्रहण वर्ष में प्रदेश के करीब 35 लाख तेन्दूपत्ता ⏩ शेष पेज 4 पर

चार में से दो आरोपी दबोचे गए

## नर्मदापुरम में गैंगरेप के आरोपियों के मकान पर चला 'बुलडोजर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में 22 साल की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। रेप करने वाले 2 नाबालिग समेत 4 आरोपी हैं। मामला प्रकाश में आते ही पुलिस प्रशासन ने दुष्कर्म के आरोपियों पर तुरंत केस दर्ज किया। ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 4 आरोपियों में से 2 आरोपियो के अवैध मकान को बुलडोजर से ढहा दिया। 22 वर्षीय पीड़िता बुधनी स्थित ट्राइडेंट कंपनी में काम करती है। 25-26 दिसंबर की रात को कंपनी से लौटने के दौरान आरोपियों ने सुनसान रास्ते पर पीड़िता से गैंगरेप किया। युवती ने मंगलवार शाम को ⏩ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी देवास जिले की रुबीना बी से उनकी संघर्ष की कहानी सुनकर हुए भावुक, कहा

# देश की 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का है 'सपना'



**गांव की महिला समृद्ध होगी तो देश समृद्ध बनेगा**

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीसी से हितग्राहियों से किया संवाद, मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में वीसी से जुड़े

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड, त्रिपुरा, राजस्थान और तमिलनाडु के हितग्राहियों से भी संवाद किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी व्यक्ति के जीवन में संघर्ष क्या होता है, खासकर एक अकेली महिला के लिए, यह कोई देवास की रूबीना बी से सीख व समझ सकता है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब रूबीना से उसकी दास्तां पूछी, संघर्षों के बारे में बात की तो वे खुद भाव-विह्वल हो गए। रुबीना ने बताया कि किस तरह से आजीविका मिशन से जुड़ी और स्व सहायता समूह के जरिए अपने पूरे परिवार को ⏩ शेष पेज 4 पर



रुबीना बी

### मोदी ने कहा मेरे पास एक साइकिल तक नहीं

पीएम ने रुबीना से कहा कि तुम्हारे पास मारुति वैन है और मेरे पास तो एक साइकिल तक नहीं है। इस पर समूह की सभी महिलाएं एक साथ हंस पड़ीं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के मध्यम से कार्यक्रम से जुड़े

### ऐसा रहा संवाद?

- पीएम : मैं स्वसहायता समूहों से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना चाहता हूं। क्या वे इन प्रयासों में उनकी मदद करेंगी?वे अपने समूह की कितनी महिलाओं को लखपति बनाना चाहेंगी?
- रुबीना : मैं देश की हर महिला को लखपति बनाना चाहूंगी।
- पीएम :यह तो राजनीतिक जवाब हो गया। ( यह सुनते ही ग्रुप की सभी सदस्य हंस पड़ी)
- रुबीना : वे आजीविका मिशन के तहत बने स्वसहायता समूहों से जुड़ी 1.03 लाख महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देना चाहती हैं।
- पीएम : यह आंकड़ा जरा दोहराएं।

### श्रीमती रूबीना ने बताया

**पहले 5 हजार के ऋण से फेरी लगाई, आज कपड़े की दुकान चलाती हैं**

श्रीमती रुबीना ने बताया कि वे वर्ष 2017 में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी। समूह में सबसे पहले उन्होंने ही 5 हजार का ऋण लिया और फेरी लगाकर कपड़े बेचने कार्य शुरू किया। कपड़े बेचने से आय बढ़ने लगी। उन्होंने इसके बाद समूह एवं बैंक से ऋण लेकर मारूति वैन खरीदी, जिससे गांव-गांव जाकर ⏩ शेष पेज 4 पर

अब रेसलिंग फेडरेशन का काम देखेगी तदर्थ समिति

आने वाले समय में रेसलिंग को लेकर सभी बड़े फैसले यही समिति करेगी

# बाजवा फिर बने चेयरमैन, ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट दो खिलाड़ियों को बनाया सदस्य

**पूर्व हॉकी कप्तान और ओलंपिक गोल्ड (1980 मॉस्को ओलंपिक) मेडलिस्ट एमएम सौम्या और पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुशा कंवर को भी समिति का सदस्य बनाया गया**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय के रेसलिंग फेडरेशन को सस्पेंड करने के बाद एक बार फिर भारतीय ओलंपिक संघ ने तदर्थ समिति का गठन किया है। यही समिति अब फेडरेशन का कामकाज देखेगी।

इस कमेटी का चेयरमैन भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा को बनाया गया है जो कि पिछली बार भी इस समिति की चेयरमैन थे। खेल मंत्रालय ने फेडरेशन को सस्पेंड ⏩ शेष पेज 4 पर



### खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए यह समिति

*आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा कि आईओए निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने और आईओसी के अनुसार खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए शासन मानदंडों के पालन को महत्वपूर्ण मानता है इसलिए एक तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। यह समिति रेसलिंग फेडरेशन का सारा* ⏩ शेष पेज 4 पर




3 कार्ययोजना बनाकर होगा समस्याओं का निराकरण...



7 श्री नारायण मिशन ने मनाया भव्य मंडला...



### एमआईसी ने रिजेक्ट किया तो तत्कालीन निगम कमिश्नर ने प्रेशर बनाकर परिषद से कराया था पास

# विगोटा से प्रेरित होकर बना बीआरटीएस, डिजाइन में छेड़छाड़ की तो 24 किमी के रूट में बन गए 14 डेथ पॉइंट, यही बना विवाद की वजह

आनंद सक्सेना ▶▶भोपाल

प्रदेश सरकार द्वारा मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में भोपाल से बीआरटीएस हटाने का निर्णय लिया गया। क्योंकि बीआरटीएस शुरू से ही विवादों में रहा है। विवाद का सबसे बड़ा कारण यह रहा कि बीआरटीएस की डिजाइन विगोटा कोलंबिया से लेकर तो आए, लेकिन इसमें काफी बदलाव कर दिए गए। इस बदलाव के कारण ही 24 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस में 14 डेथ पॉइंट बन गए।

बीआरटीएस के डिजाइन बैंगलोर की कंपनी ने पलाश होटल में प्रजेंटेशन दिया, जिसमें तत्कालीन ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने विरोध किया था कि बीआरटीएस के दोनों तरफ बस चलाने की जगह, उन्हें बीच में क्यों चलाया जा रहा है। यात्री कहां से आएंगे और रोड क्रास करने से दुर्घटना का शिकार होंगे। ट्रैफिक पुलिस की इस आपत्ति पर ध्यान नहीं दिया गया और 24 किलोमीटर बीआरटीएस में 14 डेथ पॉइंट बन गए।

हरिभूमि फॉलोअप

- बीआरटीएस की सबसे बड़ी कमजोरी लास्ट माइल कनेक्टिविटी न बनाना रही
- आरओबी और ओपन रोड होना भी बीआरटीएस के फेल होने का एक कारण रहा
- रोड क्रॉसिंग के कारण 24 किलोमीटर के कॉरिडोर में बन गए 14 डेथ पॉइंट
- सब-वे और फुटओवर ब्रिज कहीं भी नहीं बनाए गए, जिससे रोजाना ही दुर्घटना होती रहीं

*विगोटा कोलंबिया जाकर बीआरटीएस देखकर आए अधिकारी, लेकिन उस तरह बनाया नहीं*

*विगोटा में हैं एक साथ चार कॉरिडोर और कहीं भी क्रॉसिंग नहीं, इसलिए सफल रहा*




इस 'लोगो' से चलाई थी मुहिम

### लालघाटी ओवर ब्रिज और मेट्रो दोनों देर से काम शुरू हुए

बीआरटीएस बनने के साथ ही लालघाटी ओवर ब्रिज और मेट्रो के निर्माण कार्य शुरू होना थे, लेकिन यह दोनों काम देर से शुरू हुए और बीआरटीएस पहले बना दिया गया। 2011 में लालघाटी चौराहा और वीर सावरकर सेतु से बोर्ड ऑफिस चौराहे तक 3.6 किमी बीआरटीएस की डेडिकेटेड लेन बना दी गई। इससे मेट्रो और ओवरब्रिज का काम शुरू होने के बाद डेडिकेटेड लाइन हटा दी गई।



### यह हैं डेथ पॉइंट

मिसरोद चौराहा, चिनार बिल्डिंग, दानिश नगर चौराहा, बागसेवनिया चौराहा, नारायण नगर के पास सावरकर सेतु चौराहा, बाणगंगा चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, राजाभोज सेतु के पास वीआईपी रोड, जबकि सावरकर सेतु से बोर्ड ऑफिस तक डेडिकेटेड लेन खत्म होने से 5 पॉइंट खत्म हो गए हैं।

### कॉरिडोर से नहीं जोड़ी कॉलोनियां



बीआरटीएस बहुत अच्छा कांसेप्ट है और साउथ अमेरिका में सफलता पूर्वक चल रहा है, लेकिन भोपाल में बीआरटीएस को पार्टस में बना दिया, इसलिए सफल नहीं हुआ। इसे आसपास की कॉलोनियों से नहीं जोड़ा गया। यानी लास्ट माइल कनेक्टिविटी नहीं दी गई।

**वीपी कुलश्रेष्ठ**, जनरल सेक्रेटरी, (आईटीपीआई)

### सही से लागू कर ही नहीं पाए



बीआरटीएस एक बहुत ही अच्छी टेक्निक है, लेकिन सरकार पूरे सिस्टम को सही तरीके से लागू ही नहीं कर पाई। बीआरटीएस के बीच के चौराहे का डिजाइन ही नहीं किया गया। इससे बिना रुके हुए बसें चल ही नहीं पाईं। बसों का भी मेंटेनेंस न होने से उच्च वर्ग इससे नहीं जुड़ पाया।

**प्रो. सिद्धार्थ रोकड़े**, सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ, मैनिट

### डिजाइन को लेकर पहली बैठक में विरोध जताया था



बीआरटीएस का सबसे पहला डिजाइन वर्ष 2009 में पलाश होटल में आयोजित बैठक में बैंगलोर से आई कंपनी ने प्रेजेंटेशन देकर बताया था। उसी समय यह मैंने बता दिया था कि यह जल्दी फेल होगा। क्योंकि अंदर की कॉलोनियों से जोड़ा नहीं गया था। कोई भी व्यक्ति बस के लिए कैसे आएगा। बस स्टॉप बनाए गए, वहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं। बस स्टॉप के पास न तो सब वे बना और न ही फुटओवर ब्रिज। इस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं।

**एसएस लल्ली**, तत्कालीन डीएसपी, ट्रैफिक

### डिजाइन में छेड़खानी करने से इसे फेल होना ही था



तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर ने जब मेरे पास फाइल भेजी तो मैंने उसे एमआईसी से रिजेक्ट करवा दिया था। क्योंकि जिस प्रकार का डिजाइन दिखाया, उसमें कई खामियां थीं। इसके बाद उन्होंने परिषद से इसे सीधे पास करवा दिया। बीआरटीएस का उसी समय से विरोध चल रहा है।

**सुनील सूद**, तत्कालीन महापौर



बीआरटीएस में बसों को अंदर की जगह बाहर चलाने के लिए बनाया गया था, लेकिन अंदर बस स्टॉप बनाकर पूरा डिजाइन ही गलत हो गया। इससे बीआरटीएस शुरू से ही फेल हो गया।

**जीपी माली**, तत्कालीन उपायुक्त नगर निगम


### लाल बसों को बीआरटीएस के दोनों ओर चलना था और पूरा ट्रैफिक बीच में होना था पर हुआ उल्टा

राजधानी में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार ने बीआरटीएस बनाने के लिए वर्ष 2004 में राज्य सरकार को प्लानिंग बनाने को कहा। इसके बाद बीआरटीएस की कापी विगोटा कोलंबिया से की गई, जहां एक साथ चार बीआरटीएस हैं और कहीं भी क्रासिंग नहीं है। वहां से डिजाइन की कॉपी कर प्रदेश शासन के अधिकारी लेकर आए, लेकिन यहां आते ही डिजाइन में बदलाव कर दिया गया। बीआरटीएस में लाल बसों को बीआरटीएस के दोनों तरफ चलना था और ट्रैफिक को अंदर। तत्कालीन डीएसपी ट्रैफिक ने उसी दौरान कहा था कि बस बीच में चलाने से बीआरटीएस ज्यादा दिन नहीं चल पाएगा और यही हुआ।

### शुरू से हो रहा बीआरटीएस का विरोध


भोपाल नगर निगम के पास बीआरटीएस प्रस्ताव आया तो विरोध के स्वर भी उसी समय से मुखर होने लगे थे। क्योंकि लोगों ने शहर में इसकी उपयोगिता या उस तरह के प्रबंध होने पर आशंका व्यक्त की थी, जहां से यह प्रोजेक्ट लाया गया था। साथ ही अगर वहां के डिजाइन के अनुसार बीआरटीएस बनाया जाए तो उतनी जगह यहां नहीं थी। इसके बाद जब पलाश होटल में नगरीय प्रशासन विकास विभाग, नगर निगम अधिकारी और ट्रैफिक पुलिस को डिजाइन दिखाया गया तो वहीं से विरोध शुरू हो गया था। तत्कालीन महापौर ने बिना मंजूर के फाइल वापस कर दी थी।

### ट्रैफिक जाम से राहत मिलना चाहिए




बीआरटीस हटाने का निर्णय अच्छा है, लेकिन यह भी देखना होगा कि ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिले। तभी इसको हटाने का लाभ मिल सकेगा।

**धर्मेंद्र सिंह परिहार**, ठेकेदार



बीआरटीएस हटाना काफी जरूरी था। क्योंकि इस कारण होशंगाबाद रोड पर रोजाना ट्रैफिक जाम में फंस रहे थे। भोपाल में यह गैर जरूरी भी था।

**दीप्ति भटनागर**, काउंसलर



बीआरटीएस बनने के बाद इसे कई पार्टस में कर दिया गया। इससे यह खतरनाक हो गया और ट्रैफिक को परेशानी होने लगी थी। इसके हटने से ट्रैफिक आसान होगा।


**अक्षत श्रीवास्तव**, छात्र

---

### काम नहीं कर रहे गुर्दे, भोजन लेना बंद

## कान्हा से लाई गई बाघिन टी-40 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से इलाज के लिए वन विहार लेकर आए वृद्ध बाघिन टी-40 के गुर्दे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। बाघिन टी-40 को वन विहार स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है।

वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा किए गए हेमोटोलॉजिकल एवं सीरोलॉजिक परीक्षण में पाया गया कि बाघिन के गुर्दे ठीक तरह से कार्य नहीं कर रहे हैं। बाघिन टी-40 का डॉ. काजल जाधव, सहायक प्राध्यापक राज्य वन्यप्राणी फॉरेंसिक हैल्थ जबलपुर एवं डॉ. राजेश तोमर वन्यप्राणी चिकित्सक मुकुंदपुर जू से परामर्श अनुसार उपचार किया जा रहा है। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि बुधवार को डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा बाघिन टी-40 का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनकी रिपोर्ट अनुसार बाघिन ने 16 दिसंबर से भोजन लेना बंद कर दिया है। अधिक उम्र के कारण सतत उपचार के बाद भी बाघिन के स्वास्थ्य में वांछित सुधार नहीं हो रहा है। वर्तमान में बाघिन की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

बाघिन की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखकर समुचित उपचार किया जा रहा है।

### दसवीं के छात्र के सुसाइड का मामला

## युवक ने 32 कैलिबर पिस्टल से खुद को मारी थी गोली

परिजनों ने किया अंतिम संस्कार, बैलेस्टिक जांच के लिए पुलिस ने भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

फॉलोअप

कोलार में दसवीं के छात्र के सुसाइड के मामले में पुलिस की तफ्तीश जारी है। पुलिस ने सुसाइड वेपन को बरामद कर लिया है।

32 कैलिबर की पिस्टल आखिर कहां से युवक के हाथ तक पहुंची, जिससे उसने सुसाइड कर लिया। इसकी जांच के लिए बैलिस्टिक जांच करने के लिए भेजा गया है। फिलहाल परिजनों के बयान पुलिस ने अभी दर्ज नहीं किए हैं।

#### पड़ोसी बोले-पढ़ाई की टेंशन हो सकती है वजह

युवक की पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया है। वहीं पुलिस ने पड़ोसियों से भी चर्चा की है। उन्होंने बताया कि युवक काफी भावुक प्रवृत्ति का था। सुसाइड की वजह पढ़ाई का टेंशन हो सकता है। खुदकुशी करने से पहले छात्र ने अपने पिता को सॉरी पापा का मैसेज किया था। पिता ने फोन करके पूछा कि क्या हुआ तो बोला कि गलती से मैसेज चला गया। पिता ने कहा कि अकेले में मत रहना। इस बीच युवक ने गोली मार कर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है की जांच जारी है और यह पता चला है कि घर में पहले से ही पिस्तौल थी। यानी कि युवक के पास जानकारी थी कि सुसाइड करने के लिए घर पर हथियार है। इस पर भी परिजनों से पूछताछ की जाएगी।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## रेरा के बकायादार बिल्डरों से वसूली करने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



शहर में रेरा के बकायादार बिल्डरों से राजस्व वसूली करने अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को रेरा वसूली मांग पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि शहर की सात तहसीलों में कुल 218 वसूली के प्रकरण हैं, जिनमें बिल्डरों के द्वारा रेरा की बकाया राशि नहीं जमा की जा रही है।

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा की गई वसूली मांग पत्रों की समीक्षा में पता चला कि कोलार के कुल 109 प्रकरण हैं, जिनमें बिल्डरों को रेरा की बकाया राशि जमा करनी है, जबकि दूसरे नंबर पर हुजूर तहसील में 44 प्रकरण हैं। कलेक्टर ने सातों एसडीएम, तहसीलदार को वसूली के निर्देश दिए हैं।

#### समयावधि समाप्त होने वालों की कुर्की करें

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऐसे बकायादारों को नोटिस जारी किया जाए और समयावधि समाप्त होने पर राशि जमा न होने पर उनकी संपत्ति को कुर्क किया जाए। कुर्की की कार्रवाई के बाद संपत्ति की नीलामी की जाए। कलेक्टर ने बताया कि उनके इस कार्य की नियमित रूप से निगरानी की जाएगी, इसलिए जल्द से जल्द नोटिस देकर कार्रवाई शुरू की जाए।

### रैगिंग कमेटी की बैठक के बाद लिया निर्णय

## आरजीपीवी: दो गुटों बीच हुई मारपीट के मामले में चार स्टूडेंट्स निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय में बीते 20, 21 और 22 दिसंबर 2023 को छात्रावास तथा संस्था परिसर में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में बुधवार को रैगिंग कमेटी की बैठक हुई।



कमेटी ने कुछ छात्रों से पूछताछ की है। इस मामले में कमेटी की ओर से छात्रों को जारी आदेश में बताया गया है कि घटनाओं में प्रथमदृष्ट्या निम्नलिखित छात्रों की संलिप्तता प्रतीत होती है। इस लिए कुल चार छात्रों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की गई है। इन छात्रों को प्रोक्टोरियल बोर्ड/एंटी रैगिंग समिति की अनुशंसा के आधार पर जांच पूरी होने तक संस्था से निष्काषित किया गया है। इनमें गौरव चौधरी, अनिरुद्ध सिंह, हिमांशु तिवारी, मोहित राय का नाम शामिल है।

#### पूछताछ अभी जारी रहेगी

विवि प्रशासन के अनुसार इस मामले में अभी पूछताछ जारी रहेगी। प्रथम दृष्टया के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। आरजीपीवी के डायरेक्टर प्रो. एसएस भदौरिया के अनुसार अभी इस मामले में पूछताछ आगे भी की जाएगी। कमेटी ने चार छात्रों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की है।

### कल से नया पश्चिमी विक्षोभ, बादल-बारिश का प्रभाव बढ़ेगा

## आज से बढ़ेगा कोहरे का असर, रातें हो जाएंगी गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को दिन और रात के तापमान में मामूली घट-बढ़ रही। इसी बीच नए पश्चिमी विक्षोभ की आहट से कुछ जिलों में दोपहर बाद बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है।

29 दिसंबर से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे दो दिन में कई जिलों में बारिश, बादल और कोहरे का असर बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को कुछ जिलों में कोहरे का असर बढ़ेगा। इससे दृश्यता प्रभावित होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवा में नमी बढ़ने के साथ हवाएं बदलने से कोहरे का असर बढ़ेगा, जबकि 29 दिसंबर से नया पश्चिमी विक्षोभ आने से प्रदेश में बादल, बारिश और कोहरे का असर बढ़ेगा।

**खास बात**

- सबसे अधिक दिन का तापमान 30.2 उज्जैन और नर्मदापुरम में दर्ज

*विजिबिलिटी 50 से 500 मीटर तक रह सकती है*





#### आज यहां रहेगा घना कोहरा

गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, छतरपुर और निवाड़ी में कहीं कहीं मध्यम से घना कोहरा रहेगा। यहां विजिबिलिटी 50 से 500 मीटर तक रह सकती है। इसके साथ ही रीवा संभाग के जिलों में भी मध्यम से हल्का कोहरा रहेगा। साथ ही अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, पन्ना, दमोह जिले में भी कहीं कहीं हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। इससे दृश्यता 200 से 800 मीटर तक पहुंच सकती है।

#### सबसे कम रात का पारा बिजावर में 5.5 डिग्री

बुधवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा बिजावर में 5.5 डिग्री रहा। वहीं सबसे अधिक दिन का तापमान 30.2 उज्जैन और नर्मदापुरम में दर्ज किया गया है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में बढ़त सतना में 3 डिग्री की रही, यहां पारा 28 डिग्री रहा। रात के पारे में सबसे अधिक कमी रीवा में 2.6 डिग्री की दर्ज हुई है, यहां न्यूनतम पारा 7.6 डिग्री रहा।

## प्रस्ताव पास होने के बाद ही पार्किंग स्थल का शुल्क तय करेगा निगम

पार्किंग शुल्क के लिए नगर निगम ने किए हैं 42 स्थान चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

नगर निगम परिषद की बैठक जनवरी में होगी, जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग शुल्क का प्रस्ताव लाया जाएगा। परिषद में प्रस्ताव पास होने के बाद ही निगम पार्किंग शुल्क की वसूली शुरू करेगा। साथ ही परिषद ही नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों के लायसेंस शुल्क में भी वृद्धि की राशि तय करेगी। इसको लेकर एमआईसी की बैठक में सहमति बनी है। वहीं एक दर्जन प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई है।

परिषद में प्रस्ताव लाने से पहले एमआईसी बैठक गत दिवस आयोजित की गई। 16 मई 2022 से नगर निगम ने मल्टी लेवल और प्रीमियम पार्किंग को छोड़कर अन्य स्थानों को पार्किंग से मुक्त कर दिया था। साथ ही आरटीओ के माध्यम से एक मुश्त पार्किंग शुल्क वसूली की वसूली शुरू की थी। हालांकि 6 माह के अंदर आटो मोबाइल एसोसिएशन की याचिका पर कोर्ट ने इस पर स्टे लगा दिया था।

परिषद के प्रस्ताव में नर्सिंग होम्स व अस्पतालों के लाइसेंस शुल्क में वृद्धि करना भी शामिल



#### नर्सिंग होम: इस प्रकार लगेगा लाइसेंस शुल्क

50 बेड तक के नर्सिंग होम के वार्षिक लायसेंस शुल्क की दर पांच हजाी, 50 से 150 बेड तक के लिए 10 हजार और 150 से अधिक बेड के नर्सिंग होम या अस्पताल के लिए 25 हजार रुपए वार्षिक शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके लिए नगर पालिक निगम भोपाल के एक अगस्त 2022 के आदेश में संसोधन किया गया है। महापौर की अध्यक्षता में इस पर एमआईसी की बैठक में चर्चा के बाद अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है।

भोपाल

गुरुवार, 28 दिसंबर 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष–01
वर्ष : 10, अंक : 281
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com

**भारत ब्रांड के तहत देशभर में मिलेगा**



अभी चावल की औसत कीमत **43** रुपए किलो

## 25 रुपए प्रति किलो चावल बेचेगी सरकार

**चावल के दामों में आई तेजी को नियंत्रित करने की कोशिश**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार अब भारत ब्रांड के तहत 25 रुपए प्रति किलो पर चावल बेचेगी।

चावल के दामों में आई तेजी को नियंत्रित करने के लिए सरकार ऐसा कर रही है। सरकार पहले से ही इस ब्रांड के तहत आटा और दालें बेचती है। अभी देश में चावल की औसत कीमत 43 रुपए किलो है। इसे भारतीय नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

**6 नवंबर को भारत आटा किया था लांच**

*6 नवंबर 2023 को केंद्र सरकार ने 27.50 रुपए प्रति किलो की कीमत पर 'भारत आटा' लॉन्च किया था। इसे 10 किलो और 30 किलो के पैक में उपलब्ध कराया गया है। गेहूं की बढ़ती कीमत की वजह से यह फैसला लिया गया था। अभी देश में आटे की औसत कीमत 35 रुपए किलो है। नवंबर में अनाज की कीमतें बढ़कर 10.27% हो गईं, जिससे खाने-पीने की महंगाई* ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ केंद्रीय कैबिनेट ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले ◆ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी जानकारी

# पेराई वाले नारियल और नारियल गोला की एमएसपी में वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक की, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने 2024 सीजन के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी।

2024 सीजन के लिए एमएसपी में पिछले सीजन की तुलना में मिलिंग खोपरा के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल और बाल खोपरा के लिए 250 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि है। इसके अलावा पेराई वाले नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 375 रुपए प्रति क्विंटल और नारियल गोला गरी के एमएसपी में 300 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए पेराई वाले नारियल गरी के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 11,160 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नारियल गोला के एमएसपी को साल 2024-25 के लिए 12,000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। इस तरह 118 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



**मिलिंग खोपरा के लिए** 300 रुपए प्रति क्विंटल और बाल खोपरा के लिए 250 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि

**बिहार में दीघा से सोनपुर** गंगा नदी पर 6 लेन ब्रिज बनेगा, इस पुल के नीचे से बड़े जहाज निकल सकेंगे

**असम-त्रिपुरा व बिहार को दी ये बड़ी सौगातें**

रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने दो निर्णय लिए हैं। त्रिपुरा में खोवेई से हिरना तक के सड़क की मंजूरी दी गई है। इससे असम और त्रिपुरा के बीच आवागमन आसान होगा। नॉर्थ और साउथ त्रिपुरा के बीच भी दूरी कम होगी। इसका निर्माण ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट की तरह काम किया जा रहा है। इस पर 40,487 करोड़ खर्च होंगे और 25 महीने में इस काम को पूरा किया जाएगा। दूसरा बिहार में दीघा से सोनपुर गंगा नदी पर 6 लेन ब्रिज बनेगा, जिसमें 3 हजार करोड़ से ज्यादा की लागत आएगी। इस पुल के नीचे से बड़े जहाज निकल सकेंगे। इसे 42 महीने में पूरा किया जाएगा और इसे बनाने में 3,064 करोड़ रु. खर्च होंगे

**खबर संक्षेप**

### भिंड विधायक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**भोपाल।** भिंड से भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। ग्वालियर के एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को आठ साल पुराने अपहरण के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने नरेंद्र सिंह कुशवाह से कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था, लेकिन विधायक पेश नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी।



### इसरो: 1 को लॉन्च करेगा बड़ा मिशन

**नई दिल्ली।** पहले चंद्रयान और फिर आदित्य एल-1 लॉन्च करने के बाद इसरो 2024 में भी कमाल करने जा रहा है। 1 जनवरी को इसरो अंतरिक्ष में एक्स-रे स्रोतों के तीव्र ध्रुवीकरण की जांच करने के लिए अपने पहले एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को लॉन्च करेगा। यह भारत का पहला पोलारिमीटर मिशन होगा। यह दुनिया का दूसरा मिशन है। इसमें दुनियाभर की नजरें टिकी हुई हैं।



### रात को दिखा साल 2023 का अंतिम 'फुल मून'

**नई दिल्ली।** साल 2023 का आखिरी 'फूल मून' बुधवार रात देखा गया। सर्दी में दिखने वाले इस चांद को 'कोल्ड मून' कहा जाता है। यह साल की अंतिम पूर्णिमा है। शाम 7:33 बजे चांद सबसे अधिक चमकीला दिखा और पृथ्वी के काफी निकट रहा। इसे नासा के ट्विटर हैंडल पर ऑन लाइन या साइंस यूट्यूब चैनल पर भी देखा गया। बता दें फुल मून उस स्थिति को कहते हैं जब चंद्रमा अपने पूरे आकार में होता है। इस दौरान चांद पृथ्वी के निकट होता है।



*टॉप 10 की लिस्ट में 7 लड़कियों ने पाया स्थान, कुल 24 नाम आए सूची में*

# सतना की प्रिया ने किया टॉप, भोपाल की रुचि डीएसपी के पद पर रहीं टॉपर

**एमपी पीएससी 2019 के नतीजे**

यह अकेली चयन प्रक्रिया, जिसमें दो मुख्य परीक्षाओं का एक रिजल्ट

**87** प्रतिशत पदों पर चयन सूची जारी की गई है। ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में चलने के कारण 13 फीसदी पदों पर नियुक्तियां रोकी गई हैं।



मैहर की अदिति अग्रवाल का भी चयन



रामपुर की वीणा ने भी मारी बाजी

कुल 484 पदों के लिए चयन सूची जारी होनी थी, लेकिन इनमें से 12 पदों (दिव्यांग व अन्य कोटे) के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं मिले, इसलिए 472 पदों के लिए फाइनल परिणाम जारी हुआ।



प्रिया पाठक की सफलता के बाद इनके घर में जश्न का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/सतना

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2019 का अंतिम परीक्षा परिणाम मंगलवार देर रात जारी कर दिया है।

रिजल्ट में टॉप 10 की सूची में 7 लड़कियों ने स्थान पाया है। 87 प्रतिशत पदों पर चयन सूची जारी की गई है। ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में चलने के कारण 13 फीसदी पदों पर नियुक्तियां रोकी गई हैं। जारी परिणाम में सतना की प्रिया ने एमपी पीएससी में टॉप ▶▶ शेष पेज 4 पर



**रुचि अंडमान** निकोबार में आईएएस की ट्रेनिंग पर

भोपाल के पंचशील नगर की रुचि जैन ने एमपीपीएससी-2019 रिजल्ट में डीएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) के पद पर टॉप किया है। रुचि ने एमपी पीएससी की परीक्षा 2019 में दी थी। इसके बाद यूपीएससी-2020 में शामिल हुईं। इस परीक्षा को भी उत्तीर्ण करने के बाद अब वे वर्तमान में अंडमान निकोबार में आईएएस की ट्रेनिंग पर हैं। रुचि सरकारी स्कूल और कॉलेज में पढ़ी हैं।

**पहले तीन स्थानों पर छात्राओं का जलवा**

- डिप्टी कलेक्टर श्रेणी की सूची में पहले स्थान पर प्रिया पाठक
- दूसरी रैंक पर सिवनी की शिवांगी बघेल
- तीसरे स्थान पर पन्ना की पूजा सैनी

**टाप-10 में 7 लड़कियां**

87 प्रतिशत के आधार पर जारी ताजा परिणाम के अनुसार प्रिया पाठक राज्यसेवा-2019 की टॉपर बनी है। इनके बाद सूची में शिवांगी बघेल, पूजा सोनी, राहुल कुमार पटेल, निधि मिश्रा, हरनीतकौर कलसी, सौरभ मिश्रा, सलोनी अग्रवाल, रीतिका पाटीदार, आशुतोष महादेवसिंह ठाकुर के नाम है। इस तरह टॉप 10 में 7 लड़कियां हैं।

*टॉपर प्रिया ने दिया सक्सेस मंत्र...*

**फेल हों तो कोशिश न छोड़ें, फिर कोशिश करें**

सतना के नागौद की बडौरा निवासी प्रिया पाठक (27) ने एमपीपीएससी परीक्षा 2019 में टॉप कर जिले को गौरवान्वित किया है। परिवार खुशी के कारण पूरी रात सो नहीं पाया। सुबह होते ही दोस्तों और परिजनों के फोन घनघनाने लगे। प्रिया के पिता कृष्ण शरण पाठक नागौद के शासकीय विद्यालय में सहायक शिक्षक हैं। मां पुष्पा पाठक एक गृहिणी हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय प्रिया ने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्तों, केजी-1 से अब तक के टीचर्स ने मुझे मोटिवेट किया, उन्हें भी श्रेय जाता है। मैं युवाओं से यह कहना चाहूंगी कि किसी भी स्टेज पर फेल होते हैं तो भी कोशिश न छोड़ें। फिर कोशिश करें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रिया पाठक का कहना है कि खुद पर विश्वास रखा और अपनी तैयारी पर भरोसा किया। जो लक्ष्य तय किया था, उसे पाने के लिए पूरी कोशिश की और अब नतीजा सामने ▶▶ शेष पेज 4 पर

*जल्द हो सकती है गिरफ्तारी, भारत आने का रास्ता भी होगा साफ*

## महादेव बेटिंग एप के प्रमोटर को दुबई में किया नजरबंद

चंद्राकर महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप के दो मुख्य आरोपी मालिकों में से एक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महादेव बेटिंग एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को जल्द ही पकड़कर भारत लाया जा सकता है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने दुबई में चंद्राकर की लोकेशन का पता लगा लिया है और उसे नजरबंद कर दिया गया है। चंद्राकर महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप के दो मुख्य आरोपी मालिकों में से एक हैं। ये केस एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा हुआ है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच भी कर रहा है। चंद्राकर दुबई से ही अपने कारोबार को ऑपरेट करता है। चंद्राकर को बाहर निकलने की इजाजत नहीं है, क्योंकि वह फ्लाइट रिस्क है। महादेव एप केस एक हाई-प्रोफाइल घोटाला है, जिसमें एक ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म शामिल है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए पोकर, कार्ड गेम, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे तरह-तरह के खेलों में अवैध तरीके से जुआ खेलने का मौका मिलता है। इस एप का इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर लोग हारते ही थे।

**चंद्राकर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस**

*प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर इंटरपोल ने सौरभ चंद्राकर को लेकर एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। मिडिल ईस्ट के देश इस रेड कॉर्नर नोटिस पर ही कार्रवाई कर रहे हैं। खाड़ी देश के अधिकारी इंतजार कर रहे हैं कि एक बार फिर भारतीय अधिकारी चंद्राकर के भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दें, तो वे उसे तुरंत गिरफ्तार कर लें। भारत ने यूएई के साथ प्रत्यर्पण समझौता किया हुआ है, जिससे चंद्राकर को भारत लाना आसान होगा।*

**एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं**

## यूजीसी बोलाः छात्र एमफिल पाठ्यक्रम में न लें 'दाखिला'

◆ उच्च शैक्षणिक संस्थान एमफिल पाठ्यक्रम की पेशकश नहीं करेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एमफिल डिग्री को लेकर विश्वविद्यालयों को बड़ा निर्देश जारी किया है।

यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम पेश करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है और छात्रों को ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के प्रति आगाह किया। आयोग ने विश्वविद्यालयों से 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए ऐसे किसी भी एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लोक सभा चुनाव की तैयारी तेज**

## कांग्रेस ने मप्र से चरण सिंह सपरा को बनाया कोआर्डिनेटर

◆ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने 17 कोआर्डिनेटर नियुक्त किए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली कांग्रेस ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एआईसीसी ने 17 कोऑर्डिनेटर नियुक्ति किए हैं। मध्य प्रदेश से चरण सिंह सपरा को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट से मैथ्यू एंथोनी, असम से महिमा सिंह, आंध्र प्रदेश से बीआर अनिल कुमार, बिहार से आलोक शर्मा, छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**14 जनवरी से राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा'**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद ये नई यात्रा, 85 जिलों से गुजरेगी

## मणिपुर से आगाज... 14 राज्यों में 6200 किमी का सफर होगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक भारत न्याय यात्रा की तैयारी में हैं। आगामी 14 जनवरी से कांग्रेस पार्टी की भारत न्याय यात्रा शुरू होगी।

राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक जाएंगे। राहुल भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर ही जनसंपर्क की नई कवायद कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारतीय प्रदेश मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू होने वाली यात्रा 20 मार्च को खत्म होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि यात्रा के दौरान युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर मौजूद लोगों से बातचीत करने का प्रयास किया जाएगा।



**बस में यात्रा...इसी दौरान पदयात्रा भी**

वेणुगोपाल ने कहा कि भारत न्याय यात्रा 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। मणिपुर से शुरुआत के बाद कांग्रेस नेता नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी जाएंगे। सबसे अंत में भारत न्याय यात्रा महाराष्ट्र पहुंचेगी। मुंबई में 20 मार्च को यात्रा का समापन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**अयोध्या तक फ्लाइट 15 जनवरी से**

## 30 को पीएम मोदी करेंगे एयरपोर्ट का 'लोकार्पण'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। अयोध्या से नई दिल्ली व अहमदाबाद की सीधी फ्लाइट के बाद अब इंडिगो ने 15 जनवरी से अयोध्या व मुंबई के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा की है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण के होने साथ ही अयोध्या से दिल्ली व अहमदाबाद की फ्लाइट कनेक्टिविटी की घोषणा के ▶▶ शेष पेज 4 पर



**बाजार में लगातार दूसरे दिन रौनक**

## सेंसेक्स 72,000 के पार निफ्टी का भी नया रिकार्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को सभी प्रमुख इंडेक्स ऐतिहासिक हाई पर बंद हुआ। सेंसेक्स 72,000 के आंकड़े के पार जाने में सफल हुआ है तो निफ्टी 21,675 अंकों के नई हाई पर जा पहुंचा। बीएसई सेंसेक्स 701 अंकों के उछाल के साथ 72,038 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 206 अंकों के उछाल के साथ बंद हुआ है। कारोबार में बैंकिंग स्टॉक्स में खरीदारी के चलते 600 अंकों से ज्यादा की तेजी देखी गई और बैंक निफ्टी 48,347 के नए हाई पर जा पहुंचा।



*गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल*

इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाने के आरोप

# केंद्र सरकार ने 'मुस्लिम लीग' जम्मू-कश्मीर पर लगाया बैन, यूएपीए के तहत लिया गया एक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर ( मसर्रत आलम गुट) को गैर-कानूनी संगठन करार दिया है। यह जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स के जरिए साझा की है। गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में ▶▶ शेष पेज 4 पर



गृह मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा- ये लोग आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।



**किसी भी देशविरोधी को नहीं बख्शा जाएगा**

गृह मंत्री ने इसके साथ ही लिखा कि सरकार का संदेश जोरदार और स्पष्ट है कि हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उसे कानून के पूर्ण प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।

**मसर्रत आलम पर 27 एफआईआर दर्ज**

*मसर्रत आलम भट 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं, वह कश्मीरी कट्टरपंथी अलगाववादी समूह ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) का 2021 में अध्यक्ष बनाए गए थे। वह 50 आतंकी फंडिंग मामले में एनआईए द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में है। इससे पहले भी मसर्रत आलम* ▶▶ शेष पेज 4 पर

कोहेफिजा थाना पुलिस ने दोनों मामलों म दर्ज किया प्रकरण, चोरों को पकड़ने में जुटी

# दाता कॉलोनी में रहने वाले सरकारी कर्मचारी के घर पर चोरों का धावा सोने-चांदी के जेवरात समेत 50 हजार की नगदी लेकर चंपत हुए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कोहेफिजा स्थित दाता कॉलोनी में रहने वाले एक सरकारी कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। वारदात के समय गृहस्वामी शहर से बाहर गए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक असलम खान (62) सरकारी सेवक हैं और दाता कॉलोनी एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा में रहते हैं। सोमवार सुबह करीब पांच बजे गमी में शामिल होने ग्वालियर गए थे, जबकि घर पर उनकी बेटी थी। रात करीब पौने बारह बजे बेटी घर पर ताला लगाकर अपने घर ग्रीनवैली कॉलोनी चली गई थी। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वापस घर पहुंची तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारियां खुली पड़ी थी और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों में रखे जेवरात, सामान और नगदी 50 हजार रुपए नहीं थे। सूचना मिलने के बाद असलम ग्वालियर से भोपाल पहुंचे और बाद में थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि राजधानी में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है।

**खास बातें**

- दाता कॉलोनी एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा में रहते हैं असलम खान
- सोमवार को गमी में शामिल होने के लिए ग्वालियर चले गए थे



## सूने मकान से सोने और डायमंड के कीमती जेवरात चोरी, गृहणी घर में ताला लगाकर मां के घर गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

कोहेफिजा स्थित दाता कॉलोनी में रहने वाली एक महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने और डायमंड के कीमती जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के समय महिला अपनी मां के घर गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक फरद खान (48) चौबदारपुरा थाना तलैया में रहती हैं और गृहणी हैं। उनकी बेटी मारिया खान दाता कॉलोनी में किराए से रहती हैं। बीती 24 दिसंबर को शाम करीब चार बजे मारिया अपने मकान पर ताला लगाकर मां के घर चौबदारपुरा चली गई थी। मंगलवार सुबह करीब ग्यारह बजे मकान मालकिन ने मारिया को फोन करके बताया कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। उसके बाद मां-बेटी घर पहुंची तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। कमरों में रखी अलमारियां भी खुली हुई थी। चैक करने पर अलमारियों में रखे सोने और डायमंड के कीमती जेवरात तथा नगदी गायब थे। बदमाश कुल कितने का सामान चोरी करके ले गए हैं, इसका खुलासा सूची मिलने के बाद हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शराब के लिए अनाज के दुकान मालिक के साथ बदमाशों ने की अड़ीबाजी

**भोपाल।** तलैया इलाके में दो बदमाशों ने शराब के लिए एक युवक के साथ अड़ीबाजी की और रुपए नहीं देने पर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक मंगलवारा इलाके में रहने वाला यूसुफ (10) अनाज के दुकान मालिक हैं। सोमवार रात करीब आठ बजे वह इकबाल मैदान के पास था, तभी हमजा और तालिब उसके पास पहुंचे। हमजा ने शराब पीने के लिए यूसुफ से एक हजार रुपए मांगे तो उसने मना कर दिया। इस पर यूसुफ के साथ उसने मारपीट कर दी। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो दोनों धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। करीब एक महीने पहले भी आरोपी ने अड़ीबाजी की थी, लेकिन उस वक्त यूसुफ ने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खबर संक्षेप**



### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में बुधवार को तुलसी गार्डन में स्थित श्री शीतलकुंड बालाजी धाम पर श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। श्री राम मंदिर मधुबन कॉलोनी से बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां कथा व्यास आचार्य सूरज पाठक महाराज ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद् भगवत कथा का श्रवण करने से हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होता है।

### नागर को जन्मदिन पर शिवराज ने खिलाई मिठाई



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता और धाकड़ समाज के प्रदेश नेता गौरी शंकर नागर का जन्मदिन हर साल की तरह इस वर्ष भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधरोपण करके मनाया। इस अवसर पर चौहान ने गौरीशंकर नगर को मिठाई खिलाई। समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, कैलाश डब्बू नागर, जेपी शर्मा, बंटी तिवारी, राम अग्रवाल आदि ने शुभकामना दी।

### कृष्णा गौर के मंत्री बनने पर दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति केंद्र की अध्यक्ष आरती यादव ने भोपाल पहुंचकर कृष्णा गौर को मंत्री बनने पर बधाई दी और औबेदुल्लागंज आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर सरिता यादव, रीना यादव, कविता यादव, बबीता यादव, राधा कुशवाहा आदि उपस्थित थीं।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पटवा के पुण्यतिथि पर होगा सुंदरकांड का पाठ



**औबेदुल्लागंज।** पद्म विभूषित पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की सातवीं पुण्यतिथि पर विधायक सुरेंद्र पटवा के बंगले पर सुंदरकांड का पाठ सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद आरती कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी कन्हैया नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, हेमराज चौहान, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, जीतू नंदवंशी, लोकेश परमार, नीरज चावला आदि ने बताया कि भोजपुर क्षेत्र से हजारों शुभचिंतक पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे।

### रंजिश में बदमाशों ने आराधना निकेतन स्कूल के मैदान में घेर कर किया हमला

# वर्चस्व की लड़ाई में चाकू से एक दर्जन से अधिक वार कर युवक की निर्मम हत्या

- बागसेवनिया थाना पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला
- देर रात आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी थी, लेकिन नहीं मिले
- पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के कर रही हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बागसेवनिया इलाके में आराधना निकेतन स्कूल के पास मैदान में बीती रात चार बदमाशों ने एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। आरोपियों ने उसे आराधना निकेतन स्कूल के मैदान में घेरकर करीब एक दर्जन से अधिक चाकू से वार किए थे। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

एएसआई भूपेंद्र पाठक ने बताया कि भारत गटकने पिता हरिदास गटकने (28) अमराई परिसर, बागसेवनिया में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था। भारत पर पूर्व में आपराधिक अपराध थे और वह थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल था। भारत के भाई अजय गटकने ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब सवा 10 बजे के आसपास अमराई परिसर में रहने वाले तनिष्क, करण, आदिवाल और उसके दोस्तों ने भारत को आराधना स्कूल के पास मैदान में घेर लिया था और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। करीब दर्जन भर से अधिक जख्म देने के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और भाई को एम्स लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है, जबकि हत्या में और भी लोगों का नाम शामिल किया जा सकता है।



भारत गटकने, मृतक

**सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची**

अमराई परिसर में हत्या की सूचना तेजी से फैल गई थी। इसी बीच 100 डायल को भी सूचना मिली थी। 100 डायल और थाने से पुलिस बल पहुंचाया गया था। इस दौरान काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। लोगों को समझाइश देकर घर भेजा गया। पुलिस ने देर रात आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी थी, लेकिन वह नहीं मिले। पुलिस का कहना है कि विवाद वर्चस्व की लड़ाई के कारण हुआ है। हालांकि पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद ही विवाद की सही वजह सामने आ सकेगी।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित रेजीमेंट रोड पर रहने वाले एक युवक ने मंगलवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां से निजी अस्पताल ले गए। वहां युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मूर्चरी भेज दिया है। पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। एएसआई दुलीचंद रेहगर ने बताया कि शुभम शर्मा पिता कृष्ण गोपाल शर्मा (24) रेजीमेंट रोड, शाहजहांनाबाद में रहता था और प्राइवेट काम करता था। मंगलवार शाम उसने उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस का कहना है कि मरने से पूर्व शुभम के बयान नहीं हो सके है। इसके अलावा सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

### खेत में पानी लगा रहे किसान की करंट लगने से मौत

**भोपाल।** नजीराबाद थाना इलाके में खेत में पानी फेर रहे किसान की करंट लगने से मौत हो गई। घटना का पता तब चला जब स्वजन खेत पर पहुंचे थे। नजीराबाद थाने में एएसआई बेनीप्रसाद ने बताया कि ग्राम बरखेड़ी खुर्द निवासी 50 वर्षीय उधमसिंह बंजारा खेती करते थे। मंगलवार सुबह वह अपने खेत में सिंचाई करने पहुंचे थे। दोपहर में खाना खाने घर नहीं पहुंचने पर दोपहर करीब तीन बजे स्वजन खेत पर पहुंचे। उन्होंने उधमसिंह को अचेत पड़े देखा। उनके पैर में बिजली का तार चिपका हुआ था। किसी तरह तार को पैर से अलग हटाकर उधमसिंह को बैरसिया के सरकारी अस्पताल लाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उधमसिंह ने जूते-चप्पल आदि नहीं पहन रखा था। उनका पैर बिजली के तार पर उस जगह रख था, जहां से तार में कट लगा था। इस वजह से करंट लगने के कारण उनकी मौके पर मौत हो गई।

### शराबी ने किया जमकर गदर, फिर घर में फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पूर्व भी वह शराब के नशे में घर पहुंचे थे और गदर करने के बाद खुद को कमरे में बंद कर लिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई युसूफ खान ने बताया कि शंकर नगर, छोला निवासी सुनील सेन हेयर सलून का संचालन करते थे और शराब पीने के आदी थे। करीब पंद्रह दिन से वह शराब के नशे में घर पहुंच रहे थे और परिजन से विवाद कर जमकर हंगामा कर रहे थे। सोमवार रात भी वह शराब के नशे में घर पहुंचे थे। इसके बाद परिजन से विवाद किया। विवाद के बाद उन्होंने कमरे में खुद को बंद कर लिया था। मंगलवार सुबह परिजन ने कमरे में झांककर देखा तो उनका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## परिजनों के सामने पति ने कहा तीन बार तलाक

**एमपी नगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल





एमपी नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर उसके पति के खिलाफ गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और तीन तलाक का मामला दर्ज किया है। पीड़िता जब कोर्ट पेशी पर न्यायालय पहुंची, तभी आरोपी पति ने न्यायालय के बाहर उसके साथ अभद्रता करते हुए परिजनों के सामने तीन बार तलाक-तलाक बोला।

पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय महिला की शादी करीब पांच साल पहले अब्दुल रहीम के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति और ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे थे, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की कि दो महीने पहले वह पेशी के लिए कोर्ट पहुंची थी, तभी पति ने तीन तलाक-तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया था। पिछले दिनों पति ने केस वापस लेने का दबाव बनाया और मना करने पर परिजनों के सामने उसे एक बार फिर से तीन तलाक-तलाक बोलकर रिश्ता खत्म करने की बात कही। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ तत्काल केस दर्ज कर लिया है।



### भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वकर्मा का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

**भाजपा।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश विश्वकर्मा का जन्मदिन गोविंदपुरा विधानसभा के कार्यकर्ता ने उत्साह और आतिशबाजी कर मनाया। हिंदू परिषद के प्रांत के समरसता प्रमुख लोकेंद्र मालवीय, पुरुषोत्तम सिंह, भाविका मोटवानी, राकेश पाठक, मलखान सिंह समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने विश्वकर्मा का स्वागत कर बधाई दी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रेम तालाब और नानाखेड़ी पहुंची

## विधायक पटवा ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को भोजपुर विधानसभा के पंचायत प्रेम तालाब एवं ग्राम पंचायत मंडकासिया के नानाखेड़ी में आगमन हुआ। अवसर पर भोजपुर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा मोदी की योजनाओं एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया एवं ग्राम वासियों से विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलवाया।

इस अवसर पर पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर घर में विकास पहुंचाया है। संबल योजना, उज्ज्वला योजना, लाड़ली बहन, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित कई योजना घर-घर में पहुंचने से एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पटवा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विकास की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि यादव की योजना प्रदेश के उत्थान और विकास के लिए बना रही हैं। यात्रा में कन्यापूजन के साथ सांस्कृतिक आयोजन किए गए। बच्चों द्वारा देश भक्ति पर रोचक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल नंदवंशी, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मंडल उपाध्यक्ष दशरथ सिंह गुर्जर, राजेश पटेल प्रेम तालाब, मंडल उपाध्यक्ष माखन परमार, मंडल महामंत्री शंकरपाल, राम किशोर नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, पुरुषोत्तम शर्मा, हेमराज चौहान, खूबी लाल परमार आदि उपस्थित थे।





### सतलापुर में विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मंडीदीप।** औद्योगिक थाना सतलापुर क्षेत्र अंतर्गत भव्य सिटी में एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना बुधवार सुबह की है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को फंदे से उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची, जहां अंदर के कमरे में पंखे से महिला लटक मिली। उसने स्टूल पर चढ़कर फांसी लगाई थी, जो नीचे पड़ा थी।

मृतक पूनम साहू (28) का विवाह 11 वर्ष पूर्व प्रदीप साहू से हुआ था। उनके 2 बच्चे हैं। फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। परिजनों का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों से पता चला कि एक दिन पूर्व ही उन्होंने अपने घर की रजिस्ट्री करवाई थी। पति प्रदीप साहू बाहर गाड़ी साफ कर रहा था। वह भोपाल जाने की तैयारी कर रहे थे। पूनम अंदर के कमरे में तैयार होने गई थी, तभी उसने यह कदम उठाया।

**लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में दोपहर 12 से 5 बजे तक होता है जाप**

## पांच दिन तक महिलाएं रामधुनी का जाप कर नए साल का करेंगी स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंधी महिला पंचायत द्वारा आयोजित हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे धुनी का शुभारंभ हुआ। सुखमनी पाठ साहिब के वचन से शुरुआत धर्म गुरु मीरा देवी ने की। सुखमनी पाठ शब्द कीर्तन पल्लव अरदास हुई साथ ही धर्म गुरु पदमा उदासी ने प्रेम प्रकाश ग्रन्थ को विराजमान करवाया।

राम धुनी के साथ प्रेम प्रकाश ग्रन्थ का वचन भी रोज होगा। बुधवार से ग्रन्थ साहिब पढ़ना शुरू किया जो 31 दिसंबर को शाम 5 बजे भोग साहिब के साथ समापन होगा। इसमें नए साल का वेलकम भी किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक किरण वाधवानी ने बताया कि जो भी भगवान राम का नाम जपता है, उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। रामधुनी दोपहर 12 से 5 बजे तक लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में की जा रही है। बुधवार को रामधुनी में मीरा देवी, पदमा उदासी, किरण वाधवानी, नूतन लखवानी, मुस्कान कृपलानी, नैना वाधवानी, भावना कलवानी, माया बागवानी, लता लालवानी, विमला बागवानी, रितिका साधवानी आदि मौजूद रहे।



**पहले तीसरे दिन ही 13वीं करने की थी प्रथा**

## पगड़ी रस्म में 13वीं करने की शुरू की परंपरा पर पूज्य सिंधी पंचायत ने लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर



संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत ने अपने पदाधिकारियों की बैठक में जनहित में अनेक अहम फैसले किए है, ताकि नूतन वर्ष से पंचयात को सशक्त बनाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने की। सर्वप्रथम इष्टदेवता भगवान झूलेलाल जी के सुख, शांति से भरपूर बहिराणा साहिब की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डालने के लिए 1 जनवरी को विश्व बहिराणा दिवस झूलेलाल मंदिर एच वार्ड में प्रातः 11 बजे मनाया जाएगा। पंचायत महासचिव माधू चांदवानी के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीआरटीएस को हटाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्र के विधायक श्रामेश्वर शर्मा के प्रयासों के लिए पंचायत दिल से बधाई देगी।

### पगड़ी रस्म हाल शीघ्र शुरू कराया जाए

पंचायत ने यह भी निर्णय लिया है कि विधायक द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय बोरवन में नवनिर्मित पगड़ी रस्म हाल को यथा शीघ्र शुरू करवाया जाए, ताकि पगड़ी रस्म के लिए मातृशक्ति एवं नगरवासियों को भटकना न पड़े। बैठक में यह भी बताया गया कि पंचायत द्वारा दिव्यगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों उनके परिवार वालों को पंचायत के निर्णय से अवगत कराया जाता है कि वें 13वीं का आयोजन बारहवें दिन करें न कि तीसरे दिन और केवल रिश्तेदारों को ही 13वीं पर आमंत्रित करें। इस पर परिवार वालों की भी सहमति मिल रही है और तीसरे दिन तेरहवी की प्रथा खत्म हो जाएगी। बैठक में नरेश तोलानी, भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, राज मनवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

## 350 से अधिक महिलाओं ने तहसील कार्यालय का किया घेराव, उचित विस्थापन की रखी मांग

**रेलवे ने अतिक्रमण हटाने 288 परिवारों को दिया है नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडीदीप

औद्योगिक नगर में रेलवे की भूमि पर काबिज लगभग 288 परिवारों के साढे तीन सौ से अधिक महिला पुरुषों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने उचित विस्थापन की मांग को लेकर तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा। तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार प्रीति नागेंद्र ने उनके ज्ञापन लिए। उन्होंने महिलाओं को उनकी मांगों को संबंधित अधिकारी तक पहुंचा कर उचित समाधान का विश्वास दिलाया। इसके बाद महिलाओं ने तहसील परिसर छोड़ा।



उल्लेखनीय है कि मंडीदीप रेलवे स्टेशन के किनारे वार्ड 7 और 10 में 288 मकान रेलवे की सीमा में बने है। जिन्हें पश्चिम मध्य रेल सहायक मंडल अभियंता भोपाल की ओर से नोटिस जारी कर 10 दिन में जगह खाली करने के लिए कहा गया था। नोटिस की अब दी गई समयावधि समाप्त हो गई है। नोटिस के करण रह वासियों की नींद उड़ी हुई है। रहवासियों का कहना है कि वे वर्षों से यहीं रह रहे हैं अब कहाँ जाएं। स्थानीय रहवासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक और सरकार से उचित व्यवस्थापन की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ ने बैठक में दिया लेखा-जोखा का ब्यौरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ की कार्यकारिणी बैठक अरेरा क्लब में विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में हुई। संघ महासचिव सुनील भार्गव और कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार मित्तल ने लेखा-जोखा पेश किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर लघु उद्योगों की समस्याएं बताकर निराकरण की मांग करेंगे। बैठक में गौरव कौशिक ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज, जयश्री कवर ने एंप्लॉयबलटी तथा करुणा जैन ने म्यूटुअल फंड पर व्यख्यान दिए।

### एनएलआईयू और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में एमओयू



**भोपाल।** राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इससे दोनों संस्थानों में प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सक्रिय समन्वय से कानून से सम्बन्धित जानकारियों से संस्थान में प्रशिक्षण की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी तथा निरंतर शैक्षिक गुणवता का विकास होगा। एमओयू पर आयकर अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजकुमार घोष और विधि संस्थान की ओर से वाइस चांसलर डॉ. एस. सूर्य प्रकाश ने हस्ताक्षर किए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से विष्णुदत्त ने किया संवाद

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को भोपाल के बरखेड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने महिलाओं और बेटियों के सशक्तीकरण के लिए जो प्रयास बीते सालों में किए थे, अब उनके परिणाम दिखाई देने लगे हैं। बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। राज्य सेवा परीक्षा-2019 के परिणामों ने भी इस पर मोहर लगा दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राज्य सेवा परीक्षा-2019 में चयनित परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों की बैठक में लक्ष्य तय

# लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने व 51 फीसदी वोट हासिल करने काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

*मतदाता वंदन, कार्यकर्ता अभिनंदन, मोदी का धन्यवाद, राजनीतिक प्रस्ताव पारित*

*कार्यकर्ता नमो एप से जुड़कर 100 डे चैलेंज में 10 लोगों को जोड़ेंगे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने बुधवार को तय किया कि विधानसभा चुनाव में 48.62 प्रतिशत वोट शेयर भाजपा को प्राप्त हुआ है, इसे 2024 के लोकसभा चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक पर लेकर जाना है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्य करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव और हर बूथ पर जाकर जनता से संपर्क करें। उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश भर के संगठन पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक को केंद्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, सभी जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला महामंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश एवं जिला टोली के पदाधिकारी प्रभारी व सह प्रभारी मौजूद थे।

बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री हितानंद, नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल ने संबोधित किया।



#### कम से कम एक हजार लोगों को पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाएं: बंसल

*लघु कार्य समिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक हजार लोगों को लाभ दिलाएं। इस योजना में 18 वर्ग शामिल किए गए हैं। विधानसभा स्तर पर पार्टी एक समिति बनाएं और वह समिति गांव-गांव जाकर इस योजना के पात्र व्यक्तियों से संपर्क कर पोर्टल पर उनका नामांकन कराएं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस योजना के लिए 13 हजार करोड़ का बजट रखा है।*



#### संगठन की ताकत से जीता विधानसभा चुनाव: शर्मा

*प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल रणनीति तथा संगठन की ताकत से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल हुई है। लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे, उनके हाथ मजबूत करेंगे।*

#### बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनेंगे कार्यकर्ता

*पदाधिकारियों ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता नमो एप से जुड़ें। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश पदाधिकारी तक नमो एप में विकसित भारत एंबसेडर बनें और 100 डेज चैलेंच लें। हर कार्यकर्ता नमो एप से कम से कम दस ऐसे व्यक्तियों को जोड़ें।*

#### अजा, अजजा का भाजपा को साथ

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंसल ने कहा कि मप्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बीच भी भाजपा ने 2018 से बेहतर प्रदर्शन किया है।

#### जनता को बताएं संकल्प-पत्र के हर वादे को पूरा करेगी सरकार: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो संकल्प-पत्र जारी किया है, उसके हर वादे को पूरा किया जाएगा। पांच वर्ष के लिए सरकार बनी है, पांच वर्ष के अंदर सभी वादे पूरे कर लिए जाएंगे, यह बात भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर बताएं। सरकार जनवरी से रजिस्ट्री के बाद अपने आप नामांतरण की व्यवस्था लागू कर रही है, इससे जनता को नामांतरण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और शासन व्यवस्था में और सुचिता आएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को और प्रभावी तरीके से लागू करके हर जिले में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोलने के साथ छात्रों के दस्तावेजों के लिए डिजी लॉकर की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला विराजमान होंगे, इसके लिए राज्य सरकार 21 जनवरी से ही अयोध्या जाने वाले प्रदेशवासियों पर राज्य की सीमाओं पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन करेगी।*

#### विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में रखा राजनीतिक प्रस्ताव

*मप्र विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव रखा। इसमें प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, मध्यप्रदेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सुशासन, विकास, गरीब कल्याण के कार्य, महिला, युवा, किसान और गरीबों के लिए भाजपा की कल्याणकारी नीतियां, सभी वर्गों का भाजपा के प्रति विश्वास ही है जो मप्र की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को अब तक का सबसे सर्वाधिक मत देकर प्रचंड बहुमत से जिताया है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद और कोटि-कोटि आभार। साथ ही मप्र की जनता जनार्दन का वंदन और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हैं। प्रस्ताव का समर्थन प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक चिंतामणि मालवीय, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और विधायक मनीषा सिंह ने किया।*

### राजस्व विभाग के मैदानी अमले की जवाबदेही तय

# कार्ययोजना बनाकर होगा समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम जनता के राजस्व से जुड़े कार्यों जैसे नामांतरण, बंटवारा, मालिकाना हक आदि का निराकरण करने के लिए मैदानी अमले की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएं। कार्ययोजना बनाकर राजस्व प्रकरणों को हल करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय कक्ष में एक बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकतम प्रयोग के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में साइबर तहसील व्यवस्था, संपदा पोर्टल के उपयोग, राजस्व विभाग में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल और राजस्व समस्याओं के स्थल पर निराकरण के संबंध में चर्चा हुई। प्रमुख सचिव राजस्व ने विभाग में किए गए नवाचारों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मप्र में राजस्व सुधारों के लिए की गई प्रशंसा से भी अवगत कराया।

#### सीएम डॉ. मोहन ने दिए दिशा-निर्देश

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पारदर्शिता से कार्यों का संपादन हो। प्रशासन में आईटी का अधिकतम प्रयोग किया जाए। शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं हल करें। ऑन-द-स्पॉट समाधान की कार्रवाई हो। पटवारी अपने मुख्यालय ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम करें। राजस्व कर्मचारियों की जवाबदेही तय करें। विभागीय स्तर पर दिखाई देने वाली कमियां दूर करें। नागरिक परेशान न हों, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करें। लंबित कार्यों की सतत समीक्षा करें। अभियान संचालित कर समस्याओं का निराकरण करें। जहां आवश्यक हो, पुलिस बल का सहयोग लेकर नागरिकों की राजस्व दिक्कतें हल करें।*

### कलेक्टर ने दीनदयाल रसोई के संचालन का देखा प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर आशीष सिंह व महापौर मालती राय की उपस्थिति में आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की और जिले के नगरीय क्षेत्रों में स्थायी एवं चलित दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन के लिए आमंत्रित निविदा में संस्थाओं के चयन हेतु निविदाकारों के प्रस्तुतिकरण को देखा।

बैठक में निगम की अपर आयुक्त टीना यादव व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मप्र के अगले मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से अनुराग जैन को लेकर चर्चाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के मुख्य सचिव को लेकर एक बार फिर से चर्चाएं शुरू हो गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अफसर अनुराग जैन को मप्र के मुख्य सचिव की दौड़ में आगे माना जा रहा हैं। अभी वे केंद्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ हैं। एक खबर यह भी है कि उन्हें केंद्र में ही कैबिनेट सेक्रेटरी बनाया जा सकता है।




#### बुधवार को कार्यक्रम में भोपाल आए अनुराग

*हालांकि अनुराग जैन सक्रियता से मप्र आने की संभावना बढ़ गई है। बुधवार को जब वे एक कार्यक्रम में भोपाल पहुंचे तो संभावना जताई जाने लगी कि जैन की मप्र में वापसी होने वाली है। हालांकि अभी यह सिर्फ कयास माना जा रहा है। यह भी चर्चा है कि उनकी यह यात्रा इसी मकसद से जुड़ी हुई हो सकती है। वे नेशनल हाईवे पर एक कार्य का निरीक्षण करने भी गए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे भोपाल में प्रमुख लोगों से मिल सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जब दिल्ली यात्रा पर थे, तो अनुराग जैन की मुलाकात उनसे हुई थी। तभी से कयास लग रहे हैं कि वे मध्यप्रदेश के अगले मुख्य सचिव हो सकते हैं।*

### '296 करोड़ वाला व्यक्ति 12 लाख रुपए छोड़ दे तो कौन सी बड़ी बात है'

**भोपाल।** पूर्व सीएम उमा भारती ने विधायक और मंत्री चेतन्य कश्यप को नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मंत्री चेतन कश्यप ने अपनी संपत्ति 296 करोड़ घोषित की हैं। वो अपना विधायक का वेतन नहीं लेते जो साल का करीब 12 लाख रुपए होता है। उमा भारती ने लिखा कि 296 करोड़ रुपए वाला व्यक्ति अगर सरकार के 12 छोड़ देता है तो इसमें कौन सी बड़ी बात हैं। उन्होंने आगे लिखा कि चेतन्य कश्यप सरकार को वेतन वापस करने के बजाए यह राशि अभावग्रस्त लड़कियों की शिक्षा पर खर्च करें।



### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# प्रकोष्ठों की बैठक में बोले पटवारी- लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं, अभी भी हमारे सामने संघर्ष है

**पीसीसी अध्यक्ष बनने के बाद 5 विभागों और 50 प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ बैठक कर चुके पटवारी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के लगभग 15 विभागों और 50 प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। बैठक के बाद पटवारी ने अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन चर्चा की।

पटवारी ने कहा कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करें। लोकसभा चुनाव हमारे सामने हैं हम सभी को मिलकर काम करना है।

#### विभाग प्रकोष्ठ की संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका

बैठक में विभागों और प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया ने कहा कि मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ तन्मयता के साथ काम कर रहे हैं। पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने कहा कि नए प्रदेश अध्यक्ष बनने से नौजवानों में अद्भुत ऊर्जा, जोश और उमंग का संचार हुआ है, निश्चित ही संगठन को मजबूती मिलेगी। संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि मप्र कांग्रेस कमेटी में कार्यरत विभाग और प्रकोष्ठ की संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आयुर्वेद से आयुष्यमान | रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

प्र. मैं एक विद्यार्थी हूं, हमारे वैद्य ने मुझे हाईटॉप सिरप लेने की सलाह दी है, मुझे हाईटॉप कहां मिलेगा? –आलोक, नरसिंहपुर.
उ. रतन आयुर्वेदिक का 'हाईटॉप' सिरप आपको किसी भी आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर मिल जाएगा। आप इसे सुबह-शाम नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। साथ ही सूर्य नमस्कार एवं ताड़ासन करें।

प्र. मुझे शरीर में आकर्षण की कमी महसूस होती है, कृपया उपाय बताएं। –एक पाठिका, सागर.
उ. अपनी समस्या हेतु आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल से रोज दो बार मालिश कर सकते हैं। चाहें तो 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स भी दूध के साथ सेवन कर सकते हैं।

प्र. मेरी आयु ३५ वर्ष है। मैं खूनी बवासीर से ग्रस्त हूं। शौच के समय बहुत दर्द होता है। आयुर्वेदिक उपचार लिखें। –अजय, बस्तर.
उ. भोजन में तरल पदार्थों की कमी और कम पानी पीने के कारण कब्ज की समस्या होती है जो कालान्तर में बवासीर में बदल सकती है। आप रतन्स 'पाईल्सोल' कैप्सूल २-२, सुबह-शाम पानी से नियमित सेवन कर सकते हैं। पानी खूब पिया करें।

प्र. मेरा बेटा बिस्तर पर पेशाब करने की समस्या से ग्रस्त है। दवा सुझाएं। –आर. वर्मा, भिलाई.
उ. समस्या हेतु आप उन्हें रतन्स 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच दिन में दो बार नियमित रूप से दे सकते हैं। यदि आवश्यकता महसूस हो तो मनोचिकित्सक की सलाह लें।

प्र. मुझे शरीर में भारीपन महसूस होता है, हमेशा कई समस्याएं फेस करना पड़ती है। –शिवानी, मंडला
उ. आप रतन के 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम सेवन कर सकते हैं। योगा या व्यायाम करें एवं मीठे, तले-भुने भोजन से परहेज करें।




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
UIN:IRDAN126RP0001V01201617

रबी 2023–24
फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित

रबी मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : गेहूं-सिंचित, गेहूं-असिंचित, चना, अलसी, मसूर एवं राई/सरसों



वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :
- सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल pmfby.gov.in द्वारा ही स्वीकृत होगी।
- प्रीमियम राशि केवल NCI-Portal के भुगतान गेटवे Pay-Gov. द्वारा ही भेजी जाए।
- सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है।

किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 1.5%

बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
- बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
- ग्राहक सेवा केन्द्र/कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
- फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
- क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
- ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज

बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/12/2023

आवश्यक प्रपत्र :
- आधार कार्ड
- बैंक पासबुक की छायाप्रति
- भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)

PMFBY हेल्पलाइन – 14447

भारतीय कृषि बीमा कंपनी | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011 फोन : 0755-2700180 ई-मेल: ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023, सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindiato aicofindia aicofindia
निःशुल्क सहायता सेवा नंबर 1800 570 7115 1800 233 7115
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥



सीबीएसई नेशनल हॉकी में साई के मैदान पर चल रहे रोमांचक मुकाबले

# श्रीराम विद्या मंदिर हरिद्वार ने बाबा करेड़ा स्कूल मथुरा को 11-0 के बड़े अंतर से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल







श्री भवंस भारती स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी अंडर-19 बॉयज एंड गर्ल्स प के दूसरे दिन साई के दोनों ही मैदानों पर मैच खेले गए। ग्राउंड वन पर गर्ल्स का पहला मुकाबला कृष्णा पब्लिक स्कूल छत्तीसगढ़ एवं सच्चिदानंद स्कूल तमिलनाडु के बीच खेला गया, जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल ने सच्चिदानंद को 14-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय गाजियाबाद एवं बाबा कादेड़ा स्कूल मथुरा के बीच खेला गया, जिसमें श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय ने यह मुकाबला 5-0 से जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला कोडागु विद्यालय एवं मॉडर्न स्कूल सेंट्रल जोन दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें कोडागु विद्यालय ने यह मैच 1-0 से जीत लिया। इसके साथ ही दिन का चौथा मुकाबला श्रीराम विद्या मंदिर हरिद्वार ने बाबा करेड़ा स्कूल मथुरा को 11-0 के बड़े अंतर से हराकर सभी का ध्यान खींचा। साई ग्राउंड के दूसरे मैदान पर खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में पहला मुकाबला डिवाइन चाइल्ड स्कूल एवं बसवेश्वर इंटरनेशनल स्कूल कर्नाटक के बीच खेला गया, जिसमें डिवाइन चाइल्ड स्कूल ने यह मुकाबला 8-0 से जीत लिया। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल नालंदा एवं ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें यह मुकाबला ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ छत्तीसगढ़ में 9-0 से जीत लिया। दिन का तीसरा मुकाबला गंगा इंटरनेशनल एवं जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल गाजियाबाद के बीच खेला गया, जिसमें जेकेजी इंटरनेशनल ने यह मुकाबला 9-0 से जीत लिया। दिन का अगला मुकाबला श्री राम विद्या मंदिर हरिद्वार एवं आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें श्री राम विद्या मंदिर हरिद्वार ने यह मुकाबला 6-1 से जीत लिया। दिन का सातवां मुकाबला चंदन बाल विकास स्कूल पानीपत एवं सोमिला इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें चंदन बाल विकास में यह मुकाबला 6-0 से जीत लिया।

वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल में लहराया परचम

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय की जीत से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में यूनिवर्सिटी ऑफ़ राजस्थान में आयोजित की जा रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2023-24 में एलएनसीटी विवि ने महर्षि अरविंद विवि जयपुर को 29-15 से हरा कर जीत से शुरुआत की। विवि की टीम में नरेंद्र सिंह , अभिषेक खन्ना , पंकज शाह, नागेश्वर रैकवार, राजीव सिंह , आसिफ अयूब , पंकज खीरैया , प्रतीक सिंह, विनायक शर्मा, आदित्य पटेल, योगेश्वर रैकवार शामिल हैं। टीम का कोच निखिल हवाडिया को नियुक्त किया गया था। सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन पर कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी , डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता ईडी एलएनसीटी, प्रोफेसर डॉ. एनके थापक वीसी, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय डॉ. बी.एस. पवार प्राचार्य डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, तन्वंत सिंह, महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दी।

**मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट**

# रेलवे मास्टर्स ने कस्तूरबा इलेवन को 59 रन से हराया

**भोपाल।** स्पोर्ट्स क्लब ऑफ़ भोपाल द्वारा आयोजित मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को मास्टर्स ग्रुप में रेलवे मास्टर्स और कस्तूरबा इलेवन के बीच मैच खेला गया जिसमें, रेलवे मास्टर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया। रेलवे मास्टर्स ने तय 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 205 रन बनाए, जिसमें समी ने 88, जी सतीश ने 20, अनिल ने 19 रन बनाए, जबकि संतोष घराना ने 17 रन बनाए। कस्तूरबा इलेवन की तरफ से सोनू, पुष्पेन्द्र और मयंक ने दो-दो विकेट लिए । जवाबी पारी खेलने उतरी कस्तूरबा इलेवन की टीम ने 20 ओवर मे 7 विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। इसमें पुष्पेंद्र ने 43, रामेन्द्र राज ने 23, मनीष पाटिल ने 18 रन बनाए, जबकि संजय अहिरवार ने 17 रन की पारी खेली। रेलवे मास्टर्स की तरफ से रविन्द्र सिंह परमार ने 3, जी सतीश ने 2 जबकि अमनदीप ने एक विकेट लिया। समी को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

# सौम्या की कप्तानी पारी से मध्य प्रदेश सेमीफाइनल में

**भोपाल।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित महिला 23 टूर्नामेंट के अंतर्गत डेलीकालेज ग्राउंड इन्दौर में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में मप्र ने कर्नाटक को 27 रन से हराकर सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है।

**महिला 23 टूर्नामेंट में कर्नाटक को 27 रन से हराया**



भोपाल की सौम्या तिवारी की कप्तानी में खेले गए डेली कॉलेज ग्राउंड इन्दौर में खेले गए इस मैच में मध्य प्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 123 रन बनाए। इनमें सौम्या ने कप्तानी पारी खेलते हुए एक बार फिर 39 गेंदों पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। वहीं अनुष्का शर्मा 6, कनिष्क ठाकुर के 20 रन पर आउट होने के बाद क्रीज पर आई कप्तान सौम्या तिवारी ने धैर्य का परिचय देते हुए नाबाद 42 गेंदों पर 39 रन ठोके और उन्होंने 3 चौके भी लगाए। वहीं कल्याणी जाघव ने 42 रन बनाए और सौम्या का बखूबी साथ दिया। इसके साथ ही संस्कृति गुप्ता ने 5 रन का योगदान दिया। कर्नाटक की गेंदबाज अदिति, राजेश, पूजा कुमारी, अनन्या ने एक-एक विकेट लिया।

## 123 के जवाब में 96 पर ढेर हुई कर्नाटक की टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक की पूरी टीम 96 रन पर ही ढेर हो गई। उसके बल्लेबाज थोड़ा-थोड़ा अंतराल से आउट होते चले गए और पूरी टीम आउट हो गई। कप्तान बिंद्रा दिनेश 17, निक्की प्रसाद, 27 और मिथिला विनोद ने 21 रन बनाए। वहीं मध्य प्रदेश ने कसी हुई बॉलिंग का प्रदर्शन किया। मप्र की गेंदबाज वैष्णवी शर्मा ने 5, धानी ने 2, संस्कृति गुप्ता ने 1 और सूची उपाध्याय ने भी 1 विकेट लिया।

## जैकेट का शेष

### डंपर से टकराई बस...

घाटी पर यात्री बस सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई और उसके बाद उसमें विस्फोट के साथ आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर एसपी और कलेक्टर भी पहुंच गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि डंपर से टकराने के बाद बस में आग लगी है।

**यात्रियों ने कहा...अनफिट थी बस:** हादसे का एक कारण बस अनफिट होना बताया जा रहा है। घायल यात्री मोहन सिंह ने बताया कि बस खस्ताहाल स्थिति में थी और बस जैसे ही सेमरी घाटी पर पहुंची वहां सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई।

### स्कूल प्रतिनिधियों...

में दिशा-निर्देश जारी किए है। जारी आदेश में कहा गया है कि शीतकाल एवं ग्रीष्मकाल में अत्यधिक ठंड अथवा गर्मी पड़ती है। इसके कारण से शाला समय में परिवर्तन की आवश्यकता होती है। पूर्व में इस संबंध में जारी किये गये सभी निर्देशों को निरस्त कर दिया गया है। शीतकाल में तापमान गिरने, शीतलहर चलने और कोल्ड डे होने एवं गीष्मकाल में अधिक तापमान होने, हीट वेव होने की स्थिति में स्कूलों के समय में परिवर्तन संबधित आदेश स्वतः संज्ञान लेकर नहीं जारी किए जाएं।

### 35 लाख तेंदूपत्ता...

संग्राहकों को आर्थिक लाभ होगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पिछले वर्ष के मुकाबले अब 162 करोड़ रुपए का अतिरिक्त पारिश्रिमिक मिलेगा।

### नर्मदापुरम में गैंगरेप...

कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। नर्मदापुरम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 4 आरोपियों में 2 की उम्र 18 साल से कम है। बुधवार को राजस्व और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, एसडीओपी पराग सैनी सहित पुलिस और नगर पालिका का अमला मौजूद रहे।

### देश की 2 करोड़...

रोजगार से जोड़ा। आज रुबीना बी लखपति दीदी के साथ ही आंत्रप्रेन्योर बन गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से मप्र में देवास जिले की श्रीमती रूबीना बी से वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने कहा कि देश में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में से कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनना मेरा सपना है। गांव की महिला समृद्ध होगी तो देश समृद्ध बनेगा। देश की माताओं और बहनों का आत्मविश्वास ही देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में कार्यक्रम में वीसी से जुड़े।

**जो हकदार है उसे हक दिलाना एक पुण्य का कार्य :** मोदी ने कहा कि यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

### पहले 5 हजार के...

कपड़े एवं कटलरी का सामान बेचने लगी। फिर उन्होंने बैंक से ऋण लेकर टवेरा गाड़ी खरीदी, जिससे उनके बेटे को भी रोजगार मिला। मारुति एवं टवेरा से फायदा होने पर रुबीना बी ने रेडिमेड कपड़े की दुकान देवास में खोली। रुबीना बी आज 20 से 25 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं।

### बाजवा फिर बने...

करने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ से कुश्ती संघ का कामकाज देखने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा था। बाजवा के अलावा पूर्व हॉकी कप्तान और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट एमएम सौम्या और पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुशा कंवर को भी समिति का सदस्य बनाया गया है।

### खिलाड़ियों के हितों ...

*कामकाज देखेगी। इसमें खिलाड़ियों के सिलेक्शन, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में उनकी एंट्री, राष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामेंट्स का आयोजन, बैंक अकाउंट्स हैंडल करना और वेबसाइट मैनेज करने जैसे काम शामिल हैं।*

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज



सफेद दाग
CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संयम कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कफ़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**आवश्यकता**

छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15,000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262
R- 27/12 to 30/12/23

Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/ फुलटाईम घर बैठे SMS Job करके लड़के/लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीन लैपटॉप मोबाइल मुक्त नाम पता Whatsapp करें 6296026501
R- 23/12 to 29/12/23

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/- 10X4 अन्य साईज में 40

**CHANGE OF NAME**

I, USHA VERMA is legally wedded spouse of Army No. 15689961X L/HAV LALCHAND VERMA presently residing at dhauhal Buzurg, Hamirpur, Uttar Pradesh Pin-210432 have changed my name from USHA KUMARI to USHA VERMA vide affidavit No. 75AA 880565.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## पेज एक का शेष

### 25 रुपए प्रति ...

फेडरेशन ऑफ इंडिया (नैफेड), नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन (एनसीसीएफ) और केंद्रीय भंडार आउटलेट के माध्यम से बेचा जाएगा। एक सरकार अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

### 6 नवबंर को ...

*नवंबर में 8.70% हो गई, जबकि पिछले महीने यह 6.61% थी। वहीं रिटेल महंगाई तीन महीने की गिरावट के बाद नवंबर में बढ़कर 5.55% पर पहुंच गई थी।*

### सतना की प्रिया ने...

किया है, जबकि भोपाल की रुचि जैन डीएसपी के पद पर टॉपर बनी हैं। एमपी पीएससी के रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षा में टॉप 10 करने वाले छात्र-छात्राओं की सूची भी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, पहले तीन स्थानों पर छात्राओं का जलवा रहा है। डिप्टी कलेक्टर श्रेणी की सूची में पहले स्थान पर प्रिया पाठक और दूसरी रैंक पर सिवनी की शिवांगी बघेल रही हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर पन्ना की पूजा सैनी रही हैं। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली प्रिया पाठक सतना जिले से हैं। उनके पिता कृष्ण शरण पाठक प्राथमिक शाला खमरेही में शिक्षक हैं। यहां गौरतलब है कि कुल 484 पदों के लिए चयन सूची जारी होनी थी, लेकिन इनमें से 12 पदों (दिव्यांग व अन्य कोटे) के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं मिले, इसलिए 472 पदों के लिए फाइनल परिणाम जारी हुआ है। बाकी पदों के लिए कोर्ट के फैसले के बाद सूची जारी होगी। अब 2019 के इन अभ्यर्थियों के साथ ही 2020 के अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति मिलने का रास्ता साफ होता दिख रहा है।

**कुल 24 टॉपर्स ने सूची में स्थान पाया:** प्रिया पाठक, शिवानी बघेल, पूजा सैनी, राहुल कुमार पटेल, निधी मिश्रा, हरनीत कौर कलसी, सौरभ मिश्रा, सलोनी अग्रवाल, रीतिका पाटीदार, आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर, अमित कुमार सोनी, अनुपम शर्मा, दीक्षा, सिम्मी यादव, सुमेश कुमार द्विवेदी, अर्चित, मयूरी जॉक, विकास केमोर, नवीन सिंह ठाकुर, दीपक मडावी, पूर्वा, आलोक, मंजूश्री, नितिन कुमार के नाम शामिल हैं।

**पहली बार दो परीक्षा से जारी हुआ एक अधूरा परीक्षा परिणाम:** चार साल से अधर में लटकी राज्यसेवा परीक्षा-2019 का अंतिम परिणाम और चयन सूची मंगलवार देर रात जारी कर दी। मप्र लोकसेवा आयोग(पीएससी) द्वारा रातों-रात जारी किए इन परिणामों से अभ्यर्थी भी हैरान रह गए। कुल 571 पदों के लिए राज्यसेवा-2019 घोषित हुई थी। ताजा परिणाम में इन पदों के मुकाबले केवल 87 प्रतिशत पदों के लिए परिणाम और चयन सूची घोषित की गई है। इस तरह पीएससी ने केवल 472 पदों के लिए पीएससी द्वारा घोषित नतीजों में कुल 24 डिप्टी कलेक्टर, 19 डीएसपी, 17 कोषालय अधिकारी सहित वाणिज्यिककर अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पंजीयक जैसे पदों के लिए चयन सूची घोषित की है। इन पदों के लिए 87 प्रतिशत के अनुपात में ही चयन सूची जारी की गई है। शेष 13 प्रतिशत अभ्यर्थियों के नाम होल्ड पर रख दिए गए हैं। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर कोर्ट का निर्णय आने के बाद ही शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए परिणाम आएंगे। ऐसे में सिर्फ अधूरा रिजल्ट ही नहीं बल्कि राज्यसेवा-2019 के साथ यह संयोग भी जुड़ गया है।

### फेल हों तो कोशिश...

है। प्रिया इससे पहले एमपीपीएससी में 2020 में उनका चयन डीएसपी पद के लिए हुआ था। लेकिन उन्होंने ज्वॉइन नहीं किया था। प्रिया ने रानी दुर्गावती विवि से बीएससी बायो टेनॉलॉजी से अपना ग्रेजुएशन किया। पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 2022 में इंदौर से किया। वहां देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय से एमए पॉलिटिकल साइंस में अपना मास्टर्स किया।

### यूजीसी बोलाः छात्र ...

लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने विश्वविद्यालयों को भेजे एक नोटिस में कहा है कि यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एमफिल (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) पाठ्यक्रम के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में यह ध्यान में लाना है कि एमफिल डिग्री कोई मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। उन्होंने कहा कि यूजीसी (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम 2022 की विनियम संख्या 14 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च शैक्षणिक संस्थान एमफिल पाठ्यक्रम की पेशकश नहीं करेंगे। यूजीसी सचिव जोशी ने आगे कहा कि इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि यूजीसी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रियाएं) विनियम, 2022 तैयार किया है, जिसे 7 नवंबर, 2022 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। इसलिए विश्वविद्यालयों के अधिकारियों से अनुरोध है कि वे 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने के लिए तत्काल कदम उठाएं। इसके अलावा छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश न लें।

### कांग्रेस ने मप्र से चरण ...

से राधिका खेड़ा, गोवा से हर्षद शर्मा गुजरात से सचिन सावंत, हरियाणा से अजय उपाध्याय, हिमाचल से अमृत गिल, झारखंड से ज्योति कुमार सिंह, जम्मू से अर्शप्रीत ख़ादिल, कश्मीर एंड लद्दाख से परवेज़ आलम, कर्नाटक से गौरव वल्लभ, केरल से लावण्या बलाल जैन, मध्यप्रदेश से चरण सिंह सपरा, महाराष्ट्र से सुरेंद्र सिंह राजपूत, ओडिशा से बॉबीता शर्मा को आईसीसी ने कम्युनिकेशन कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है।

### बस में यात्रा...इसी ...

होगा। वेणुगोपाल के मुताबिक बस यात्रा के दौरान आम लोगों को बड़ी संख्या में राहुल से मिलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे सफर के दौरान समय-समय पर थोड़ी दूरी तक पदयात्रा की योजना भी बनाई गई है।

### 30 को पीएम मोदी...

पश्चात अब इंडिगो ने मुंबई और अयोध्या के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा की है, जो 15 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। अयोध्या से मुंबई की सीधी उड़ान से आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

**अयोध्या धाम होगा रेलवे स्टेशन का नामः** इधर, 30 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले रेलवे ने अयोध्या जंक्शन का नाम बदलने का फैसला किया है। ये रेलवे स्टेशन अब अयोध्या धाम जंक्शन के नाम से जाना जाएगा। पिछले दिनों सीएम योगी द्वारा रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के बाद रेलवे ने ये फैसला लिया है।


### केंद्र सरकार ने 'मुस्लिम...

शामिल हैं, आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

### मसर्रत आलम पर 27 ...

*को 2010 में गिरफ्तार किया गया था। आलम 2019 से जेल में बंद है। आलम के खिलाफ 27 एफआईआर दर्ज हैं और 36 बार पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। मार्च 2015 में मसर्रत आलम को रिहा कर दिया गया था। जिससे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ प्रतिक्रिया शुरू हो गई, जो उस समय भारतीय जनता पार्टी के साथ सत्तारूढ़ गठबंधन में थी।*

## शब्द पहेली - 5377



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5376 का हल**




## सूडोकू नवताल - 5387


सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

सूडोकू नवताल - 5386 का हल



खबर संक्षेप



## हैप्पी फोर्जिंग्स पहले दिन 21% उछाल के साथ बंद

**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा विनिर्माता हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को शेयर बाजारों में अपने 850 रुपये के निर्गम मूल्य पर लगभग 21 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में कंपनी के शेयर की शुरुआत 1,001.25 रुपये पर हुई जो निर्गम मूल्य से 17.79 प्रतिशत का उछाल है। बाद में यह 27.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,087.85 रुपये पर पहुंच गया और कारोबार के अंत तक 21.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,029.80 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 17.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,000 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

## एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन को मिला एक और कार्यकाल



**नई दिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को तीन साल का एक और कार्यकाल देने पर मुहर लगा दी है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक के रूप में चक्रवर्ती के नाम की अनुशंसा भारतीय रिजर्व बैंक से की है।

## क्रेडो ब्रांड्स पहले दिन करीब 12 फीसदी चढ़ा



**नई दिल्ली।** डेनिम ब्रांड मुफ्ती का स्वामित्व रखने वाली कंपनी क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 280 रुपये के निर्गम मूल्य पर लगभग 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 282 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

## आरबीजेड ज्वेलर्स की शेयर बाजार में सपाट शुरुआत



**नई दिल्ली।** आरबीजेड ज्वेलर्स लिमिटेड का शेयर ने बुधवार को शेयर बाजारों में अपने 100 रुपये के निर्गम मूल्य पर ही सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई पर कंपनी का शेयर 100 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, बीएसई पर यह 4.99 प्रतिशत चढ़कर 104.99 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका ऊपरी सर्किट स्तर है। एनएसई पर कंपनी का शेयर पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर पहुंच गया। यह भी इसका ऊपरी सर्किट स्तर है।

ऑल्टो 800 मारुति का सबसे लंबे समय तक चलने वाला मॉडल रहा

# भारत से इन 5 कारों ने बांधा अपना बोरिया-बिस्तर, 2023 के साथ खत्म हुआ सफर

**नई दिल्ली।** हर किसी का सपना होता है कि उसके पास एक गाड़ी हो। इसके लिए वो काफी लंबे अरसे से पैसे जुटाता रहता है। हालांकि क्या हो जब आपको एक दिन पता चले कि आप गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं उसका प्रोडक्शन अगले साल से बंद हो गया है। कुछ ऐसी ही गाड़ियों को अगले साल से बंद होने वाली है या उनका सफर इसी साल रुक चुका है।

ऑल्टो 800 सीसी पेट्रोल इंजन से लैस है, मानदंड अपग्रेड करना व्यवहारिक नहीं



### मारुति ऑल्टो 800

मारुति सुजुकी ऑल्टो देश के सबसे सस्ती कारों में से एक है। इस गाड़ी को काफी लोग इस्तेमाल करते हैं। ऑल्टो 800 भारत में मारुति सुजुकी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले मॉडल में से एक था। ये गाड़ी 800सीसी पेट्रोल इंजन से लैस है। ऑल्टो 800 प्रोडक्शन रोक दिया गया था क्योंकि कार निर्माता को इस साल अप्रैल से लागू होने वाले बीएस 6 फेज 2 उत्सर्जन मानदंडों में अपग्रेड करना वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं लगा।



### होंडा जैज

इस साल की शुरुआत में भारत में होंडा की लाइनअप चार से घटकर सिर्फ दो रह गई, जब जापानी ऑटो दिग्गज को अपनी हैचबैक जैज और सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी डब्ल्यूआर-वी को बाहर निकालना पड़ा। पहली बार 2009 में लांच किया गया जैज भारत में होंडा के लोकप्रिय मॉडलों में से एक था। पेट्रोल और डीजल दोनों वेरिएंट में पेश की गई जैज अपने सेगमेंट में डीसीटी ट्रांसमिशन यूनिट की पेशकश करने वाली पहली कारों में से एक थी।



### होंडा डब्ल्यूआर-वी

होंडा डब्ल्यूआर-वी को पहली बार 2017 में भारत में लांच किया गया था और इसे एक प्रीमियम अर्बन सब-कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर एसयूवी के रूप में पेश किया गया था। इसकी कीमत लगभग 9 लाख से 12 लाख रुपए(एक्स-शोरूम) के बीच है। यह देश में कई सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी को मात देने में कामयाब रही, जिसमें मारुति विटारा ब्रेज़ा और हुंडई वेन्यू जैसी एसयूवी शामिल हैं। हालाँकि, एसयूवी की बिक्री उतनी नहीं हो सकी। ऐसा माना जाता है कि डब्ल्यूआर-वी में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प की कमी इसके पीछे सबसे बड़े कारणों में से एक थी।



### स्कोडा ऑक्टेविया

चेक कार निर्माता ने 2023 में ऑक्टेविया सहित अपनी दो प्रमुख सेडान को भारत से हटा लिया। सेडान को नए बीएस 6 फेज 2 उत्सर्जन मानदंडों के कारण बंद कर दिया गया था। शोरूम से बाहर जाने से पहले, पूरी तरह से नॉक-डाउन (सीकेडी) मॉडल के रूप में बेचे जाने के बावजूद, ऑक्टेविया को भारत में सफलता मिली थी।



### स्कोडा सुपर्ब

इस साल जून में स्कोडा ने चुपचाप अपनी सुपर्ब सेडान को भारतीय बाजारों से हटा लिया था। कार निर्माता के पास अब इस सेगमेंट में केवल स्लाविया ही उपलब्ध है। भारत में बेची जाने वाली सुपर्ब ईए888 ईवीओ3 इंजन के साथ आई थी, जो नवीनतम बीएस6 चरण 2 उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप नहीं था। यह स्पष्ट नहीं है कि चेक ऑटो दिग्गज नई सुपर्ब को वापस लाएगा या नहीं जिससे हाल ही में पर्दा उठाया गया है।

बैंकिंग क्षेत्रों के लिए 2023 का वर्ष सबसे अच्छा रहा

# कर्ज की ऊंची मांग, एनपीए में कमी से सरकारी बैंकों का मुनाफा डेढ़ लाख करोड़ पहुंचेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए 2023 का साल काफी अच्छा रहा है। चालू वित्त वर्ष में देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल मुनाफा 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच कर्ज की ऊंची मांग की वजह से देश के बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति इस समय काफी सुधर चुकी है।**

चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 68,500 करोड़ रुपये कमाए हैं और दूसरी छमाही में भी यह रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है। यदि यह रुझान जारी रहता है, तो 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 1.50 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। कोटक महिंद्रा बैंक की पूर्णकालिक निदेशक शांति एकंबरम ने बताया, 'अंतर्निहित अर्थव्यवस्था ने बहुत मजबूती दिखाई है। आखिरकार, जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन करती है तो बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन भी अच्छा रहता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल में भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है।'

### ब्याज दर कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी

जैसा कि अक्टूबर में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने संकेत दिया था, ब्याज दर कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी। विश्लेषकों के अनुसार, केंद्रीय बैंक द्वारा कम से कम अगले छह महीनों तक नीतिगत दर में कटौती की संभावना नहीं है। आवास, कार, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण की मांग में दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहेगी।




### ग्रामीण क्षेत्र से ऋण की मांग घटी

हालांकि, ग्रामीण क्षेत्र से ऋण की मांग में कमी आई है। दोपहिया और ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट से इसका पता चलता है। यहां तक कि ब्याज दर के ऊंचे स्तर के कारण अधिकांश बैंकों के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) तीन प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। बैंकों के लिए एक अच्छी बात एनपीए में कमी है।

### खुदरा खंड पूंजीगत व्यय की ओर बढ़ रहा

एकंबरम ने कहा कि वृद्धि मजबूत है। खुदरा खंड के साथ कर्ज की मांग डेढ़ साल पहले शुरू हुई थी। अब यह पूंजीगत व्यय की ओर बढ़ रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी रही है और यही चुनौती है जिससे बैंकों को आने वाले महीनों में निपटना है।

### जमा में हुआ सुधार

एकंबरम ने कहा कि जमा में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन यह अब भी कर्ज वृद्धि की तुलना में पांच प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) में बैंकों के पास कुल जमा में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले समान अवधि में जमा में 9.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

# सोने में 100 रुपए की तेजी चांदी 350 रुपए फिसली



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 63,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,750 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपए कमजोर होकर 79,100 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,450 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद बुधवार को दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतों में 100 रुपए की तेजी के साथ 63,850 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार हुआ। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में सोने के फरवरी माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 334 रुपए उछलकर 63,359 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इसके अलावा, चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत 109 रुपए उछलकर 75,135 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मजबूती के साथ 2,067 डॉलर प्रति औंस हो गया। जबकि चांदी गिरावट के साथ 24.15 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर


**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों और बैंकों की माह के आखिर में डॉलर मांग बढ़ने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के कारण रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में जोरदार लिवाली का रुख बाजार धारणा में तेजी लाने में विफल रहा। इसका कारण निवेशकों के बीच लाल सागर के रास्ते वैश्विक व्यापार के बाधित होने की आशंका के कारण कच्चे तेल कीमतों में उतार चढ़ाव को लेकर चिंता बनी हुई है।

रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा, आईआईटी बंबई का लेंगे सहयोग

# जियो रिलायंस 'भारत-जीपीटी' लाने की कोशिश में: अंबानी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने बुधवार को कहा कि कंपनी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बंबई के साथ मिलकर 'भारत-जीपीटी' कार्यक्रम पेश करने की कोशिश में लगी है। इसके अलावा रिलायंस जियो टेलीविजन के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम भी लाने के बारे में विस्तार से गौर कर रही है। टेलीविजन ऑपरेटिंग सिस्टम की दिशा में कंपनी पिछले कुछ समय से काम कर रही है। अंबानी ने आईआईटी बंबई के सालाना कार्यक्रम 'टेकफेस्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी के लिए विकास का परिवेश तैयार करना बहुत महत्वपूर्ण है और 'जियो 2.0' की संकल्पना पर पहले से काम चल रहा है।



उन्होंने कहा, /"हम आईआईटी, बंबई के साथ मिलकर भारत जीपीटी कार्यक्रम लाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। हालांकि अभी जेनरेटिव एआई एवं विशाल भाषाई मॉडलों के साथ शुरुआती काम ही हुआ है।

### सभी क्षेत्रों में लागू करने का प्रयास

एआई को सभी क्षेत्रों में लागू करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर अंबानी ने कहा कि जियो मीडिया क्षेत्र, वाणिज्य, संचार के अलावा उपकरणों के क्षेत्र में भी नए उत्पाद एवं सेवाएं लेकर आएगी। इसमें टेलीविजन के लिए जियो का अपना ऑपरेटिंग सिस्टम लाने पर भी गंभीरता से काम चल रहा है।

## लोन ऐप के विज्ञापन नहीं लगाए सोशल मीडिया मंच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंचों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे अपने मंच पर कर्ज देने वाले धोखाधड़ी वाले ऐप के विज्ञापन नहीं लगाएं। चंद्रशेखर ने कहा कि आईटी मंत्रालय ने मंचों को स्पष्ट कर दिया है कि वे धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप के विज्ञापन नहीं दे सकते क्योंकि ये विज्ञापन गुमराह करने वाले हैं और इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। चंद्रशेखर ने कहा, 'अब हम जिन क्षेत्रों पर नकेल कस रहे हैं उनमें से एक धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप के विज्ञापन है जो कई मंच पर चल रहे हैं।

दिसंबर 2023 दो साल का सबसे बेहतर माह रहा

# दिसंबर में 12 कंपनियों ने आईपीओ से लगभग 9,000 करोड़ जुटाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से दिसंबर में लगभग 12 कंपनियों ने 8,931.69 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस संदर्भ में दिसंबर, 2023 दो साल का सबसे बेहतर माह रहा है। इससे पहले 2021 में दिसंबर के महीने में ही 11 कंपनियों ने आईपीओ से 9,534 करोड़ रुपये जुटाए थे। विश्लेषण के अनुसार, दिसंबर, 2023 में 12 कंपनियों का आईपीओ खुला। इस सप्ताह छह कंपनियां अपने आईपीओ के बाद सूचीबद्ध हुईं और एक कंपनी बृहस्पतिवार से कारोबार शुरू करेगी। प्राथमिक बाजार में तेजी को दर्शाते हुए मंगलवार और बुधवार को तीन-तीन कंपनियों ने शेयर बाजार में कदम रखा। जहां मुथूट माइक्रोफिन, मोतीसंस ज्वेलर्स और सूरज एस्टेट डेवलपर्स के शेयर मंगलवार को सूचीबद्ध हुए, वहीं क्रेडो ब्रांड्स, हैप्पी फोर्जिंग्स और आरबीजेड ज्वेलर्स ने बुधवार को अपनी शुरुआत की।





**कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.)**

पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु टायर-ट्यूब क्रय करने हेतु 03 माह के लिऐ ऑनलाईन

**// निविदा आमंत्रित //**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल में पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु टायर-ट्यूब आवश्यकतानुसार क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 26/12/2023 के 16:00 बजें। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ की दिनांक | 26/12/2023 के 17:00 बजें। |
| प्री बिड मीटिंग दिनांक | 02/01/2024 के 11:00 बजें। |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 09/01/2024 के 11:00 बजें। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 16/01/2024 के 14:00 बजें। |
| निविदा खोलने की दिनांक | 17/01/2024 के 17:00 बजें। |

जी-22356/23

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

**पुलिस अधीक्षक**
**पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल**

**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"म.प्र. राज्य शूटिंग खेल अकादमी, भोपाल के खेल परिसर, खिलाड़ियों के छात्रावास व अन्य स्थानों की सुरक्षा, साफ सफाई व्यवस्था हेतु"** अनुभवी फर्म/संस्था/ठेकेदार से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/112991/2023 **संचालक**

**जाहिर सूचना**

**मकान नं. 61, साईज 800 वर्गफिट, गंज सुदामा नगर, वार्ड नं. 11, तह. सीहोर, जिला सीहोर**

मेरे पक्षकार इण्डिया शेल्टर फाईनेन्स कॉर्पोरेशन लि., प्लॉट नं. 69, तृतीय तल, जे.जे. टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्री महेश शर्मा एवं श्रीमती शालिनी शर्मा ने अपनी 01 संपत्ति जो कि मकान नं. 61, साईज 800 वर्गफिट, गंज सुदामा नगर, वार्ड नं. 11, तह. सीहोर, जिला सीहोर में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति का प्लॉट साईज 800 वर्गफिट व चर्तुसीमायें पूरब- संपत्ति भागीरथ मीना की, पश्चिम- रास्ता, उत्तर- संपत्ति कपिल जोशी की व दक्षिण में- संपत्ति शीतल मीना की है। यह कि उक्त संपत्ति श्री महेश शर्मा की पैतृक संपत्ति है जिसका अधिकारनामा इन्हें नगर पालिका परिषद, सीहोर द्वारा प्रदाय किया गया है व परिषद के पंजी लेखों में श्री महेश शर्मा का नाम पंजीबद्ध कर अनापत्ति प्रमाण पत्र व अन्य आधिकारिक पत्र जारी किए गए अतः उक्त मकान पर श्री महेश शर्मा का अधिकार माना गया है। तत्पश्चात् श्री महेश शर्मा व उनकी पत्नी श्रीमती शालिनी शर्मा के मध्य दिनांक 13/12/23 को 01 सह-स्वामित्व अनुबंध किया गया। सह-स्वामित्व पंजीकरण के पश्चात ही श्री महेश शर्मा व उनकी पत्नी श्रीमती शालिनी शर्मा को भविष्य में उक्त संपत्ति पर बराबर व वैधानिक स्वामित्व माना जावेगा। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**भवदीय, मधुसूदन तिवारी (अधिवक्ता)**
**कार्या- 161, प्रथम तल, गोपाल भवन, आईसीआईसीआई बैंक के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011**
**मो. 9993294287**

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय**
होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462026, Website : www.bubhopal.ac.in

क्रमांक: 180/भण्डार/पी.आर.ओ./2023 भोपाल, दिनांक : 27.12.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभागों एवं अन्य हेतु क्रय की खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है। इस निविदा को प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय का पूर्ण विवरण निम्नानुसार है।

| स. क्र. | प्रकाशन किये जाने वाले निविदायें | निविदा का अनुमानित मूल्य | निविदा क्रमांक एवं जारी करने का दिनांक | निविदा का अन्तिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | खान-पान भोजन व्यावस्था | 20,00,000/- | 273/भण्डार/23 दिनांक 23.12.23 | 08.01.2024 |
| 02 | प्रिंटिंग कार्य फ्लेक्स बैनर, मोमेन्टों एवं मुद्रण कार्य | 10,00,000/- | 274/भण्डार/23 दिनांक 23.12.23 | 08.01.2024 |

निविदा प्रपत्र, शर्तें, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर लॉगऑन करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** पर भी उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/112983/2023 **कुलसचिव**

**कार्यालय नगर पालिका निगम भोपाल**
**जोन क्र. 15 यांत्रिक विभाग**
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्र.1120/यां.वि./2023 दिनांक - 28.12.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD _299126_3 | CONSTRUCTION OF ROAD CROSS AND RCC DRAIN NEAR H.NO. 6, BALAJI NAGAR (SACHIDANAND NAGAR) AND NEAR NEWTON SCHOOL LABOUR COLONY W-66, Z-15, | 1,52,377/- | 3,048/- | 1000/- | MPUADD ISSR 2021 | 1 Months |
| 2 | 2023_UAD _312175_2 | DEVELOPMENT OF BADMINTON PARK AT B-SECTOR INDRAPURI W-66 Z-15. | 4,31,608/- | 4,316/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 1 Months |
| 3 | 2023_UAD _312205_2 | CONSTRUCTION OF PATHWAY INFRONT OF HOUSE NO. 307 DURGESH VIHAR W-66, Z-15 | 2,35,333/- | 2,353/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 1 Months |
| 4 | 2023_UAD _312088_2 | P/F OF PAVING BLOCKS AT PARK INFRONT OF HOUSE NO. A-50 CHHATRSAL NAGAR PHASE-1 W-66 Z-15. | 3,33,378/- | 3,344/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 1 Months |

1- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2- किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**नगर निगम भोपाल**

नि.क्र. : 1299/023/024

## चिंतन

# कोरोना के नए वैरिएंट से घबराए नहीं, सतर्क रहें

एक बार फिर कोरोना पांव पसारने लगा है। अब इसका नया वैरिएंट जेएन वन देशभर के आठ राज्यों में फैल गया है। इसके कुल 109 केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 केस गुजरात में पाए गए। देश में पिछले 24 घंटे में इस वैरिएंट के 40 मरीज मिले हैं। देश में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 529 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और 3 की मौत हुई है। इससे पहले सोमवार को 638, जबकि मंगलवार को 412 नए मरीज मिले थे। फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है। राहत की बात है कि नया वैरिएंट आने के बाद हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है। नए वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने सतर्क रहने को कहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि कोरोना का नया वैरिएंट अब तक 41 देशों में फैल चुका है। फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और स्वीडन में मामले सबसे ज्यादा हैं। सभी केसेज हल्के लक्षण हैं। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। इसके बावजूद सतर्क रहना बहुत जरूरी है। वैसे तो कोरोना की पिछली लहरों के मुकाबले यह गंभीर नहीं है, लेकिन शुरू में धीरे और फिर तेजी से फैलाव की इसकी प्रवृत्ति को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा सकती। इसीलिए सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। बुधवार को राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने टेस्टिंग बढ़ाने, सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने और सभी केसों की रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया। महामारी शुरू होने के बाद से ही हम कोरोना के चले जाने और इसके फिर से आ धमकने की घोषणाएं सुनते रहे हैं। यह बात समझने की है कि कोरोना वायरस कभी गया नहीं था। न ही यह जाएगा। यह हमारे इकोसिस्टम का हिस्सा बन चुका है और यहीं बना रहेगा। समय-समय पर इसके नए-नए वेरिएंट आते रहेंगे और हमें उनसे बचने और निपटने के तरीके अपनाते रहने होंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जब नए वायरस की जीनोम एनालिसिस बढ़ेगी तो इसके व्यवहार से पता चलेगा कि इसकी संक्रामक और मारक शक्ति कितनी कम या ज्यादा है। लेकिन अब तक अन्य देशों के अनुभव से ऐसा नहीं लगता कि इसकी मारक शक्ति ज्यादा है। अगर संक्रमण तेजी से फैलता है तो भी इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या ज्यादा है या नहीं। अगर असर ज्यादा भी नहीं है तब भी सावधानी बहुत जरूरी है। दो-तीन दिनों का हल्का खांसी-बुखार भी लोगों की सेहत पर असर डालता है। ऐसे में इसे हलके में लेने का कोई कारण नहीं है। अच्छी बात यह है कि जानकारों के मुताबिक चाहे नया सब-वेरिएंट हो या कोरोना के पुराने वेरिएंट, फेस मास्क इससे बचाव का कारगर साधन है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना और अन्य सावधानियां बरतना हमें बड़ी परेशानियों से बचा सकता है। हमें इसे लेकर अभी से चौकस रहने की जरूरत है। सरकार अपने स्तर पर बचाव के प्रयास कर रही है, लेकिन जब तक हर आदमी जागरुक नहीं होगा तब तक हालात से निपटना कठिन हो सकता है। इसलिए अगर जरुरत न हो तो भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। दो गज दूरी के निर्देश का पालन करें।



अर्थशास्त्र
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मुश्किलों से आगे बढ़ी आर्थिकी

**विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटोमोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए।**

इन दिनों जब वर्ष 2023 अपने अंतिम सौपान पर है, तब देश के आर्थिक इतिहास में यह इबारत लिखी जा रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2023 में आर्थिक मुश्किलों तथा चुनौतियों का सामना करते हुए दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित हुई है। बीत रहे वर्ष में भारत के आर्थिक परिदृश्य पर प्रमुखतया रोजगार, रुपए की कीमत, विदेशी मुद्रा भंडार, देश पर विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा, मानव विकास सूचकांक चिंताजनक आर्थिक मुद्दे रहे हैं। बीत रहे वर्ष में महंगाई के मोर्चे पर मुश्किलें लगभग वर्ष भर बनी रहीं। वर्ष 2023 में भारत मानव विकास सूचकांक में पीछे दिखाई दिया। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित मानव विकास सूचकांक में 189 देशों की सूची में भारत 132वें पायदान पर पाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जीवन प्रत्याशा, स्वास्थ्य व शिक्षा की बड़ी चुनौतियां भारत के समक्ष बनी हुई है। दुनिया में प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भी भारत की स्थिति 129वें क्रम पर परिलक्षित हुई।

निश्चित रूप से विभिन्न आर्थिक चुनौतियों के बीच भी वर्ष 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई मोर्चों पर बेहतर प्रस्तुतिकरण दिखाया है और भारत की कई आर्थिक उपलब्धियां दुनियाभर में रेखांकित हुई। कारोबारी और वित्तीय परिदृश्य व्यापक तौर पर विस्तार को लेकर आशावादी रहा और विकास मूलक संकेत देते हुए मजबूत बैलेंस शीट प्रस्तुत करता रहा। विनिर्माण, खनन, निर्माण तथा औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई है। खासतौर से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, कंस्ट्रक्शन, सीमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, होटल, ट्रांसपोर्ट, ऑटो मोबाइल, फॉर्मा, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के मौके बढ़ते हुए दिखाई दिए। मुद्रास्फीति मौद्रिक प्रयासों से नियंत्रण में रही। कर राजस्व में सुधार हुआ। सेंसक्स और निफ्टी नई ऊँचाइयों पर पहुँच गए।

गौरतलब है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास की गाथा का परचम फहराने वाली जो सबसे महत्वपूर्ण बात दुनिया के कोने-कोने में रेखांकित हुई है, वह है वर्ष 2023 में घरेलू अर्थव्यवस्था की तेज ग्रोथ से भारत ब्रिटेन को पीछे करते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। फिलहाल दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है। जिसके बाद चीन, जापान और जर्मनी का स्थान आता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। चीन की जनसंख्या भारत के बाद दूसरे क्रम पर है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित दुनिया की कई रेटिंग एजेंसियों ने वर्ष 2023 में भारत की 6.3 फीसदी से अधिक विकास दर के अनुमान प्रस्तुत किए हैं।

भारत की अध्यक्षता में वर्ष 2023 में जी-20 के प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन के बाद अब भारत से निर्यात, भारत में विदेशी निवेश, भारत में विदेशी पर्यटन और भारत के



डिजिटल विकास का नया क्षितिज सामने आएगा। जहाँ प्राकृतिक संपदा संपन्न अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल कराकर भारत ने इन देशों से नए आर्थिक लाभों की उम्मीदों को बढ़ाया है, वहीं जी-20 में घोषित हुए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारिडोर (आईएमईसी) के माध्यम से चीन को चुनौती देते हुए दुनिया में रेल एवं जल मार्ग से भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसरों की भारी संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। जी-20 के बाद अब भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी तेजी से बढ़ेगा। वर्ष 2023 में भारत नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दिया है।

बीत रहे वर्ष में भारत दुनिया में सर्वाधिक डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन वाले देश के रूप में रेखांकित हुआ है। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने के बाद बैंक की जमा पूंजी में भारी वृद्धि हुई। रिजर्व बैंक ने इन्हें बदलने के लिए 7 अक्टूबर का समय दिया था। दिसंबर 2023 तक 97 फीसदी से अधिक नोट बैंकों में वापस आ गए। 8 साल पहले भी हुई 500-1000 रुपए की नोटबंदी से 99 फीसदी नोट वापस आ गए थे। 2000 रुपए के नोटों की वापसी के बीच बैंक जमा पूंजी छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए 191 लाख करोड़ रुपए से अधिक पर पहुँच गई। यह बात भी भारत के आर्थिक घटनाक्रम पर रेखांकित हो रही है कि वर्ष 2023 में भारत राजकोषीय घाटा नियंत्रण में सफल रहा है। वर्ष 2023 में केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 फीसदी तक सीमित रखने में सफल रही है।

यदि हम देश में 2023 के रोजगार परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि रोजगार की स्थिति संसद की बहस से लेकर युवाओं की चिंता का कारण बनी रही। वर्ष 2023 में वैश्विक सुस्ती के कारण जो-जो उद्योग-कारोबार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए वहाँ रोजगार के कम मौके निर्मित हुए। लेकिन गिग अर्थव्यवस्था और असंगठित सेक्टर में मौके बढ़ने से बेरोजगारी दर जो 2017-18 में छह फीसदी थी वह 2022-23 में घटकर 3.2 फीसदी रही। जहाँ वर्ष 2023 में आईटी बाजार की रोजगार तस्वीर बदल गई और बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी छोड़नी पड़ी तथा नई नियुक्ति का अनुपात भी घट गया वहीं विमानन और फार्मा जैसे सेक्टरों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ी।


यद्यपि भारत ने वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने के अधिकतम प्रयास किए। लेकिन फिर भी बीत रहे वर्ष में निर्यात तेजी से नहीं बढ़ पाए तथा विदेशी मुद्रा की अन्य साधनों से कमाई भी कम रही, इससे व्यापार घाटा बढ़ा। बीत रहे वर्ष में रुपया वर्षभर लुढ़कता रहा, वर्ष 2023 में अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर लुढ़ककर 84 के स्तर पर पहुँच गया। वर्ष 2023 के शुरूआती महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट आई। इस गिरावट का कारण निर्यात में कमी, आयात में वृद्धि व डॉलर की तुलना में रुपए को थामने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा आवश्यकता के अनुरूप विदेशी मुद्रा कोष में संचित डॉलर की बिक्री किया जाना भी रहा। फिर भी दिसंबर 2023 में विदेशी मुद्रा कोष कुछ बढ़कर करीब 616 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच गया।

देश पर विदेशी कर्ज भी वर्ष 2023 में सरकार की चिंता का कारण रहा। वस्तुतः बीत रहे वर्ष 2023 ने नए वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक और वित्तीय चुनौतियों के बीच भी नई उजली संभावनाओं की विरासत सौंपी है।

(लेखक अर्थशास्त्र के विद्वान हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## खोज
शैलजा सिंह




# नया सुपरकंप्यूटर खोलेगा मानव मस्तिष्क का रहस्य

कंप्यूटर की दुनिया तेजी से बदल रही है। नित नई खोज इसे और भी शक्तिशाली बना रही है। अब एक सुपरकंप्यूटर वर्ष 2024 के अप्रैल माह में ऑनलाइन होने वाला है, जिसके बारे में ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं का कहना है कि यह मानव मस्तिष्क में गतिविधियों की अनुमानित दर को टक्कर देगा। डीपसाउथ नामक मशीन प्रति सेकंड 228 खरब गतिविधियां करने में सक्षम है। यह दुनिया का पहला सुपर कंप्यूटर है जो मानव मस्तिष्क के पैमाने पर न्यूरॉन्स और सिनैप्स (प्रमुख जैविक संरचनाएं जो हमारे तंत्रिका तंत्र को बनाते हैं) के नेटवर्क का अनुकरण करने में सक्षम है। डीपसाउथ न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग नामक एक दृष्टिकोण से संबंधित है, जिसका उद्देश्य मानव मस्तिष्क की जैविक प्रक्रियाओं की नकल करना है। इसे वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल सेंटर फॉर न्यूरोमॉर्फिक सिस्टम्स से चलाया जाएगा।हमारा मस्तिष्क सबसे अद्भुत कंप्यूटिंग मशीन है। अपनी कंप्यूटिंग शक्ति को अरबों छोटी इकाइयों (न्यूरॉन्स) में वितरित करके, जो खरबों कनेक्शनों (सिनैप्स) के माध्यम से परस्पर क्रिया करती हैं, मस्तिष्क दुनिया के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों को टक्कर दे सकता है, जबकि इसके लिए केवल एक फ्रिज लैंप बल्ब द्वारा उपयोग की जाने वाली समान शक्ति की आवश्यकता होती है। इसके लिए सुपर कंप्यूटर आम तौर पर बहुत अधिक जगह लेते हैं और उन्हें चलाने के लिए बड़ी मात्रा में विद्युत शक्ति की आवश्यकता होती है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर, हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज फ्रंटियर, प्रति सेकंड केवल एक कुइनटिलियन (एक के बाद 18 शून्य) से अधिक ऑपरेशन कर सकता है। यह 680 वर्ग मीटर (7,300 वर्ग फुट) जगह में समाता है और इसे चलाने के लिए 22.7 मेगावाट (मेगावाट) की आवश्यकता होती है। हमारा दिमाग सिर्फ 20 वॉट बिजली के साथ प्रति सेकंड समान संख्या में ऑपरेशन कर सकता है, जबकि वजन सिर्फ 1.3 किलोग्राम-1.4 किलोग्राम होता है। अन्य बातों के अलावा, न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग का लक्ष्य इस अद्भुत दक्षता के रहस्यों को उजागर करना है।30 जून 1945 को, गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी जॉन वॉन न्यूमैन ने एक नई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक डिस्क्रीट वेरिएबल ऑटोमैटिक कंप्यूटर (एडवैक) के डिजाइन का वर्णन किया। इसने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर को प्रभावी ढंग से परिभाषित किया जैसा कि हम जानते हैं। स्मार्टफोन, लैपटॉप और दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर, सभी में लगभग 80 साल पहले वॉन न्यूमैन द्वारा पेश की गई एक ही मौलिक संरचना है। इन सभी में अलग-अलग प्रोसेसिंग और मेमोरी इकाइयाँ होती हैं, जहाँ डेटा और निर्देश मेमोरी में संग्रहीत होते हैं और एक प्रोसेसर द्वारा गणना की जाती है। दशकों तक, माइक्रोचिप पर ट्रांजिस्टर की संख्या लगभग हर दो साल में दोगुनी हो जाती थी, इस अवलोकन को मूर के नियम के रूप में जाना जाता है। इससे हमें छोटे और सस्ते कंप्यूटर बनाने में मदद मिली। हालाँकि, ट्रांजिस्टर का आकार अब परमाणु पैमाने के करीब पहुँच रहा है। इन छोटे आकारों में, अत्यधिक गर्मी उत्पादन एक समस्या है, जैसा कि क्वांटम टनलिंग नामक एक घटना है, जो ट्रांजिस्टर के कामकाज में हस्तक्षेप करती है। यह धीमा हो रहा है और अंततः ट्रांजिस्टर लघुकरण को रोक देगा। इस समस्या को दूर करने के लिए, वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के नए तरीकों की खोज कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत उस शक्तिशाली कंप्यूटर से हो रही है जिसे हम सभी ने अपने सिर, यानी मानव मस्तिष्क में छिपा रखा है। हमारा दिमाग जॉन वॉन न्यूमैन के कंप्यूटर मॉडल के अनुसार काम नहीं करता है। उनके पास अलग-अलग कंप्यूटिंग और मेमोरी क्षेत्र नहीं हैं। इसके बजाय वे अरबों तंत्रिका कोशिकाओं को जोड़कर काम करते हैं जो विद्युत आवेगों के रूप में जानकारी संचारित करते हैं। 1980 के दशक के उत्तरार्ध से, वैज्ञानिक इस मॉडल को कंप्यूटिंग में आयात करने के इरादे से इसका अध्ययन कर रहे हैं। न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटर सरल, प्राथमिक प्रोसेसर (जो मस्तिष्क के न्यूरॉन्स और सिनैप्स की तरह कार्य करते हैं) के जटिल नेटवर्क पर आधारित होते हैं। इसका मुख्य लाभ यह है कि ये मशीनें स्वाभाविक रूप से 'समानांतर' हैं। इसका मतलब यह है कि, न्यूरॉन्स और सिनैप्स की तरह, कंप्यूटर में लगभग सभी प्रोसेसर संभावित रूप से एक साथ काम कर सकते हैं, एक साथ संचार कर सकते हैं। इसके अलावा, चूंकि पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में व्यक्तिगत न्यूरॉन्स और सिनैप्स द्वारा की गई गणनाएं बहुत सरल हैं, इसलिए ऊर्जा की खपत बहुत कम होती है किंतु अभी और प्रयास करने बाकी हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा। *-स्वामी मैथिलीशरण*

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़

भ्रष्टाचार हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराई चारों तरफ फैल कर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार होता क्या है, इसके बारे में जानना सबसे ज़्यादा जरूरी है। भ्रष्टाचार दो शब्दों से मिल कर बना है भ्रष्ट और आचार, भ्रष्ट का अर्थ है बुराई और आचार का अर्थ है व्यवहार। भ्रष्टाचार सबसे ज़्यादा युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रहा है। कम समय में जल्दी सफलता पाने की आस में लोगों में ग़लत काम करने की लालसा पनप जाती है और युवा पीढ़ी अपने सपनों को जल्दी साकार करने की होड़ में भ्रष्टाचारी लोगों का साथ देती है। भ्रष्ट ही भ्रष्ट का साथ देता है। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था उन्नत राष्ट्र की रीढ़ होती है। अतः भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए।

*- कमल वर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड


### गैरकानूनी घोषित



मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। यह संगठन राष्ट्र-विरोधी, अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं और इसके सदस्य लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री


### पहलवानों के साथ चर्चा



वर्षों की जी तोड़ मेहनत, धैर्य एवं अप्रतिम अनुशासन के साथ अपने खून और पसीने से मिट्टी को सींच कर एक खिलाड़ी अपने देश के लिए मेडल लाता है। झज्जर के छारा गांव के अखाड़े पहुंच कर ओलंपिक पदक विजेता पहलवान भाइयों के साथ चर्चा की।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता


### जांबाज सैनिकों को नमन



सर्दी के मौसम में सियाचिन के हालात बहुत विकट होते हैं। किंतु कुछ नेता और बॉलीवुड अभिनेता हमारे वीर सैनिकों के शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा पर सवाल उठाते हैं नमन है जांबाज सैनिकों को। जय हिन्द

-मुकेश अंबानी, उद्योगपति

### सवाल तो किया जाएगा



देशभर के 22 करोड़ से भी ज्यादा युवा 9 सालों तक नौकरियों के लिए लाइन में लगे रहे। सरकारी नौकरी मिली महज 7.22 लाख को यानी 1000 में से सिर्फ़ तीन को। बेरोजगारी पर सवाल पूछने पर उनको गुस्सा आता हैं। अब सवाल तो किया ही जाएगा।

-नसीरुद्दीन शाह, अभिनेता

## करंट अफेयर

# किम जोग उन ने देश की उपलब्धियों की प्रशंसा की



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने वर्ष 2024 के लिए नीति लक्ष्य निर्धारित करने के वास्ते एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय शक्ति को मजबूत करने और देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली उपलब्धियों और सफलताओं की प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने कहा कि सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' की साल के अंत में होने वाली पूर्ण बैठक के दौरान उत्तर कोरिया संभवतः हथियारों के विकास में अपनी प्रगति का प्रचार करेगा, क्योंकि देश में लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और महामारी से संबंधित आर्थिक कठिनाईयों के बीच आर्थिक उपलब्धियों का अभाव है। 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, मंगलवार को बैठक की शुरुआत में किम ने वर्ष 2023 को नाम और वास्तविकता दोनों में शानदार परिवर्तन और बदलाव का वर्ष बताया। केसीएनए ने कहा कि नवंबर में अपने पहले सैन्य जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण और अन्य परिष्कृत हथियारों की शुरूआत की बदौलत उत्तर कोरिया ने इस साल अपनी रक्षा क्षमताओं में तेजी से प्रगति की है। केसीएनए ने कहा कि उत्तर कोरिया ने भी इस साल फसल के अच्छे उत्पादन की सूचना दी, क्योंकि देश ने समय से पहले नई सिंचाई सुविधाओं का निर्माण पूरा कर लिया।

## ऑफ बीट

# सड़कों के किनारे लगे स्पीड कैमरे कैसे काम करते हैं



सुरक्षा कैमरों का उपयोग पहली बार 1985 में ऑस्ट्रेलिया में विक्टोरिया में स्पीड कैमरों की शुरुआत के साथ किया गया था। तब से, सुरक्षा कैमरों का उपयोग बढ़ गया है। सुरक्षा कैमरे वाहन की गति का पता लगाने और मापने के लिए रडार या लेजर का उपयोग करते हैं। सड़क पर लगे सेंसर का उपयोग लाल बत्ती पार करने वालों का पता लगाने के लिए किया जाता है। वे कैसे स्थापित किए गए हैं इसके आधार पर, सुरक्षा कैमरे कई लेन में और विपरीत दिशाओं से आने वाले कई वाहनों की निगरानी कर सकते हैं। वे उच्च-क्षमता वाले कैमरों का उपयोग करते हैं जो रात, कोहरे और भारी बारिश सहित विभिन्न प्रकाश व्यवस्था और मौसम की स्थितियों में प्रभावी होते हैं। कुछ विभिन्न प्रकार के वाहनों (जैसे भारी वाहन) के लिए गति सीमा की पहचान करने और उसे लागू करने में सक्षम होते हैं। वे स्वचालित नंबर प्लेट पहचान क्षमताओं का भी उपयोग कर सकते हैं जो उन्हें तथाकथित /"हॉट लिस्ट/" वाहनों का पता लगाने या पहचानने में मदद देता है जो पुलिस के लिए कारगर होते हैं (उदाहरण के लिए चोरी, अपंजीकृत, बिना लाइसेंस वाले वाहन)। फिक्स्ड और मोबाइल कैमरे अपने तत्काल आसपास के क्षेत्र में गति को लागू करते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

41 दिवसीय महोत्सव का मंडल पूजा के साथ हुआ समापन

# श्री नारायण मिशन ने मनाया भव्य मंडला मकरविलक्कू महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री नारायण मिशन ने 41 दिवसीय मंडला मकरविलाक्कू महोत्सव का आयोजन किया। 17 नवंबर को शुरू हुआ 41 दिवसीय मंडल पूजा 27 दिसंबर को समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। 41 दिनों के दौरान, मंदिर भजन समूह के मधुर भजनों से गुंजायमान रहा, जिसने प्रार्थना और चिंतन के लिए एक शांत वातावरण तैयार किया।

इस अवसर पर मां शारदा देवी जी का मंदिर भी अलंकृत किया गया एवं विशिष्ट अनुष्ठानों का आयोजन भी किया गया। प्रत्येक दिन विभिन्न पूजाओं के प्रदर्शन द्वारा किया गया था, जिसमें अभिषेकम, गणपति होम और गुरु पूजा शामिल थे, जो दिव्य आशीर्वाद का आह्वान करते थे और आध्यात्मिक जुड़ाव को बढ़ावा देते थे। एसएनएम के महासचिव बी राजू ने एक हजार से अधिक परिवारों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लगातार प्रार्थना की और महोत्सव की सफलता में योगदान दिया। मंडला मकरविलाक्कू महोत्सव का समापन सभी भक्तों को प्रसाद के वितरण के साथ हुआ, जो आस्था, समुदाय और सांस्कृतिक समृद्धि के साझा अनुभव की एक मधुर परिणति थी।





**1000 से अधिक दीये की लौ एक साथ टिमटिमाई**

महोत्सव के महत्वपूर्ण दिन, जैसे पूजा के 12वें और 41वें दिन, भक्तों की आस्था का उद्गार देखा गया, क्योंकि भक्त भगवान अयप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर में उमड़ पड़े। 1000 से अधिक दीयों की लौ एक साथ टिमटिमाती हुई मनमोहक दिखाई दे रही थी। भक्त भगवान अयप्पा के विभिन्न रूपों और नामों का जाप कर रहे थे, यह एक वास्तव में मंत्रमुग्ध करने वाला दृश्य था। भक्ति के इस सामूहिक कार्य ने एकता, क्षमा और धर्म के मार्ग पर चलने की एक नई प्रतिबद्धता की शक्तिशाली भावना पैदा की।

## नववर्ष में बाबा खाटू श्याम का किया जाएगा फूलों से श्रृंगार

भोपाल। मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा में नव वर्ष के अवसर पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से श्रृंगार कर ज्योत जलाई जाएगी। इस अवसर पर भजन-कीर्तन के साथ बाबा खाटू श्याम को 56 भोग अर्पित कर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि एक जनवरी प्रातः बाबा खाटू श्याम को स्नान कराकर बागा पहनाया जाएगा। बाबा का फूलों से श्रृंगार कर ज्योत जलाकर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

## काल भैरव मठ में संतों ने किया राम नाम का कीर्तन

भोपाल। नेवरी स्थित काल भैरव मठ पर दो दिवसीय संत समागम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मठ के महंत कैलाश दास पंडा बाबा ने पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर आरती की। संत समागम में राम संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें भक्त मंडल भक्तों और संतों ने राम नाम का कीर्तन किया। गुरुवार को संतों का पूजन किया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया है।



**खबर संक्षेप**

### फ्री मेडिकल कैंप 31 दिसंबर को

भोपाल। गुरुनानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर की ओर से 31 दिसंबर को सुबह 9:30 से दोपहर 1:30 बजे तक गुरुद्वारा टीटी नगर परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। मरीजों का रजिस्ट्रेशन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक होगा। प्रवक्ता गुरुचरण सिंह अरोरा ने बताया कि कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जगमीत कौर, डॉ. मनबीर सिंह, डॉ. समता दुबे, नाक, कान, गला डॉ. प्रदीप चौरे, हृदय रोग डॉ. गुरमीत सिंह, पैथोलॉजी डॉ. नमिता चौधरी, डॉ. जसप्रीत कौर, अस्थि रोग डॉ. सौरभ शर्मा, चेस्ट केयर डॉ. विवेक अरोरा, स्त्री रोग डॉ. आशा तिवारी, डॉ. रश्मि गोयल, डॉ. देवयानी मिश्रा, दंत रोग डॉ. अभिनव पांडिया, डॉ. शिवांगा पुरोहित, डॉ. सरबजीत कौर, चर्म रोग डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. पूर्वा शारदा आदि डॉक्टर मरीजों चेकअप करेंगे। गुरुनानक चैरिटेबल के अध्यक्ष जेपीएस अरोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर मोतियाबिंद के मरीजों के लिए कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपण निःशुल्क सुविधा केवल बीपीएल कार्ड धारकों के लिए होगी। उन्हें दवाइयों निशुल्क दी जाएंगी।

### मदरसा बोर्डः 10 जनवरी से भरे जाएंगे 10वीं, 12वीं के परीक्षा फार्म

भोपाल। मप्र मदरसा बोर्ड की सत्र 2024 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं 12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा अधिकृत अध्ययन केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थी 10 जनवरी से 25 जनवरी तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी इस अवधि में आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार भी कर सकते हैं। सचिव मदरसा बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन के बाद मूल दस्तावेज 15 अप्रैल तक भेजे जाना अनिवार्य होगा। इन परीक्षाओं को केन्द्र एवं राज्य शासन से मान्यता एवं समकक्षता प्राप्त है। इन अधिकृत अध्ययन केन्द्रों को निर्देशित किया गया है कि 30 दिसंबर तक अपने अध्ययन केन्द्रों के नवीनीकरण संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर लें, अन्यथा परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित हो सकते हैं। सचिव मदरसा बोर्ड ने बताया कि जिन जिलों में मदरसा बोर्ड के अधिकृत अध्ययन केन्द्र नहीं हैं उक्त जिले के सुव्यवस्थित मदरसे मदरसा बोर्ड की वेबसाइट पर अध्ययन केन्द्र पंजीयन संबंधी दिए गए निर्देश अनुसार प्रस्ताव तैयार करें।

### प्रदेश के 15 जिलों के स्कूलों में दी जाएंगी अंग्रेजी पुस्तकालय किट

भोपाल। प्रदेश के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों के प्रोत्साहन के लिए अंग्रेजी पुस्तकालय किट उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें 30 पुस्तकालय पुस्तकें, 1 लाइब्रेरी बेग, विद्यार्थी ट्रेकर एवं बैज शामिल हैं। यह किट जिला मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। दरअसल, राज्य शिक्षा केंद्र ने ओलम्पियाड सत्र 2023-24 के अंतर्गत अंग्रेजी पुस्तकालय किट प्रदान करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश 15 जिलों बालाघाट, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, धार, खंडवा, मुरैना, नीमच, रायसेन, राजगढ़, रीवा, सतना, सीहोर एवं विदिशा के लिए जारी किए गए हैं।

शाहजहांनी पार्क में डीजे संचालकों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

# लाउडस्पीकर गाइडलाइन के खिलाफ संचालकों ने सड़क पर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाउडस्पीकर पर लगाम लगाने को लेकर डीजे संचालक सड़क पर उतर गए हैं। बुधवार को राजधानी भोपाल के शाहजहांनी पार्क में डीजे संचालकों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेशभर के डीजे संचालक शामिल हुए।

बताएं कि गाइडलाइन के अनुसार डीजे संचालकों को सिर्फ 2 साउंड बॉक्स बजाने की अनुमति दी है। वहीं डीजे संचालक 6 साउंड बॉक्स बजाने की अनुमति मांग रहे हैं। तय मापदंड से अधिक डेसिबल में लाउडस्पीकर बजाया गया तो कार्रवाई होगी। जिसके बाद से डीजे संचालक इसका विरोध कर रहे हैं। डीजे संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

**खास बातें**

- 6 साउंड बॉक्स बजाने की अनुमति मांगी
- डीजे संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा
- प्रदेशभर से प्रदर्शन में शामिल हुए डीजे संचालक



**कोरोना के चलते तीन साल बंद कर रहा कारोबार**

डीजे संचालक कोलार रोड निवासी अमित पांडे ने बताया कि कोरोना के चलते पिछले तीन सालों से उनका कारोबार बंद चल रहा है और अब जैसे ही साउंड और डीजे के कारोबार ने रफ्तार पकड़ी थी तो सरकार ने ऐसे नियम कानून लागू कर दिए हैं, जिससे उनका व्यापार नहीं चल पा रहा है।



**लोन लेकर शुरू किया व्यापार**

डीजे संचालक रोशन यादव ने बताया कि बैंक से कर्ज लेकर साउंड और डीजे के कारोबार में कदम रखा था, लेकिन अब उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या बन रही है। इसलिए उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की है कि डीजे और लाउडस्पीकर साउंड सिस्टम के नियमों में बदलाव किया जाए, जिससे उनका रोजगार चल सके।

## कोरोना को लेकर यह कैसा अलर्टः पांच दिन पहले सैंपल दिए, पर अब तक नहीं आई रिपोर्ट

- रिपोर्ट नहीं मिलने पर मरीज दहशत में, डॉक्टर भी नहीं कर पा रहे इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक तरफ कोरोना के नए वैरियंट के राजधानी भोपाल में चार मरीज मिल चुके हैं, उसके बाद भी कोरोना को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। दरअसल जेपी अस्पताल के फीवर क्लीनिक में जांच कराने वाले मरीज को कोरोना है या नहीं, इस बात की जानकारी मरीजों को नहीं मिल पा रही है, क्योंकि उन्हें कोरोना की जांच कराने के पांच दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं मिल रही है।

हालांकि जिम्मेदारों द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हालात कुछ ओर ही बयां करते हैं। ऐसा ही एक मामला जेपी अस्पताल में भी नजर आया, शिवाजी नगर निवासी रोहित भारती ने शनिवार को कोरोना की जांच कराई, बुधवार को जब वह रिपोर्ट लेने आए तो नहीं मिली, ऐसे में उन्हें कैसे पता चलेगा, उन्हें कोरोना है या नहीं। रिपोर्ट नहीं होने से डॉक्टर भी इलाज नहीं कर पा रहे हैं।



**न मोबाइल पर मैसेज आया न रिपोर्ट मिली**

पंचशील नगर निवासी राधेश्याम ने सोमवार को जेपी अस्पताल की फीवर क्लीनिक में कोरोना टेस्ट का सैंपल दिया था। दो दिन बीत जाने के बाद भी न तो मोबाइल पर मैसेज आया और न ही अस्पताल से रिपोर्ट मिली।

**कोरोना जांच की डिस्पेंसरी पर सुविधा बंद**

कोरोना की तीसरी लहर में सरकार ने टेस्टिंग पर सबसे ज्यादा फोकस किया था। सभी अस्पताल और डिस्पेंसरी के अलावा मोबाइल वैन और शिविर में जांच की जा रही थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। कोलार निवासी देवकीनंदन सोनी ने बताया कि वह अपनी पत्नी को लेकर पहले नजदीकी डिस्पेंसरी में गए थे, लेकिन वहां जांच के लिए मना कर दिया गया। इसके बाद वह जेपी अस्पताल पहुंचे।

**रोजाना 50 से 60 सैंपलों की हो रही जांच**

भोपाल में रोज 50 से 60 सैंपल की जांच हो रही। आरटीपीसीआर की रिपोर्ट में थोड़ा समय लगता है, लेकिन तीन दिन में आ ही जाती है। हो सकता है तकनीकी खामी के चलते दिक्कत हुई हो। **डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ

### आरएसके संचालक को लिखा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने पत्र

भोपाल। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने 5वीं, 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आयोजित वार्षिक परीक्षा 2022-23 का अंकसूची शुल्क माफ करने की मांग की है। एसोसिएशन ने राज्य शिक्षा केंद्र संचालक को पत्र लिखा है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने अपने पत्र में कहा कि अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार संस्था द्वारा शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य कोई भी शुल्क नहीं लिया जा सकता, परंतु राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार कक्षा 5वीं की अंकसूची प्राप्त करने 50 रूपए प्रति छात्र एवं 8वी के लिए 100 रूपए प्रति छात्र की दर से संस्था को ऑनलाइन राशि जमा करने के पश्चात ही अंकसूची प्राप्त होगी। इस नियम से अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। इस अधिनियम के तहत संस्थाओं को आरटीई में अध्ययनरत बच्चों से कोई शुल्क नहीं लेना है। उन्होंने मांग की है कि अंकसूची शुल्क माफ कर संस्थाओं को अंकसूची प्रदान करें। यदि ऐसा नहीं हुआ तो विद्यार्थियों से भी संस्थाएं सभी कक्षाओं में परीक्षा शुल्क लेने के लिए बाध्य होंगी।

## चेंबर में बैठने से काम नहीं चलेगा, अधिकारियों को फील्ड में जाकर यथास्थिति देखनी होगीः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षाः आयुक्त ने अपर आयुक्त से एएचओ तक को लगाई फटकार
- सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण, दो दारोगाओं को हटाने के निर्देश दिए

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने पहली बार सख्ती दिखाई और आला अधिकारियों से लेकर नीचे तक के अमले को जमकर फटकार लगाई। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए बुधवार को आईएसबीटी स्थित निगम मुख्यालय में आयुक्त ने यह फटकार लगाई। इस दौरान आयुक्त ने अपर आयुक्त विनित तिवारी से लेकर उपायुक्त योगेंद्र पटेल, सिटी इंजीनियर सुबोध जैन सहित एएचओ को अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि चेंबर में बैठने से काम नहीं चलेगा।

अधिकारियों को फील्ड में जाकर यथा स्थिति देखनी होगी। किसी अधिकारी या एएचओ द्वारा बताई गई स्थिति को अंतिम मानने की बजाए फील्ड में जाकर हकीकत देखने को कहा गया है। शहर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने गए आयुक्त ने दो दरोगाओं को हटाने के निर्देश भी दिए। एक दिन पहले मेयर इन काउंसिल की बैठक में भी महापौर मालती राय और एमआईसी अधिकारियों ने स्वच्छता को लेकर सवाल उठाए थे।




**कई क्षेत्रों में समय पर नहीं उठ रहा कचरा**

कई क्षेत्रों में समय पर कचरा न उठने और कचरा जलाने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं, आयुक्त ने निगम के मातहतों को तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने कहा अब हर बुधवार एसबीएम यानी स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की जाए और कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिन शिकायतों का निपटारा हो जाए, उन्हें सीएम हेल्पलाइन से लेकर अन्य प्लेटफार्म से काम पूरा होने के बाद शिकायत को रिमूव कराने की जिम्मेदारी उपायुक्त स्तर पर निपटाने को कहा है।

**एएचओ देखेंगे समय पर कचरा उठ पा रहा है या नहीं**

बैठक के दौरान आयुक्त ने काम में ढिलाई बरतने वाले कर्मचारियों को लेकर भी एएचओ को फटकार लगाई है। आयुक्त ने कहा है कि तय समय में सफाई के साथ-साथ डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन पर भी फोकस किया जाए। इसके अलावा सड़कों पर बहते सीवेज और अन्य दिक्कतों को समय पर दूर किया जाए। मुख्य मार्गों के अलावा अन्य स्थलों से भी समय पर कचरा उठाया जाए।

### मनीष बादल को मिला भारत रत्न अटल सम्मान



भोपाल। राजधानी के साहित्यकार मनीष बादल को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में भारत रत्न अटल सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। मनीष बादल ने बताया कि प्रिंट मिडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले हुए इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दकी ने बताया प्रति वर्ष की भांति चौथे वर्ष भी उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना भवन सभागार लखनऊ में दिनांक 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया।



## मप्र-छग निदेशालय गणतंत्रता दिवस दल के कटिंजेंट कैडेट्स दिल्ली रवाना

भोपाल। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की आरडीसी टुकड़ी गणतंत्रता दिवस शिविर के लिए रवाना हुई। गणतंत्रता दिवस शिविर दल में शामिल 128 कैडेट 27 दिसंबर को नई दिल्ली में एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर के लिए रवाना हुए।

जहां वे विभिन्न राष्ट्रीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए ये कैडेट अंतिम रूप से एक सामूहिक चयन प्रक्रिया, तीन सावधानीपूर्वक नियोजित एनसीसी शिविरों से गुजरे। संपूर्ण चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन और निदेशालय के स्टाफ अधिकारियों की गहन निगरानी में हुआ।






बेटे के व्यवहार से दुखी मां ने लगाई कोर्ट से गुहार

# अब बेटे को देने होंगे हर माह 12 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेटे के व्यवहार से दुखी एक मां द्वारा कुटुंब न्यायालय में अपने अधिकार के लिए गुहार लगाने के बाद मां को राहत मिली है। मामले में न्यायालय की समझाइश के बाद बेटे हर माह 12 हजार रुपए की राशि मां को देने के लिए राजी हुआ है। इसके साथ ही बेटे को यह समझाइश दी गई है कि वह उसकी मां का ख्याल रखने के साथ ही अच्छा व्यवहार करेगा।

दरअसल, मामला लोक अदालत के दौरान कुटुंब न्यायालय में पहुंचा था। मामले में बेटा अपनी मां का खर्च उठाने तैयार नहीं था। वृद्धा ने बताया कि उनका बेटा प्राइवेट जॉब में है और अच्छा कमाता है, लेकिन उसे बोझ समझता है। मजबूरी में वृद्धा ने अपने हक के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया। मामले में न्यायालय और काउंसिल द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। मामले में बेटे को समझाया गया कि मां उसकी जिम्मेदारी है और वो इस तरह मुंह नहीं फेर सकता। आखिर बेटा हर माह मां को भरण-पोषण देने को राजी हो गया।



**पूरी पेंशन दवा और इलाज में खत्म हो जाती है**

मामले में साकेत नगर निवासी मां ने कोर्ट में बताया कि पति सरकारी सेवा में थे। अब उनके निधन के बाद पेंशन मिलती है। वृद्धा ने कहा कि बुढ़ापा अपने साथ बीमारियां भी लेकर आता है। वह भी कई बीमारियों से ग्रस्त है। पति की पूरी पेंशन दवा और इलाज में खत्म हो जाती है। यहां तक कि दवा के लिए भी कम ही पड़ती है। ऐसे में उन्हें बेटे से आस थी, लेकिन बेटे ने जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया।

# अयोध्या के राम मंदिर में दर्शनों के लिए दिव्यांगों को मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले 30 दिसंबर को पीएम मोदी अयोध्या जाएंगे। इस दौरान वह रोड शो में शामिल होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि बताया कि श्रद्धालुओं के लिए एक फैसिलिटी सेंटर का निर्माण किया गया है। इसमें 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए लॉकर की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें यात्री अपना जरूरी सामान जैसे पर्स, मोबाइल, छोटा बैग, जूते आदि रख सकेंगे। यहां से आगे श्रद्धालुओं को नंगे पैर जाना होगा। गर्मियों में श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो इसका इंतजाम भी किया जाएगा। इस फैसिलिटी सेंटर में 500 लोगों के लिए टॉयलेट और अन्य सुविधाएं मौजूद होंगी। मंदिर प्रांगण में ही दो एसटीपी भी बनाए गए हैं।

70 एकड़ में तैयार हो रहे राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास ही तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र (फैसिलिटी सेंटर) का निर्माण किया गया है। दिव्यांगजनों के लिए मंदिर में लिफ्ट का भी इंतजाम किया गया है

**राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर तैयार**

- **70** एकड़ में तैयार हो रहे राम मंदिर के प्रवेश द्वार
- **22** लाख क्यूबिक पत्थर का इस्तेमाल
- **51** इंच होगी ललाट तक की ऊंचाई

### 25 हजार राम भक्तों के लिए लॉकर की रहेगी व्यवस्था




### पूर्वी गेट से रामभक्तों को मिल सकेगा प्रवेश

चंपत राय ने बताया कि मंदिर का ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह तैयार हो गया है। मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। 70 एकड़ में तैयार हो रहे राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास ही तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र (फैसिलिटी सेंटर) का निर्माण किया गया है। दिव्यांगजनों के लिए मंदिर में लिफ्ट का भी इंतजाम किया गया है। मंदिर के चारों चरण दीवार का भी निर्माण किया जा रहा है। चंपत राय ने बताया कि पूर्वी गेट से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा।

### कर्नाटक के पत्थरों से होगी रामलला की मूर्ति का निर्माण

चंपत राय ने बताया कि मंदिर के निर्माण में फ्लोर के लिए मकराना मार्बल का इस्तेमाल किया गया है जिस गुलाबी पत्थर से मंदिर का निर्माण किया गया है वह राजस्थान के बंसी पहाड़पुर का गुलाबी सैंडस्टोन है। इन पत्थरों की उम्र 1000 साल की होगी। चंपत राय ने बताया कि मई 2022 में मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसके निर्माण में 22 लाख क्यूबिक पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। रामलला की मूर्ति को लेकर उन्होंने कहा कि 5 साल के बालक की एक ड्रॉइंग तैयार कराई गई है। इसके ललाट तक की ऊंचाई 51 इंच होगी। कर्नाटक से आए पत्थरों से इसका निर्माण किया जा रहा है।

### आत्मनिर्भर होगा राम मंदिर



राम मंदिर परिसर का अधिकांश हिस्सा सैकड़ों पेड़ों के साथ हरा-भरा क्षेत्र होगा। खुद के सीवेज और जल शोधन संयंत्र होंगे. एक फायर ब्रिगेड चौकी और विशिष्ट बिजली लाइन जैसी सुविधाओं के साथ मंदिर को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि 70 एकड़ परिसर का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा हरित क्षेत्र होगा। हरित क्षेत्र में ऐसे हिस्से शामिल हैं जो बहुत घने हैं और इसके कुछ हिस्सों में सूरज की रोशनी भी मुश्किल से ही नीचे पहुंच पाती है। हरित पट्टी में लगभग 600 मौजूदा पेड़ संरक्षित किए गए हैं।

**फायर ब्रिगेड से लेकर अन्य सुविधाएं भी रहेंगी**

राय ने कहा, मंदिर परिसर अपने तरीके से 'आत्मनिर्भर' होगा। अयोध्या नगर निकाय के सीवेज या जल निकासी प्रणाली पर कोई बोझ नहीं डालेगा। परिसर में दो एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एक डब्ल्यूटीपी (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) और पावर हाउस से एक समर्पित बिजली लाइन होगी। वहां एक फायर ब्रिगेड पोस्ट होगी, जो भूमिगत जलाशय से पानी प्राप्त करने में सक्षम होगी।

---

प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयास हो रहे सफल

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' ने 50 से भी कम दिनों में लाखों गांवों तक पहुंचकर बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं और यह लाखों गांवों तक पहुंच चुकी है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पीएम ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। पीएम ने कहा कि वे दिन गए जब लोग सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पाने के लिए किसी 'परिचित' के न होने के बारे में चिंतित रहते थे। आज आपको याद रखना होगा कि मोदी खुद आपके परिचित हैं। आपको किसी और की जरूरत नहीं है। आपको हर वह लाभ मिलेगा, जिसके आप हकदार हैं। मोदी की 'गारंटी वाली गाड़ी' सब तक और हर जगह पहुंचेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे

- 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हुए
- 70 लाख लोगों की टीबी से जुड़ी जांच हुई
- 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच

## आयुष्मान भारत कार्ड के साथ बने 'आभा कार्ड'





### लोगों में बढ़ रहा विश्वास

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। लगभग 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हो चुका है। इस यात्रा के दौरान 70 लाख लोगों की टीबी से जुड़ी जांच पूरी हो चुकी है। 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है। आजकल तो आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आभा कार्ड भी तेजी

### पीएम मोदी ने यात्रा से जुड़ने का अनुभव किया शेयर

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दिनों जब-जब मुझे इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला है, तो मैंने एक बात नोट की है। जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के कोटि-कोटि लाभार्थी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के माध्यम बन रहे हैं। वे सहायता पाने के बाद रुकते नहीं हैं बल्कि इसमें से एक नई ताकत प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अधिक परिश्रम कर रहे हैं।

### महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बड़ा अभियान

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी हैं।उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के जीवन में बदलाव साहस, संतुष्टि और सपनों से भरी कहानी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है, दूर-दराज के गांवों तक पहुंच रहा है। युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, ये सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं। इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी देशवासियों के आभार व्यक्त करता हूं।

---

7 नवंबर को समझौता किया गया था

## प्रसार भारती और रेडियो टेलीविसियन मलेशिया के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट में मिली मंजूरी
- विभिन्न देशों के साथ एमओयू की कुल संख्या हुई 46

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रसार भारती और रेडियो टेलीविज़न मलेशिया (आरटीएम) के बीच प्रसारण में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी। भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती ने रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसारण में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मलेशिया के लोक सेवा प्रसारक, रेडियो टेलीविसियन मलेशिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार इस संबंध में 7 नवंबर को समझौता किया गया था, जिसमें प्रसारण, समाचारों के आदान-प्रदान और ऑडियो-विजुअल कार्यक्रमों के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। इस समझौते से मलेशिया के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही प्रसार भारती द्वारा विभिन्न देशों के साथ हस्ताक्षरित एमओयू की कुल संख्या 46 हो गई है। उल्लेखनीय है कि प्रसार भारती राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और देश और विदेश दोनों में सभी को सार्थक और सटीक सामग्री प्रदान करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करता है।

### इसलिए किया गया समझौता

मंत्रालय ने बताया कि भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती ने रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसारण में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मलेशिया के लोक सेवा प्रसारक, रेडियो टेलीविसियन मलेशिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। ये समझौता ज्ञापन अन्य देशों में सामग्री के वितरण, अंतरराष्ट्रीय प्रसारकों के साथ साझेदारी विकसित करने और नई प्रौद्योगिकियों की मांगों को पूरा करने के लिए नई रणनीतियों की खोज में महत्वपूर्ण होंगे। इस समझौते का उद्देश्य संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, समाचार और अन्य क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आदान-प्रदान करना है।

---

## खबर संक्षेप

### आरोपों से घिरे आईपीएस को बनाया डीजीपी

**कोलकाता।** सारदा चिटफंड मामले में सीबीआई ने उनके



आईपीएस राजीव कुमार के घर पर रेड मारी थी। सीबीआई की रेड से सीएम ममता बेनर्जी इतनी नाराज हो गई थीं। अब उसी आईपीएस राजीव कुमार को ममता बेनर्जी ने राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

### राजस्थान में 450 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

**जयपुर।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने एलान किया कि



1 जनवरी 2024 से राज्य में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। भाजपा ने चुनाव के दौरान वादा किया था। सीएम ने टोंक जिले के दौरे पर यह घोषणा की।

### वाड्रा को जल्द मिल सकता है ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद



रॉबर्ट वाड्रा के लिए मुश्किले बढ़ने वाली हैं। सूत्रों के मुताबिकईडी जल्द आर्म्स डीलर संजय भंडारी केस से जुड़ी जांच में रॉबर्ट वाड्रा को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। कनेक्शन की जांच की जा कर रही है।

---

अमेरिका में हुआ बड़ा सड़क हादसा

## आंध्र प्रदेश के विधायक के 6 रिश्तेदारों की टेक्सास में मौत

एजेंसी ▶▶ टेक्सास

यह घटना अमेरिका के टेक्सास में हुई। जिस कार का एक्सीडेंट हुआ, उसमें कुल सात लोग सवार थे। इस कार की टेक्सास के हाईवे 67 पर एक ट्रक से जोरदार टक्कर हुई। इस दुर्घटना में एक ही शख्स बाल-बाल बचा है, जिसे एयरलिफ्ट कराकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमेरिका के टेक्सास में कार दुर्घटना में छह भारतीयों की मौत हुई है। मारे गए सभी लोग आंध्र प्रदेश के एक विधायक के रिश्तेदार थे। विधायक का नाम पी वेंकेट सतीश कुमार है, जो आंध्र प्रदेश के मुम्मीदिवरम से प्रतिनिधि हैं। इस दुर्घटना में मारे गए



सदस्यों के नाम पी नागेश्वर राव, सीता महालक्ष्मी, नवीना, कृतिक, निशिता और एक अन्य शख्स शामिल है। सतीश कुमार वाईएसआर कांग्रेस के दो बार के विधायक हैं। ये सभी लोग क्रिसमस सेलिब्रेशन से लौट रहे थे। तेलुगू एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (टाना) मारे गए छह लोगों के शवों को भारत भेजने में पूरा सहयोग कर रहा है।

---

अवैध रूप से रखे थे सिलेंडर

## पुणे के सिंबॉयोसिस कॉलेज के पास 10 सिलेंडर फट गए

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे शहर से एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां के विमान नगर इलाके में स्थित सिंबॉयोसिस कॉलेज के पास कम से कम 10 एलपीजी सिलेंडर फट गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, एक निर्माणाधीन साइट पर करीब 100 एलपीजी गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे हुए थे। इन 100 एलपीजी सिलेंडरों में से 10 सिलेंडर आग लगने के बाद फट गए। मौके पर दमकल की 3 गाड़ियां मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। अभी तक किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ये



जानकारी पुणे अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई है। वहीं दूसरी तरफ नागपुर के वीसीए स्टेडियम के पास हालही में एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां बैलून सिलेंडर ब्लास्ट में एक बच्चे की मौत हो गई थी। साथ ही दो लड़कियां गंभीर रूप से घायल हुई थीं। इस घटना के बाद बैलून बेचने वाला फरार हो गया था। मृत बच्चे की पहचान शिजान आसिफ शेख के रूप में हुई थी।

---

# जिनके राज में 1984 के दंगे हुए, वो क्या न्याय दिलाएंगे: अनुराग ठाकुर

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर केंद्रीय मंत्री का कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस ने एक और यात्रा निकालने की घोषणा कर दी है। बुधवार को कांग्रेस ने



घोषणा की कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक 'भारत न्याय यात्रा' निकालेगी जाएगी। इसकी शुरुआत 14 जनवरी से होगी, जोकि 20 मार्च तक चलेगी। 67 दिनों में यात्रा पूर्व से पश्चिम तक 14 राज्यों और 85 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों को शामिल करते हों, जो भारत को क्षेत्र जाति में बांटते हों, जिनके राज्य में 1984 के दंगे हुए हों, जो सिखों को न्याय नहीं दिला पाए, वो न्याय क्या दिलाएंगे।

### भाजपा नेताओं ने घेरा

वहीं केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने कई दशकों के शासन के दौरान एक अन्यायपूर्ण व्यवस्था चलाई। बैंकिंग प्रणाली इस अन्याय का एक बड़ा उदाहरण थी क्योंकि एनपीए (गैर-निष्पादित संपत्ति) के लिए जिम्मेदार लोगों को व्यक्तिगत संबंधों के कारण बैंक ऋण दिए गए थे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नलिन कोहली ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस कुछ नारे गढ़कर भारतीयों को मूर्ख नहीं बना सकती। राहुल गांधी को उन लोगों की संगत में देखा गया है जो भारत के टुकड़े-टुकड़े की वकालत करते हैं। कोहली ने आरोप लगाया, कांग्रेस नेता देश के लोकतंत्र में विदेशी हस्तक्षेप की तलाश में विदेश जाते हैं।

---


पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 529 नए मामले दर्ज किए गए

देश में कोरोना के मरीजों की संख्या 4,093 हो गई

# देश में कोरोना के नए वैरिएंट के 109 मरीज, सबसे ज्यादा गुजरात में 36, कर्नाटक में 34, गोवा में 14 नए केस मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोविड के केस तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 529 नए मामले दर्ज किए गए हैं। अब देशभर में में एक्टिव मरीजों की संख्या 4,093 हो गई है। मंत्रालय के बुधवार सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में कोरोना के तीन मरीजों की मौत हुई है। इसमें दो मरीज कर्नाटक और एक मरीज गुजरात से हैं। इस बीच कोविड-19 के सब-वैरिएंट जेएन.1 के 40 नए केस दर्ज किए गए है। बता दें कि 26 दिसंबर तक देशभर में नए वैरिएंट के केसों की संख्या बढ़कर 109 हो गई थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में कहा गया है कि गुजरात में 36, कर्नाटक में 34 और गोवा में 14, महाराष्ट्र में 9, केरल में 6, राजस्थान और तमिलनाडु में 4-4 और तेलंगाना में नए वैरिएंट के 2 केस सामने आए हैं। सब-वैरिएंट के ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में हैं।



कोविड-19 के सब-वैरिएंट जेएन.1 के 40 नए केस दर्ज किए गए है। 26 दिसंबर तक देशभर में नए वैरिएंट के केसों की संख्या बढ़कर 109 हो गई थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में कहा गया है कि गुजरात में 36, कर्नाटक में 34 और गोवा में 14 केस मिले हैं

### 110 उड़ानों सहित 25 ट्रेनें प्रभावित

दिल्ली एयरपोर्ट पर आने और जाने वाली लगभग 110 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। कई विमानों को डायवर्ट किया गया है। बुधवार सुबह कोहरे की वजह से दूर-दूर तक कुछ नजर नहीं आ रहा है। एयरपोर्ट के हैंगर पर विमान खड़े हुए हैं। मंगलवार को भी ऐसा ही नजारा था।



जहां सुबह 6 बजे से दोपहर तक करीब 50 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई, वहीं इस दौरान 12 विमानों का रूट डायवर्ट किया गया। जानकारी के मुताबिक 11 उड़ानों को जयपुर और एक को लखनऊ डायवर्ट किया गया। उत्तर रेलवे के मुताबिक बदलते मौसम की वजह से मंगलवार को सुबह करीब 20 से ज्यादा ट्रेनें एक घंटे से अधिक समय की देरी से चलीं। कोहरे की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशनों और एयरपोर्ट पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा है। कड़कड़ाती ठंड में लोग कई घंटों से स्टेशनों पर गाड़ियों का इंतजार कर रहे हैं।

### कितना खतरनाक है कोविड का नया वैरिएंट जेएन.1

जेएन.1 सब-वैरिएंट के बारे में कहा जा रहा है कि यह काफी तेजी से फैलता तो है लेकिन इससे फैलना वाला संक्रमण काफी हल्का है। डब्ल्यूएचओ की पूर्व साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा था कि जेएन.1 कितना गंभीर है, इस बारे में जानकारी के लिए अभी हमारे पास पर्याप्त डेटा नहीं है। हमें चिंता की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं हम यह भी नहीं कह सकते कि यह निमोनिया या मृत्यु का भी कारण बन सकता है।

---

चेन्नई में बड़ा हादसा

## आईओसी के प्लांट का बॉयलर फटा, एक की मौत कई घायल

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

टोंडियारपेट में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के एक प्लांट का बॉयलर



फट गया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। फिलहाल मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं और हालात पर काबू पाने का पूरा प्रयास हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि यहां टोंडियारपेट में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में आज अचानक विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में आने के बाद एक कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना तब हुई जब कर्मचारी "इथेनॉल भंडारण टैंक" खाली होने के बाद वेल्डिंग जैसे कार्यों को पूरा करने में लगे हुए थे।

**घायल श्रमिक भर्ती**

एक अधिकारी ने कहा कि एक कर्मचारी पहले ही इसकी चपेट में आ चुका था। जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया। एक अधिकारी ने कहा कि घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शांति समझौते पर हस्ताक्षर करेगा उल्फा

**गुवाहाटी।** उल्फा का वार्ता समर्थक 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अरबिंद



राजखोवा के नेतृत्व में 29 दिसंबर को केंद्र और राज्य सरकारों के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर प्रस्तावित हस्ताक्षर के लिए नई दिल्ली पहुंचा। शांति समझौते पर 29 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में हस्ताक्षर होने की संभावना है। केंद्र ने इस साल अप्रैल में वार्ता समर्थक गुट को प्रस्तावित समझौते का मसौदा भेजा था।

### पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले बढ़े

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामलों की संख्या बढ़कर 14,483



हो गई लेकिन इनमें शामिल राशि पिछले साल की तुलना में सिर्फ 14.9 प्रतिशत रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2,642 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के कुल 14,483 मामले सामने आए। एक साल पहले की समान अवधि में धोखाधड़ी के 5,396 मामले सामने आए थे जिनमें 17,685 करोड़ रुपए शामिल थे। 'भारत में बैंक की प्रवृत्ति और प्रगति 2022-23' पर बुधवार को रिजर्व बैंक ने रिपोर्ट जारी की।

### चीन में 1951 के बाद रिकॉर्ड लंबी शीतलहर

**बीजिंग।** चीन के बीजिंग में 1951 के बाद सबसे लंबी शीतलहर दर्ज



की गई। बीजिंग के नानजियाओ मौसम केंद्र में रविवार को तापमान शून्य डिग्री तापमान दर्ज किया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया, 11 दिसंबर को पहली बार तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला गया था। तापमान 300 घंटों पर इस रेखा से नीचे ही रहा। इस महीने चीन के कई हिस्सों में तेज शीत लहर चली। इस शीत लहर के कारण चीन के केंद्रीय प्रांत हेनान में कई सिस्टम विफलताएं देखने को मिली। राजधानी बीजिंग में कड़ाके की ठंड पहले से ही शुरू हो चुकी है।

---

इजराइल दूतावास धमाका

# सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध, मौके पर पहुंची एनएसजी और एनआईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में मंगलवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया जब इजराइल एबेंसी के पास धमाके की सूचना मिली थी। पुलिस को देर शाम तक जांच में धमाके आदि के कोई निशान व सबूत नहीं मिले थे, पर पुलिस को मौके से इजराइल दूतावास के नाम लिखा एक पत्र मिला है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध भी नजर आए हैं। वहीं, एनएसजी और एनआईए की टीम घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंची है।

#### डॉग स्क्वाड ने भी जांच की



इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार शाम को हुए धमाके ने एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। यही वजह थी कि रात तक दिल्ली पुलिस जांच में जुटी रही और बुधवार को सुबह ही एनआईए की टीम जांच के लिए पहुंच गई। उनके साथ नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स यानी एनएसजी के जवान भी थे। वहीं फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने भी इजराइली दूतावास के बाहर जांच की।

#### जनवरी 2021 में भी धमाका हुआ था

जनवरी 2021 में दूतावास के पास एक और दहशत फैल गई थी, जब वहां कम तीव्रता का विस्फोट हुआ था। दिल्ली पुलिस की एक टीम को घटनास्थल पर इजराइल दूतावास के राजदूत को संबोधित एक पत्र भी मिला था। अंततः जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से लेकर एनआईए को सौंप दी गई, जिसे अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

#### पत्र को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा

पुलिस को इजराइल राजदूत को संबोधित पत्र किया एक पत्र मिला है। यह पत्र टाइप किया हुआ है और काफी अपमानजनक है। इसमें इजराइल के राजदूत को अंजाम भुगतने की बात कही गई है। अंग्रेजी में लिखे इस पत्र को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। इजराइली दूतावास के कर्मचारी ओहाद नकाश कायनार ने एक्स पर लिखा था कि धमाका हुआ है, लेकिन हमारे सभी राजनयिक और कर्मचारी पूरी तरह से सेफ हैं। यह धमाका 5:48 पर हुआ था।

#### मौके पर विस्फोटक का संकेत नहीं

*दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस को सबसे पहले मंगलवार शाम करीब 5.45 बजे दूतावास के पीछे विस्फोट के बारे में कॉल मिली। सूचना इजराइल एंबेसी के सुरक्षा गार्ड ने दी थी कि उसने 100 मीटर तक धमाके की आवाज सुनी थी। सूचना के बाद बाद जिला स्टाफ, स्पेशल सेल, दिल्ली फायर सर्विसेज व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। मौके से या आसपास आग या विस्फोट का कोई संकेत नहीं है।*

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे

जानकारी के अनुसार इजराइल दूतावास की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद दो संदिग्ध मिले। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दोनों संदिग्ध वहां कैसे पहुंचे और उन्होंने कौन सा रास्ता अपनाया।

#### इजराइल ने जारी की एडवाइजरी

*इजराइल ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। नागरिकों से कहा गया है कि वे भारत में भीड़भाड़ वाले इलाकों में न जाएं। इजराइल के प्रतीकों का सार्वजनिक प्रदर्शन न करें। इजराइल के लोग भारत में उन आयोजनों में न जाएं, जहां भारी भीड़ जुटने की संभावना हो। इसके अलावा अपनी यात्रा की डिटेल, तस्वीरें और यात्रा के शेड्यूल की जानकारी भी सोशल मीडिया पर शेयर न करें।*

#### हाल ही में इजराइली राजदूत को धमकी मिली थी

*हाल में इजराइली दूतावास के राजदूत को जान से मारने की धमकी मिली थीं। इसके बाद गृह मंत्रालय के आदेश पर इजराइल एबेंसी व राजदूत की सुरक्षा बढ़ा दी थी। राजदूत को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।*

---

राजोरी पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बढ़ाया जवानों का मनोबल

# हर सैनिक परिवार के सदस्य के समान कोई नजर डाले यह कतई बर्दाश्त नहीं



*रक्षा मंत्री ने राजोरी में जवानों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि आतंकियों का सफाया किया जाएगा।*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजोरी में सैनिकों को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने जवानों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने पुंछ हमले में शहीद हुए चार जवानों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें विश्वास है कि आतंकियों का सफाया किया जाएगा। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जम्मू दौरे पर पहुंचे हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व सेना के उच्च अधिकारियों ने जम्मू एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। रक्षा मंत्री के साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी जम्मू आए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जमीनी हकीकत की जानकारी लेने के लिए पहुंचे। यहां से वह राजोरी के लिए रवाना हुए।

#### खास बातें

- हमारे लिए हर सैनिक महत्वपूर्ण
- हर सैनिक परिवार का सदस्य
- सैनिकों की बहादुरी और दृढ़ता पर विश्वास

#### एक महीने में मिलेगा न्याय, पीड़ितों को राजनाथ ने बंधाया ढांढस



जम्मू-कश्मीर के पुंछ में मारे गए तीन लोगों के परिजनों से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और एक महीने के अंदर न्याय दिलाने का वादा किया। पुंछ में मारे गए तीन लोगों में से एक शौकत अली के चाचा और गांव टोपा पीर के पंच मोहम्मद सादिक ने यह जानकारी दी।

#### रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर जम्मू, पुंछ और राजोरी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। तीनों जिलों में मुख्य चौक-चौराहों पर अतिरिक्त नाके लगाए गए। जम्मू और राजोरी में अतिरिक्त नफरी लगाई गई।

#### शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

*रक्षा मंत्री ने राजोरी में सैनिकों को संबोधित कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने पुंछ हमले में बलिदान हुए चार जवानों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की। राजोरी में सैनिकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा, 'हमारे लिए हर सैनिक बेहद महत्वपूर्ण है, हमारा हर एक सैनिक परिवार के सदस्य के समान है। आपके ऊपर कोई नजर डाले यह हमें कतई बर्दाश्त नहीं है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने में सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस एजेंसी दोनों महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके लिए शासन की तरफ से जिस भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिए सरकार का खजाना खुला हुआ है।'*

#### हाल ही में 100 संदिग्धों से की थी पूछताछ

*गौरतलब है कि इसी वर्ष अप्रैल महीने में पुंछ जिले के भाटादूड़ियां में सैन्य वाहन पर हमले में पांच जवानों के बलिदान के बाद सुरक्षा बलों ने करीब सौ संदिग्धों से पूछताछ की थी। इसमें यह पता लगा था कि हमले में शामिल आतंकियों ने गांव गुरसाई में दो महीने तक एक गुप्त ठिकाने पर पनाह ली थी और गांव के दो लोगों ने उन्हें हर प्रकार का सहयोग दिया था।*

#### खंगाला जा रहा चप्पा-चप्पा

*सुरक्षाबलों ने देहरागली आतंकी हमले के मामले में पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांवों के 15 और संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है ताकि हमले में शामिल दहशतगर्दों का सुराग मिल सके। इससे पहले आतंकी हमले के अगले दिन ही सुरक्षाबलों ने घटना स्थल के निकटवर्ती गांव सावनी और टोपापीर से 20 संदिग्धों से पूछताछ की थी।*

#### सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी

*पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के देहरागली के सावनी क्षेत्र में 21 दिसंबर को दो सैन्य वाहनों पर आतंकियों ने घात लगा कर हमला किया। हमले में शामिल आतंकियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों का ऑपरेशन सातवें दिन भी जारी है। इस दौरान हमले में शामिल आतंकियों को मदद पहुंचाने वालों का पता लगाने के लिए सेना ने 15 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन पर आतंकियों की किसी न किसी प्रकार से मदद करने का शक है।*

#### आतंकवाद का सफाया करेंगे

*रक्षा मंत्री ने सैनिकों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सेना जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद का सफाया कर देगी। उन्होंने कहा, 'मुझे आपकी बहादुरी और दृढ़ता पर विश्वास है। जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद खत्म होना चाहिए और आपको इस प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।*

---

क्या पाक कर रहा है जंग की तैयारी!

# भारतीय सीमा के पास बनाया एयरफील्ड, चीनी तोपें तैनात



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने भारतीय सीमा से करीब 20 किलोमीटर दूर नया एयरफील्ड बना दिया है। इसके अलावा वह चीन से आयातित एसएच-15एसपी हॉवित्जर तोप भी तैनात किया है। एयरफील्ड लाहौर के पास है। फिलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि इस एयरफील्ड का इस्तेमाल किस तरह से होगा। नागरिक उड़ानों के लिए या फिर मिलिट्री के लिए।

पाकिस्तान की इन दो हरकतों से चिंता का माहौल है। इससे भारतीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। कुछ लोगों का कहना है कि ये फ्लाइट ट्रेनिंग स्कूल बन रहा है। जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान की मिलिट्री करेगी। यह भी माना जा रहा है कि इस एयरफील्ड का इस्तेमाल हेलिकॉप्टर, ड्रोन और अन्य विमानों के लिए किया जाएगा। सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि इस एयरफील्ड का इस्तेमाल चीन और तुर्की से मंगाए गए हमलावर ड्रोन्स के लिए किया जाएगा। क्योंकि यह एयरफील्ड भारतीय सीमा से मात्र 20 किलोमीटर दूर है। यहां से यूएवी लॉन्च करना आसान होगा।

#### चीन ने सस्ते में दीं तोपें

*पाकिस्तानी सेना ने अपनी 28वीं और 32वीं आर्टिलरी रेजिमेंट्स को चीन से मंगाई गई तोपों से भर दिया है। पाकिस्तान ने चीन से एसएच-15एसपी हॉवित्जर तोप खरीदे थे। चीन ने उसे सस्ते दाम में ये तोप दिए थे। ये दोनों रेजिमेंट पाकिस्तान की दूसरी आर्टिलरी डिविजन में है। जो भारत के पंजाब और राजस्थान सीमा के पास एक्टिव रहती है। 2019 में पाकिस्तान ने 236 ऐसी तोपों के लिए चीन से कहा था। फिलहाल पाकिस्तान को 42 तोप मिली हैं। जिन्हें पाकिस्तान ने अपनी आर्मी डे परेड में लोगों के सामने प्रदर्शित भी किया था। पाकिस्तानी सेना तीन आर्टिलरी रेजिमेंट को अपडेट कर रही है। हर एक में 18 तोप होंगे।*

#### एसएच-15एसपी हॉवित्जर तोप...

यह 25 टन की तोप है। जिसकी लंबाई 21.4 फीट है। चौड़ाई 8.9 फीट है। ऊंचाई 11.10 फीट है। इसे चलाने के लिए 6 लोगों को जरूरत पड़ती है। यह 155x52 कैलिबर की तोप है। इसमें सेमी-ऑटोमैटिक वर्टिकल वेज टाइप ब्रीच ब्लॉक तकनीक लगी है। यह 20 से 70 डिग्री के एंगल पर गोले दाग सकती है। यह 360 डिग्री घूमकर गोला दाग सकता है। यह तोप हर मिनट 4 से 6 गोले दागेगा। अगर पारंपरिक गोलों के साथ इस तोप को चलाते हैं तो इसकी रेंज 20 किलोमीटर है। अगर इसमें रॉकेट असिस्टेड प्रोजेक्टाइल लगाया जाए तो इसका गोला 53 किलोमीटर तक जाता है। इसमें 155 एमएम का पीएलएल-01 गोला लगता है। यह तोप 6x6 के ट्रक पर तैनात रहता है। यह ट्रक 90 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलता है।

---

नौ लोगों की मौत; हजारों घरों की बिजली गुल

# क्रिसमस वीक के दौरान बरपा ऑस्ट्रेलिया में तूफान का कहर



एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी राज्यों में आए भयंकर तूफान ने जमकर तबाही मचाई है। इस तूफान ने अब तक नौ लोगों की जान ले ली है, जबकि कई लोग लापता हैं। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा कि पूर्वी राज्यों में भारी बारिश के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गए हैं।

#### कई नदियों में बाढ़ आ गई

इस भयंकर तूफान के कारण कई नदियों में बाढ़ आ गई और तेज हवाओं के कारण घरों को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने पूर्वी राज्यों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। क्वीनलैंड की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी एनर्जेक्स ने बुधवार को कहा कि तूफान के बाद 90,000 से अधिक घरों में अभी भी बिजली नहीं है। तूफान से सैकड़ों लाइनों को नुकसान हुआ है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अभी कई दिन लगेंगे। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बारिश की भविष्यवाणी की है। जमकर ओले गिरे, मूसलाधार बारिश हुई। 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी।

#### तूफान ने घरों को चपेट में लिया

वहीं, जिमपी के मेयर ग्लेन हार्टविग ने बताया कि क्रिसमस वीक के दौरान आए इस तूफान ने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। क्वींसलैंड में अलग-अलग घटनाओं में नौ साल की एक लड़की और एक महिला नाले में बह गईं। दोनों के शव बरामद हो गए। इसके अलावा पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।

---

पाक आम चुनाव में डॉ. प्रकाश ने

# महिलाओं की भलाई, सुरक्षा और विकास की प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के आम चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने हिंदू महिला डॉ. सवीरा प्रकाश को उम्मीदवार बनाया है। 16वीं नेशनल असेंबली का चुनाव अगले साल 8 फरवरी को होना है। पीपीपी ने उन्हें डॉ. सवीरा प्रकाश को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले से अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है।

#### गरीबों के लिए काम करना चाहती हैं

2022 में एबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की



पढ़ाई पूरी कर चुकी डॉ. प्रकाश ने बताया कि वह क्षेत्र के गरीबों के लिए काम करना चाहती हैं। उन्होंने 23 दिसंबर को अपना नामांकन पत्र जमा किया था। उन्होंने क्षेत्र में महिलाओं की भलाई के लिए काम करने, सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने और उनके अधिकारों की वकालत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

---

फ्रांस से लौटे भारतीयों से गुजरात में होगी पूछताछ

# अवैध इमिग्रेशन नेटवर्क का भंडाफोड़ करेगी पुलिस

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

फ्रांस से 276 भारतीयों के वापस लौटने के बाद गुजरात पुलिस ने अवैध इमिग्रेशन के नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का फैसला किया है। इसके लिए फ्रांस से



लौटे भारतीयों की मदद ली जाएगी। दरअसल, इनमें कई यात्री गुजरात से हैं। गुजरात के सीआइडी क्राइम के एसपी संजय खारत ने कहा कि लोगों को दूसरे देश में गैरकानूनी तरह से एंट्री दिलवाने के नाम पर एजेंट्स नेटवर्क चला रहे हैं। हमने इन्हें पकड़ने के लिए चार टीमें बनाई हैं। एसपी खारत ने कहा कि हम यात्रियों के गुजरात लौटने पर उनसे संपर्क करेंगे। इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्या इन लोगों को अमेरिका पहुंचाने के लिए जाली दस्तावेज बनाए गए थे। साथ ही अब तक इस तरह से कितने लोग विदेश जा चुके हैं, इसकी भी जांच होगी।

#### अंतरराष्ट्रीय लेवल पर ऑपरेट होता है नेटवर्क

खारत ने बताया कि छोटे शहरों और गांवों में एजेंट्स विदेश जाने की इच्छा रखने वाले लोगों से संपर्क करते हैं। इस पूरे नेटवर्क को अंतरराष्ट्रीय लेवल पर ऑपरेट किया जाता है। यात्रियों का चुनाव करने के बाद देश और उनकी आवश्यकता के आधार पर हर बार अलग तरह से ये नेटवर्क काम करता है। फीस भी उसी हिसाब से तय होती है। दरअसल, 22 दिसंबर को दुबई से निकारागुआ जा रहे भारतीय नागरिकों वाला विमान वाट्री एयरपोर्ट पर ईंधन भरने के लिए उतरा था। इस दौरान फ्रांस के अधिकारियों को सूचना मिली कि इसमें मानव तस्करी के पीड़ितों को ले जाया जा रहा है, जिसके बाद फ्लाइट को उड़ान भरने से रोक दिया गया था।

---

तिहाड़ जेल में बंद है गुट का प्रमुख मसर्रत आलम भट

# जहर उगलता रहा है मसर्रत...घाटी में फहराता था पाकिस्तान का झंडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार, 27 दिसंबर को मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर मसर्रत आलम गुट को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत 'गैरकानूनी' घोषित कर



दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं, आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं और लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।

#### पहली बार 1990 में किया गया था गिरफ्तार

मसर्रत आलम का जन्म श्रीनगर के हब्बा कदल क्षेत्र के जैनदार मोहल्ला में वर्ष 1971 को हुआ। जब कश्मीर घाटी में 90 की दशक में हालात खराब हुए तब मसर्रत की उम्र करीब 20 वर्ष के आसपास थी और मसर्रत भी इस विचारधारा से काफी हद तक प्रभावित था और कश्मीर में बंदूक की लहर चरम पर थी। मसर्रत आलम को पहली बार बीएसएफ द्वारा तब श्रीनगर में वर्ष 1990 में गिरफ्तार किया गया और उसे तब आतंकी कमांडर मुश्ताक अहमद के करीबी सहयोगी होने की बात सामने आई थी। मसर्रत आलम इसके बाद रिहा हुआ और फिर वह दादा की दुकान पर काम करने लगा। इस बीच कश्मीर विश्वविद्यालय से उसने ग्रेजुएशन की।

#### भारत विरोधी नारे लगाए

2015 में मुफ्ती मोहम्मद सईद के जम्मू-कश्मीर के सीएम के रूप में पदभार संभालने के बाद उन्हें रिहा कर दिया था। श्रीनगर में तत्कालीन सैयद अली शाह गिलानी के स्वागत के लिए श्रीनगर की एक रैली में कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने, पाकिस्तान का झंडा फहराने और भारत विरोधी नारे लगाने के बाद तत्कालीन मुफ्ती मोहम्मद सईद सरकार ने उसे अप्रैल 2015 में 'देशद्रोह' और 'राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने' के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया। कश्मीर बाढ़ आपदा के बाद मसर्रत ने यह कहकर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था कि कश्मीर घाटी को प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में लोगों को बचाने के लिए भारतीय बलों की जरूरत नहीं है।

#### 2010 में कश्मीर पथराव रैलियां की

*उसने 2010 की कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जब सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 120 से अधिक युवा मारे गए थे। 2010 में, केंद्र द्वारा विरोध कैलेंडर जारी करने के लिए उसकी गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा के बाद वह भाग गया था। उस साल बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और 2015 की शुरुआत तक कैद में रहा। मसर्रत आलम के खिलाफ 27 एफआईआर दर्ज हैं और उन पर 36 बार पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

#### संगठन का प्रमुख मसर्रत

*संगठन का प्रमुख मसर्रतआलम भट 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। वह जम्मू कश्मीर मुस्लिम लीग के अध्यक्ष और ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के गिलानी गुट का अंतरिम अध्यक्ष माना जाता है। 2021 में उसने यह पद संभाला था। मसर्रत को गिलानी के काफी नजदीकी माना जाता रहा है। 50 वर्षीय मसर्रत आलम पर आतंकी फंडिंग का केस दर्ज है। इस केस में वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने की वजह से वह जेल में ही है।*

---

यूक्रेन के ठिकानों पर रूस ने दागे ड्रोन

# रेलवे स्टेशन पर की जमकर गोलीबारी, 6 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन के ठिकानों पर लगभग 50 शहीद ड्रोन दागे और एक रेलवे स्टेशन पर जमकर गोलाबारी की। जिस रेलवे स्टेशन पर हमले किए गए वहां 100 से अधिक नागरिक कीव के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए एकत्र हुए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि इस हमले में कम से कम छह लोगों की जान चली गई और दक्षिणी शहर खेरसॉन के अधिकांश हिस्से में बिजली गुल हो गई।

#### यूक्रेन का जवाबी हमला



हवाई हमले के एक दिन बाद यूक्रेनी युद्धक विमानों ने क्रीमिया के पास काला सागर में रुके एक रूसी जहाज को क्षतिग्रस्त किया। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, रात भर में, क्रेमलिन की सेना ने खेरसॉन क्षेत्र पर तोपखाने और ड्रोन से बमबारी की, जब लगभग 140 नागरिक क्षेत्र की इसी नाम की राजधानी में ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। गोलाबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और दो अन्य पुलिस अधिकारी, साथ ही दो नागरिक घायल हुए है।




टीवी आर्टिस्ट्स

# न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशंस

न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेने का ट्रेंड है। टीवी के कुछ आर्टिस्ट भी न्यू ईयर पर रेजॉल्यूशन लेते हैं। **हरिभूमि** को तीन टीवी आर्टिस्ट बता रहे हैं अपना न्यू ईयर हेल्थ रेजॉल्यूशन।

## नए साल में अपनी फिटनेस पर फोकस करूंगाः दर्शन गुर्जर



**सोनी सब** के सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में दर्शन गुर्जर, चिराग की भूमिका निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, सवाल पूछने पर कहते हैं, 'मैं सकारात्मक बदलावों के बारे में सोच रहा हूं। इस साल मैं मुख्य रूप से अपनी फिटनेस को पटरी पर लाने पर फोकस करूंगा। मेरा बॉडी बिल्डर बनने के लिए कोई टारगेट नहीं है। मैं ऐसे काम करना चाहता हूं, जिनसे मुझे खुशी मिले। सुबह पुशअप्स और पुलअप्स करना एक ताजगी देने वाली एक्टिविटी है। मैं नए साल से ये एक्टिविटी करूंगा। साथ ही इसी महीने से मैं अपने डाइट के प्रति अधिक एलर्ट हो गया हूं। मुझे इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करने से बेहतर महसूस होता है, जिससे मेरे शरीर और दिमाग दोनों को पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। मैं नए साल में भी इसे करता रहूंगा। हमें जिंदगी में काम के साथ-साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी होता है। स्वस्थ्य सही होगा तभी हम दैनिक दिनचर्या में काम करने के लिए सक्षम रहेंगे। काम और जिंदगी के बीच एक हेल्दी बैलेंस बनाए रखने के लिए मैं खुद को अपनी सीमा से बाहर ज्यादा खींचने की कोशिश नहीं करूंगा।' *

## सुबह जल्द उठकर करूंगा सूर्य नमस्कारः आशुतोष कुलकर्णी



**एंडटीवी** के सीरियल 'अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका में आशुतोष कुलकर्णी नजर आ रहे हैं। नए साल पर वह क्या रेजॉल्यूशन लेने वाले हैं, पूछने पर आशुतोष जवाब देते हैं, 'मैंने न्यू ईयर रेजॉल्यूशन लिया है कि नए साल के पहले दिन से ही अपने सेहत और मानसिक शांति के लिए सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठूंगा। उस एक घंटे में मेडिटेशन और कुछ सिंपल से व्यायाम करूंगा। ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी, मन शांत होगा और हर परिस्थिति में मेरा मन स्थिर रहेगा। शांत मन और शरीर ना केवल मेरे शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा रखेगा। स्वास्थ्य, मेरे लिए मूल रूप से मन, शरीर और आत्मा की एक खुशहाल स्थिति है। मैं पहले से थोड़ा-थोड़ा जिम में एक्सरसाइज करता हूं। अब में जल्दी उठूंगा तो ध्यान के बाद सूर्य नमस्कार भी करूंगा। अभी मैं चार बार सूर्य नमस्कार करता हूं, नए साल से रोजाना बारह बार करूंगा। नए साल साल से इन सबकी शुरुआत करूंगा, ईमानदारी से करूंगा। इससे मेरा शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा। मैं सभी को यही कहना चाहूंगा कि आज के तनाव भरे जीवन में किसी को अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।' *

## डाइट का ध्यान रखूंगा-कभी झूठ नहीं बोलूंगाः विनीत कुमार चौधरी



**शेमारू टीवी** पर हाल ही में शुरू हुए सीरियल 'कर्माधिकारी शनिदेव' में शनिदेव का किरदार विनीत कुमार चौधरी निभा रहे हैं। न्यू ईयर पर उन्होंने क्या रेजॉल्यूशन लिया है, पूछने पर वे बताते हैं, 'मैं हमेशा से अपने फिटनेस को लेकर बहुत ज्यादा कॉन्सश रहा हूं। मेरा मानना है कि मुझे अपनी डाइट में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहिए। इसलिए मैं अपनी डाइट को सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं। साथ ही समय पर व्यायाम करता हूं, पूरी नींद लेता हूं, सही मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करता हूं। अपने खाने में शकरकंद और शहद का सेवन जरूर करता हूं। मैं इस बात का ख्याल रखता हूं कि मिठाइयों से दूर रहूं क्योंकि यह मुझे बहुत ज्यादा पसंद है। नए साल पर इन चीजों का ख्याल रखूंगा। साथ ही मैं ड्रिंक नहीं करूंगा और झूठ नहीं बोलूंगा। वैसे भी शनिदेव का किरदार को निभाने के बाद, मेरे मुंह से झूठ निकलता ही नहीं है। मुझे लगता है, नए साल पर सभी को अपने जीवन में ऐसा कोई खास प्रण जरूर लेना चाहिए, जिससे उनके जीवन में कोई बड़ा बदलाव आए।' *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

नया साल 2024 शुरू होने वाला है। आप जरूर चाहेंगे कि आने वाले साल में आप शारीरिक के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक रहें। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में बदलाव से जुड़े कुछ संकल्प लेने होंगे। इन संकल्पों को लेकर अगर आप इन पर अमल करेंगे तो पूरे साल मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।



# तन-मन रहेगा स्वस्थ नए साल पर लें ये 5 संकल्प

डॉक्टर एडवाइस

डॉ. ज्योति कपूर
साइकोलॉजिस्ट, नई दिल्ली

आने वाले नए साल की शुरुआत अपने जीवन में कुछ अच्छी आदतों को अपना कर करें तो इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर रहेगा। आपका मन स्वस्थ है तो आप किसी भी जिम्मेदारी को आसानी से ले सकते हैं, उसे बोझ नहीं समझेंगे और बेहतर तरीके से निभा भी सकेंगे। कहा जाता है कि मन से शरीर का संबंध बहुत गहरा होता है। मन शांत और प्रसन्नचित्त हो तो शरीर भी तंदुरुस्त रहता है। इसलिए अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए साल के लिए पांच रेजॉल्यूशन यानी संकल्प लें।

## सोच को रखेंगे सकारात्मक





यदि आप किसी भी परिस्थिति में अपनी सोच को सकारात्मक रखते हैं तो इससे आप अपनी समस्या का निदान ही नहीं करते हैं, बल्कि उस समस्या का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर भी नहीं पड़ता है। आप उस परेशानी में उलझने से सदा के लिए बच जाते हैं। कई बार हम दूसरे से अपनी तुलना करने लगते हैं, जो हमारी सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है। यह जरूरी नहीं है कि जो चीज हमारे पास है, वह दूसरे के पास भी हो। दूसरे के अगर पास वो चीज नहीं है तो इससे हमारे अंदर अहंकार पैदा होता है। यदि अपने पास वो चीज नहीं है तो दूसरे को देखकर ईर्ष्या होने लगती है। ये दोनों ही आदतें हमारी मानसिक शांति और सुकून को छीन लेती हैं। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि इस नए साल में हम अपनी सोच को हर दशा में सकारात्मक रखने का संकल्प लें।





## हॉबी को देंगे समय

हर व्यक्ति की कोई ना कोई हॉबी जरूर होती है। डांसिंग, सिंगिंग, रीडिंग, प्लेयिंग, पेंटिंग या टूरिज्म जैसी कोई ना कोई हॉबी आपको भी जरूर होगी। अपने घर, परिवार की जिम्मेदारियों और काम से समय निकाल कर अपनी हॉबी को जरूर समय दें। इससे आपका आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही एक नया दृष्टिकोण भी मिलता है। हॉबी से हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है और हमें खुशी भी मिलती है, जिसके कारण हमारे ब्रेन से हैप्पी केमिकल निकलता है। इसीलिए हमारे जीवन में एक हॉबी का होना बहुत जरूरी है। वैसे भी जिस काम में हमारा मन लगता है, जिसमें हमें खुशी मिलती है, उसके लिए हमें रोज कुछ समय जरूर निकालना चाहिए।

## वर्क-पर्सनल लाइफ में करेंगे बैलेंस

जीवन का आनंद लेने और तनाव से बचे रहने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ और वर्क लाइफ में हमेशा बैलेंस करना सीखें। अकसर देखा जाता है कि कुछ लोग अपने वर्क लाइफ पर ही अधिक फोकस करते हैं, पर्सनल लाइफ पर उतना ध्यान नहीं दे पाते हैं। नतीजा वर्क लाइफ में तो अच्छा परफॉर्म करते हैं लेकिन पर्सनल लाइफ में अपनों से बहुत दूर हो जाते हैं, जिससे संबंधों में दूरियां और खटास आने लगती है। ऐसे लोग अपनी हेल्थ पर भी ध्यान नहीं दे पाते और अपने काम में इतने व्यस्त होते हैं कि पूरी नींद भी नहीं ले पाते हैं, जिससे वे कई तरह की बीमारियों से असमय ग्रस्त होने लगते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नए वर्ष में अपनी फैमिली के साथ समय बिताने, अपनी पर्सनल और वर्क लाइफ में बैलेंस करने का भी रेजॉल्यूशन जरूर लें।

## गैजेट्स एडिक्शन से रहेंगे दूर

इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप से एक तरफ हमारे जीवन में कई तरह की सुविधाएं मिल गई हैं तो इनका एडिक्शन एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है। हमारी मानसिकता पर तो इसका प्रभाव पड़ ही रहा है, यहां तक कि यह हमारे संबंधों को भी खराब कर रहा है। अकसर हम इंटरनेट, मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में इतना समय बर्बाद करते हैं कि हमारे आस-पास क्या हो रहा है उस तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। इतना ही नहीं यह एडिक्शन हमारी रचनात्मक क्षमताओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन के कामों को सरल बनाने के साधन हैं। अपने काम के लिए इसका उपयोग जरूर करें, लेकिन इनका दुरुपयोग या अत्यधिक उपयोग करने से बचें। इसलिए एक संकल्प यह भी लें कि नए वर्ष में इंटरनेट और गैजेट्स का लिमिटेड यूज करेंगे। इसके एडिक्शन से बचेंगे।

## निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे

जब हम बिना किसी स्वार्थ के कोई काम करते हैं तो हमें उस काम को करने से आंतरिक खुशी मिलती है, क्योंकि जब हम कोई नेक काम करते हैं और उसमें हमारी कोई आसक्ति (जैसे हमें उससे नाम, पैसा या मान मिले) नहीं रहती है तो हम उस काम को दिल से करते हैं। उसमें हमारा कोई स्वार्थ नहीं होता है तो हमें स्वतः ही अपार खुशी का अनुभव होता है। जब हम अपने घर-परिवार के लिए काम करते हैं तो यह हमारी जिम्मेदारी होती है। हमें लगता है कि इसे हम नहीं करेंगे तो कौन करेगा? जब हमारी रुचि निःस्वार्थ सेवा करने में होती है तो हम उस काम को बोझ नहीं समझते हैं। तब हम सबके प्रति अच्छा सोचते हैं, शुभ भावना और शुभकामना रखते हैं। इसीलिए किसी अनाथालय या ओल्ड एज होम में जाकर बच्चों के साथ समय बिताएं या बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। इससे आपको दुआएं मिलेगी और अपने काम से संतुष्टि भी। इससे सारा मानसिक तनाव दूर होगा, आत्मिक शांति मिलेगी। नए वर्ष में ऐसी कोई हैबिट जरूर शुरू करें। *

प्रस्तुति : संध्या रानी

एलर्टनेस

## फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण
# सतर्क रहें-बरतें सावधानी







पूरे विश्व में कोहराम मचाने वाली कोरोना महामारी को लेकर अभी भी खतरा कम नहीं हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए जेएन.1 कोरोना वायरस स्ट्रेन को 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया है। भले ही लोगों ने बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन कराया है लेकिन समय-समय पर कोरोना वायरस के नए वेरिएंट्स के सामने आने से खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर से खतरे की घंटी बजी है और इसका एक और नया सब वेरिएंट जेएन.1 देश-दुनिया में लोगों को संक्रमित कर रहा है। केरल में हाल ही में इस सब वेरिएंट जेएन.1 की पुष्टि की गई है। इसलिए इसके बारे में जानना और सावधान रहना बहुत जरूरी है।

**क्या है सब वेरिएंट जेएन.1 :** कोरोना का यह नया सब वेरिएंट इतनी तैजी से कैसे फैल रहा है? इस बारे में पूछने पर श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी-**डॉ. अनिमेष आर्या** बताते हैं, 'सबसे पहले यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर यह नया सब वेरिएंट है क्या? दरअसल डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट बीए.2.86 का ही नेक्स्ट जेनरेशन है और इसे दूसरी भाषा में पिरोला भी कहा जाता है। यदि विशेषज्ञों की नजरों से समझें तो जेएन.1 और बीए.2.86 के बीच केवल एक ही अंतर है- स्पाइक प्रोटीन में बदलाव, जिस कारण इस वायरस का संक्रमण अन्य वायरस की तुलना में तेजी से फैलने में सक्षम है। इस नए सब वेरिएंट से सावधान रहने के लिए आपको बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है।'

**जेएन.1 संक्रमण के लक्षण :** कोरोना के इस नए सब वेरिएंट से संक्रमित होने के लक्षणों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट- पल्मोनोलॉजी और स्लीप मेडिसिन, **डॉ. नवनीत सूद** बताते हैं, 'पिछले कोरोना वेरिएंट्स की ही तरह इसमें भी मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जैसे- लगातार बुखार आना, खांसी आना, नाक जाम हो जाना, नाक से पानी बहना, जल्द थकान, सिर दर्द, स्वाद या गंध का सेंस कम होना, गला खराब होना, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं आदि। डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन सेंटर के मुताबिक कोई खास लक्षण अलग से नजर नहीं आए हैं, जिसकी वजह से यह पता लगा पाना मुश्किल है कि लक्षण पिछले कोरोना वेरिएंट के मुकाबले अलग हैं या नहीं, इसलिए अगर आपको ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं, मास्क लगाकर रखें और लोगों से दूरी भी बनाकर रखें।

**संक्रमण से बचाव के उपाय :** कोरोना से बचाव के उपाय के बारे में नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. पंकज वर्मा** बताते हैं, कुछ विशेषज्ञों की मानें और सीडीसी के मुताबिक फिलहाल इसका कोई सबूत नहीं है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक है। फिर भी जिस प्रकार से इसका संक्रमण वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है, उसको देखते हुए बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है।

- यदि आपने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है तो तुरंत वैक्सीनेशन कराएं।
- सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें।
- कोरोना के कोई लक्षण दिखें तो तुरंत अपनी जांच करवाएं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर संक्रमित को अलग रहने दें और कोरोना नियमों का पालन करें।
- घर से बाहर जाते समय मास्क और हैंड सेनीटाइजर का इस्तेमाल करें।
- अपने हाथ साबुन से धोते रहें। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क




औषधीय वृक्ष

## औषधीय गुणों से भरपूर
# पारिजात



पारिजात का पेड़ अत्यंत गुणकारी होता है, लेकिन यह बहुतायत से नहीं उगता है। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात के पेड़ का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारिजात को हरसिंगार, कूरी, सिहारु, नाइट जैसमिन, रागपुष्पी, गंगा सेयोली, पारडिक, जया पार्वती और ट्रीटी सैडनेस नामों से भी जाना जाता है। पारिजात के उपयोगी हिस्से इसके पत्ते, जड़, छाल, बीज और फूल हैं।

**सेवन के लाभः** पारिजात के बीजों का सेवन बवासीर की बीमारी में लाभदायक है। सर्दी, जुकाम और खांसी में इसके पत्तों का सेवन हितकर है। साथ ही पेट के कीड़ों को भी नष्ट करता है। जोड़ों का दर्द, अर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी इसका सेवन गुणकारी है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण कई बीमारियों में लाभ करता है। इसके पत्ते और छाल का सेवन बुखार को तुरंत कम करता है, इसलिए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया में बहुत लाभदायक है। मधुमेह रोगियों के लिए इसके पत्तों के काढ़े का सेवन बहुत गुणकारी है।

**सेवन का तरीकाः** अब पारिजात के सेवन के तरीके के बारे में जान लेते हैं।

- डैंड्रफ से परेशान हैं या दूषित खान-पान, कार्य की व्यस्तता, पोषक तत्वों की कमी के कारण सिर के बाल झड़ रहे हैं। ऐसे में पारिजात के बीजों का पेस्ट सिर पर लगाने से डैंड्रफ और सिर के बाल झड़ने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। सिर पर फुंसियां होती हैं या खुजाने से बॉडी पर घाव हो जाता है तो भी इसके बीज का पेस्ट फायदेमंद है।
- गले की बीमारी गलशुंडी से परेशान हैं तो इसकी जड़ को चबाने से गले को आराम मिलता है।
- नाक या कान से खून आता हो तो इसकी जड़ अच्छी तरह धोकर चबाने से राहत मिलती है।
- बार-बार पेशाब आने से परेशान हैं तो इसके पत्ते, जड़ और फूल को मिलाकर काढ़ा बनाकर दो से चार चम्मच दिन में दो बार लेना फायदेमंद हो सकता है।
- शरीर में दर्द वाले स्थान पर इसके पत्तों को पीस कर गुनगुना करके दर्द वाले स्थान पर लगाने से दर्द से राहत मिलती है।
- दाद से परेशान हों तो इसके पत्तों को पीस कर रस निकाल कर दाद पर लगाएं, आराम मिलेगा।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय, उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। * –वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'

## खबर संक्षेप



### खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय

**भिवानी।** 'दंगल ग्राम गर्ल' के नाम से विख्यात पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करके खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय लिया। बबीता फोगाट ने चरखी दादरी में पत्रकारों से कहा, 'खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय आया है और इससे पहलवानों को न्याय मिलेगा। खेल मंत्रालय समय-समय पर पूरे मामले को देख रहा है।'

### अपने परिवार के लिए घर खरीदेंगे रायल्स के शुभम

**जयपुर।** आईपीएल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स से पांच करोड़ 60 लाख रुपए का करार पाने वाले



शुभम दुबे अतीत के संघर्षों को पीछे छोड़कर अब परिवार के लिये नया घर खरीदना चाहते हैं। विदर्भ के मध्यक्रम के बल्लेबाज दुबे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 185 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। उनका बचपन काफी अभावों में बीता और उनके पिता को उनके लिये क्रिकेट किट खरीदने के लिए पान तक बेचना पड़ा। अब उनके अच्छे दिन शुरू हो गए हैं और वह इससे बहुत खुश हैं।

### विरोधी से डरे बिना खुद के प्रदर्शन पर गौर करो


**मुंबई।** मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने बुधवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम को स्पष्ट संदेश दिया कि वह विरोधी टीम की



उपलब्धियों और उसके खतरों पर ध्यान देने के बजाय खुद के प्रदर्शन पर गौर करे। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीतने के बाद भारतीय टीम अब सीमित ओवरों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना करेगी। इस श्रृंखला की शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। इसके बाद इतने ही मैच की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी। महिला टी20 विश्व कप अगले साल सितंबर अक्टूबर में बांग्लादेश में खेला जाना है और उसके बाद भारत में 50 ओवर का विश्व कप होगा।

### राष्ट्रीय स्पर्धा में 8 साल बाद हिस्सा लेंगी दीपा

**भुवनेश्वर।** स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर अगले हफ्ते भुवनेश्वर में आठ साल बाद सीनियर कलात्मक जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में



हिस्सा लेंगी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दो से चार जनवरी तक होगी।दीपा के अलावा इस चैंपियनशिप में टोक्यो ओलंपियन प्रणति नायक, योगेश्वर सिंह, राकेश पात्रा, तपन मोहंती, सैफ तंबोली और गौरव कुमार जैसे खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे। दीपा के कोच बिश्वेश्वर नंदी ने बताया, 'दीपा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। पिछली बार वह 2015 में इस घरेलू प्रतियोगिता में खेली थी। यह उसकी आखिरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी।'

### केटी मून होंगी मुंबई मैराथन की एंबेसडर

**मुंबई।** पोल वॉल्ट में दो बार की विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता केटी मून को रविवार को यहां होने वाली



टाटा मुंबई मैराथन का प्रतियोगिता एंबेसडर नियुक्त किया गया है। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुंबई मैराथन को विश्व एथलेटिक्स से 'गोल्ड लेवल' दौड़ का दर्जा हासिल है। अमेरिका की स्टार एथलीट मून ने 2022 में यूजीन और 2023 में बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

---

**क्रिकेट : भारतीय विकेटकीपर ने 137 गेंद में बनाए 101 रन**

# राहुल की सेंचुरियन में सेंचुरी, एल्गर के शतक से द.अफ्रीका ने किया पलटवार

एजेंसी ▸▸| सेंचुरियन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट में केएल राहुल ने बेहतरीन शतक जड़ा। उन्होंने टेस्ट कॅरियर का आठवां शतक लगाया और कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की पहली पारी 245 रन पर सिमट गई। इसमें से 101 रन केएल राहुल के रहे। बाकी बल्लेबाज कुल मिलाकर 131 रन बना सके। वहीं, 13 रन एक्स्ट्राज से आए। राहुल ने 137 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने अपनी पारी में 80 रन बाउंड्रीज से बटोरे यानी कुल रन का 79.20 प्रतिशत रन उन्होंने चौके छक्के से बटोरे। यह टेस्ट में शतक लगाने वाले किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बाउंड्रीज से बटोरे गए तीसरा सबसे ज्यादा रन है। शीर्ष पर शिखर धवन और वीवीएस लक्ष्मण हैं। केएल राहुल सेंचुरियन में कई शतक लगाने वाले पहले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं।



### तीन विकेट पर 200 पार



दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को समाचार लिखे जाने तक पहली पारी में तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। डीन एल्गर 120 जबकि डेविड बेडिंगहम 40 रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका तक भारत के पहली पारी में 245 रन से सिर्फ 32 रन पीछे था जबकि उसके सात विकेट शेष थे। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए।

### राहुल ने की पंत की बराबरी

राहुल दक्षिण अफ्रीका में शतक लगाने वाले भारत के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। इससे पहले ऋषभ पंत ने ऐसा किया था। हालांकि, राहुल ने एक मामले में पंत को जरूर पीछे छोड़ दिया। वह यह है कि राहुल अफ्रीकी जमीन पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाजों में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। राहुल ने 101 रन बनाए, जबकि पंत ने 2022 में नाबाद 100 रन की पारी खेली थी।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट में दूसरा शतक

राहुल का यह दक्षिण अफ्रीका और सेंचुरियन में दूसरा शतक रहा। सेंचुरियन में उन्होंने अपने लगातार दूसरे टेस्ट में शतक लगाया। इससे पहले 2021 में सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही राहुल ने शतकीय पारी खेली थी। तब उन्होंने 248 गेंद पर नाबाद 122 रन बनाए थे। वह टेस्ट भारत ने जीता था। दक्षिण अफ्रीका में भी राहुल का दूसरा शतक रहा। वह अफ्रीकी जमीन पर एक से ज्यादा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। इस मामले में वह सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के क्लब में शामिल हो गए। तेंदुलकर ने दक्षिण अफ्रीकी जमीन पर टेस्ट में पांच शतक लगाए थे। वहीं, विराट और राहुल ने दो-दो बार ऐसा किया है।

### दक्षिण अफ्रीका में भारत के शतकवीर

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 5 |
| विराट कोहली | 2 |
| केएल राहुल | 2 |
| ऋषभ पंत | 2 |
| राहुल द्रविड़ | 1 |
| चेतेश्वर पुजारा | 1 |
| वीरेंद्र सहवाग | 1 |
| मो. अजहरुद्दीन | 1 |
| कपिल देव | 1 |

## वनडे रिकॉर्ड में सुधार करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



एजेंसी ▸▸| मुंबई

लगातार दो टेस्ट मैच में जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम इस समय शानदार फॉर्म में चल रही है। उसने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराने के बाद वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। वनडे श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत आगामी मैचों में अपना विजय अभियान जारी रखने को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगी कि ऑस्ट्रेलिया को हराना आसान नहीं होगा, जिसका 50 ओवर के प्रारूप में शुरू से दबदबा रहा है।

### भारत का खराब रिकार्ड

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए 50 वनडे मैचों में भारत केवल 10 मैच में जीत दर्ज कर पाया है जबकि 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। घरेलू मैदानों पर भारत का रिकॉर्ड अधिक खराब है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो 21 वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसने केवल चार मैच जीते हैं, जबकि 17 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत ने फरवरी 2007 से लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो सात मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार झेलनी पड़ी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पिछले दो वनडे मैच मार्च 2012 में खेले थे, जिनमें उसे 221 रन और 5 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

---

## दूसरे दिन गिरे 13 विकेट, ऑस्ट्रेलिया मजबूत, पाक 194 पर कर रहा संघर्ष

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बुधवार को यहां चार गेंदों में दो विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वापसी की संभावनाओं को करारा झटका दिया।

■ कप्तान कमिंस ने 37 रन देकर चटकाए तीन विकेट

पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह 6 विकेट पर 194 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी पाकिस्तान से 124 रन आगे है।



खेल का दूसरा दिन काफी घटनाप्रधान रहा और इस दिन कुल 13 विकेट गिरे। कमिंस ने अभी तक 37 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 48 रन देकर दो विकेट हासिल किए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (62) और कप्तान शान मसूद (54) ने अर्धशतक जमाए। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत की। लियोन ने इमाम उल हक (10) को दूसरी स्लिप में कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जब पाकिस्तान मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रहा था तब कमिंस ने मैच का रूख बदल दिया।

### भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला पर विचार कर रहा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि वह भारत और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला खेलने पर विचार कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम अभी तक एकमात्र टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलते रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच हाल में वानखेड़े



स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट मैच खेला गया था जिसमें भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच भारतीय धरती पर 1984 के बाद खेला गया यह पहला टेस्ट मैच था। हॉकले ने कहा, 'हम महिला क्रिकेट की कई प्रारूपों की श्रृंखला में अधिक टेस्ट मैच की वकालत करते रहेंगे। हो सकता है कि भविष्य में हम तीन टेस्ट मैच की 'मार्की' श्रृंखला पर विचार करें।'

## टी20 में सूर्यकुमार और टेस्ट में अश्विन-जडेजा का जलवा कायम

एजेंसी ▸▸| दुबई

आईसीसी की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट ने बड़ी छलांग लगाई है। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारत के सूर्यकुमार यादव की बादशाहत बरकरार है। अविश्वसनीय फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज साल्ट कॅरियर की उच्चतम रेटिंग 802 पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में साल्ट ने 119 और 38 के स्कोर बनाए और 18 स्थान की छलांग लगाई है। तीसरे स्थान पर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787) उनसे 15 रेटिंग अंक पीछे हैं। साल्ट की छलांग के बावजूद सूर्यकुमार यादव 887 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।



### लिविंगस्टोन 27 स्थान उछले

इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में छलांग लगाई है। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 54* और 28 की पारियों के बाद 27 स्थान ऊपर चढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गए। लिविंगस्टोन की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी सुधार हुआ है और वह चार पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम 175 रेटिंग प्वाइंट हैं। मोईन अली और पाकिस्तान के शादाब खान बराबर नौवें स्थान (173) पर हैं।

### मोती ने लगाई 75 स्थानों की छलांग

वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आखिरी मुकाबले में चार ओवरों में 20 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रदर्शन की बदौलत वह श्रीलंकाई जोड़ी वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्ष्णा (क्रमशः 679 और 677) को पछाड़कर दो स्थान ऊपर चौथे (683) पर पहुंच गए। गुडाकेश मोती ने एक ही मैच में 24 रन देकर तीन विकेट लिए और 75 स्थानों की छलांग लगाई, जबकि इंग्लैंड की ओर से रीस टॉपले दो मैचों में पांच विकेट की बदौलत 13 स्थान की छलांग के साथ शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं।

### टेस्ट में बेस्ट अश्विन-जडेजा





इस बीच न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज के साथ-साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज के कारण रैंकिंग में कई छोटे-मोटे फेरबदल हुए हैं। टेस्ट में भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष गेंदबाज बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा शीर्ष पर हैं। भारत के युवा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 41 स्थान ऊपर चढ़ गए, हालांकि वह अभी भी शीर्ष 100 से बाहर हैं। संजू सैमसन भी 54 स्थानों की छलांग लगाकर 405 की रेटिंग पर पहुंच गए।

**टी20 बल्लेबाज**

| रैंकिंग | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सूर्यकुमार | भारत | 887 |
| 2 | फिलिप साल्ट | इंग्लैंड | 802 |
| 3 | मो.रिजवान | पाक | 787 |
| 4 | एडेन मार्कराम | द.अफ्रीका | 755 |
| 5 | बाबर आजम | पाक | 734 |

**टेस्ट गेंदबाज**

| रैंकिंग | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 879 |
| 2 | कगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 825 |
| 3 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 785 |
| 4 | रवीन्द्र जडेजा | भारत | 782 |
| 5 | नाथन लियोन | ऑस्ट्रेलिया | 773 |

**टेस्ट आलराउंडर**

| रैंकिंग | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रवीन्द्र जडेजा | भारत | 455 |
| 2 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 370 |
| 3 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 320 |
| 4 | बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 307 |
| 5 | अक्षर पटेल | भारत | 298 |

## बांग्लादेश ने पहले टी20 में न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▸▸| नेपियर

सलामी बल्लेबाज लिटन दास की नाबाद 42 रन की धैर्यपूर्ण पारी की मदद से बांग्लादेश ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया।

बांग्लादेश में शनिवार को तीसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 98 रन पर आउट करके इस देश में सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। इसके चार दिन बाद बांग्लादेश ने पहली नौ गेंद के अंदर तीन विकेट हासिल किए और न्यूजीलैंड को 9 विकेट पर 134 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से



जिमी नीशाम ने सर्वाधिक 48 रन बनाए जबकि कप्तान मिशेल सेंटनर ने 23 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल इस्लाम ने तीन जबकि मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत दर्ज की और तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

## प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे नडाल और ओसाका

एजेंसी ▸▸| ब्रिस्बेन

*विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल और नाओमी ओसाका रविवार से यहां शुरू होने वाले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे।*

*ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन ओसाका मां बनने के बाद खेल में वापसी करेंगी और उन्होंने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में भाग लेकर तैयारी भी शुरू कर दी। ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी और बाद में उन्होंने खुलासा किया था कि वह गर्भवती थी। नडाल भी चोट से उबरने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें ब्रिस्बेन में*



*विंबलडन फाइनलिस्ट माटेओ बेरेटिनी और 2020 के अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रून इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सर्वाधिक रैंकिंग के खिलाड़ी हैं।*

---


**निलंबित डब्लूएफआई के दैनिक कामकाज का करेंगे संचालन**

# आईओए ने गठित की तीन सदस्यीय तदर्थ समिति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ ने निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है।

फैसले करते हुए अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर खेल मंत्रालय ने डब्लूएफआई को निलंबित कर दिया था। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा पैनल के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर इसके दो अन्य सदस्य हैं। खेल मंत्रालय ने



रविवार को डब्लूएआई को निलंबित कर दिया था जिसके तीन दिन पहले नए पदाधिकारी चुने गए थे। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह को चुनावों में अध्यक्ष चुना गया था। खेल मंत्रालय ने इसके बाद डब्लूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए आईओए को तदर्थ समिति का गठन करने को कहा था। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, 'आईओए को हाल ही में पता चला है कि नए अध्यक्ष और डब्लूएफआई के अधिकारियों ने अपने स्वयं के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए और आईओसी द्वारा समर्थित सुशासन के सिद्धांतों के खिलाफ मनमाने फैसले किए हैं। इसके अलावा उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति के फैसलों को पलट दिया है।

आईओए निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने और आईओसी के अनुसार खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए शासन मानदंडों के पालन को महत्वपूर्ण मानता है इसलिए एक तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।'

### तदर्थ समिति की जिम्मेदारियां

*तदर्थ समिति को डब्लूएफआई का संचालन करने का काम सौंपा गया है जिसमें खिलाड़ियों का चयन, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की प्रविष्टियां जमा करना, खेल गतिविधियों का आयोजन करना, बैंक खातों का संचालन, वेबसाइट का प्रबंधन और अन्य संबंधित जिम्मेदारियां शामिल हैं। बाजवा ने कहा, 'यह ओलंपिक वर्ष है और हमें अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। हम जल्द ही शिविर के साथ सभी सीनियर और जूनियर चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे जिससे कि (पेरिस) ओलंपिक में हमारे पदक जीतने की संभावना अधिकतम हो सके।'*

## रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक की कमान संभालेंगे मयंक

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

अनुभवी सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को बुधवार को आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए कर्नाटक टीम का कप्तान बनाया गया है। प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज निकिन जोस उपकप्तान होंगे। केएल राहुल को टीम में नहीं रखा गया है क्योंकि भारत को जनवरी फरवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट खेलने हैं।

अग्रवाल ने 2022-23 घरेलू सत्र में नौ मैचों में 990 रन बनाए जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल है। कर्नाटक की टीम पंजाब के खिलाफ हुबली में पांच से आठ जनवरी तक पहला मैच खेलेगी।



दूसरा मैच अहमदाबाद में 12 से 15 जनवरी के बीच गुजरात से खेलना है।

*टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), रविकुमार समर्थ, देवदत्त पड्डिकल, निकिन जोस, मनीष पांडे, शुभांग हेगडे, शरत श्रीनिवास, विशाख विजयकुमार, वासुकी कौशिक, विद्वत कावेरप्पा, के शशिकुमार, सुजय सतेरी, डी निश्चल, एम वेंकटेश, किशन एस बेडारे, एसी रोहित कुमार।*




# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा-कांग्रेस ने कसी कमर, बनने लगी रणनीति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*भाजपा ने जीत के जश्न के साथ काम शुरू किया, कांग्रेस हार की पीड़ा से उबर कर आगे बढ़ रही*

*चुनाव केंद्रित रही भाजपा पदाधिकारियों और मंत्रिमंडल की बैठक*

*पटवारी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए ताबड़तोड़ बैठकें शुरू की*

*कांग्रेस ने भंग की कार्यकारिणी, अब जल्द घोषित करेगी टिकट*

विधानसभा चुनाव से निबटने के साथ भाजपा-कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। भाजपा ने जीत के जश्न के साथ चुनाव की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस हार की पीड़ा से उबर कर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही सभी मंत्रियों को लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर काम करने का निर्देश दिया तो भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में भी चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई है। कांग्रेस ने भी पहले नेतृत्व बदला।

अब प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने पार्टी की बैठक में शिकायतें मिलने के बाद प्रदेश कार्यकारिणी भंग कर दी। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि लोकसभा चुनाव के टिकट जल्दी घोषित होंगे और कोशिश की जाएगी की सभी बड़े नेता लोकसभा का चुनाव लड़े। कांग्रेस की तैयारी का ही नतीजा है कि चरण सिंह सपरा को अभी से लोकसभा चुनाव के लिए मप्र का को- आर्डिनेटर बना दिया गया है।

## कांग्रेस कर रही पार्टी में जान फूंकने की कोशिश

कांग्रेस हाईकमान को विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय से कार्यकर्ताओं में निराशा का अहसास है। संभवतः इसीलिए इस बार उसने लीक से हटकर तत्काल निर्णय लिए। कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह को दरकिनार कर पार्टी की बागडोर युवा नेतृत्व के हाथों में सौंप दी। जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बना दिया। रणदीप सुरजेवाला को भी प्रदेश प्रभारी के दायित्व से मुक्त कर भंवर जितेंद्र सिंह को यह जवाबदारी सौंप दीं। जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए ताबड़तोड़ बैठकें शुरू की और जितेंद्र सिंह दायित्व मिलते ही भोपाल आ गए। जितेंद्र ने कार्यकर्ताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रदेश कार्यकारिणी भंग कर दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जल्दी टिकट घोषित करने की कोशिश होगी और बड़े नेताओं को चुनाव लड़ाया जाएगा।

### राहुल गांधी के सीधे कंट्रोल में प्रदेश कांग्रेस

*कमलनाथ के रहते राहुल गांधी मप्र में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर पाते थे, लेकिन अब उन्होंने सारे सूत्र अपने हाथ में ले लिए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए को- आर्डिनेटर की नियुक्त कर दी गई है। चरण सिंह सपरा को मप्र की जवाबदारी सौंपी गई है। इससे पहले राहुल ने प्रदेश कांग्रेस की कमान अपने कैंप के युवा नेताओं को ही सौंपी है। जीतू, उमंग और हेमंत उनके कैम्प से ही हैं। राहुल से जुड़े प्रदेश के आदिवासी विधायक ओंकार सिंह मरकाम को लोकसभा चुनाव के लिए गठित घोषणा पत्र समिति में रखा गया है। इस तरह राहुल अब लोकसभा चुनाव तक प्रदेश कांग्रेस की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस उनके कंट्रोल में होगी।*

### जीत के उत्साह में घर न बैठने की नसीहत

मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में हुई पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के लिए सभी की पीठ थपथपाई गई। इसके साथ नसीहत दी गई कि जीत के जश्न में घर बैठने की जरूरत नहीं है। लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, इसलिए सभी को पहले की तरह सक्रिय रहना है। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्देश देते हुए कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को केंद्र एवं राज्य की योजनाओं से अवगत कराएं। यह भी कोशिश करें कि अधिकांश पात्र लोगों को सरकार की याजनाओं का लाभ मिले। इस तरह भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल और संगठन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में झोकने का निर्णय ले लिया।

### बंपर जीत के बाद भाजपा को लोस चुनाव की चिंता

*मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने केबिनेट की पहली बैठक बुलाई तो उम्मीद थी कि कोई धमाकेदार फैसला होगा। ऐसा करने की बजाय लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता की गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं है। इसीलिए सभी को इसे ध्यान में रखकर ही सक्रियता बढ़ानी है। हमारी कोशिश होना चाहिए की सभी 29 लोकसभा की सीटें भाजपा की झोली में आएं। इसके लिए जो जरूरत पड़े, किया जाए। साफ है कि मुख्यमंत्री को विधानसभा चुनाव में बंपर जीत और पार्टी की सरकार बनने से भी ज्यादा चिंता लोकसभा चुनाव की है। ये नतीजे सरकार पर असर डाल सकते हैं।*

## सीएम ने मंत्रालय में की स्कूल शिक्षा विभाग की कार्य गतिविधियों की समीक्षा

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- प्रवेश के दौरान ही विद्यार्थियों को वोकेशनल स्टडीज से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**रोजगार और स्वरोजगार के लिए करें प्रेरितः मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

विद्यार्थी द्वारा स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लेने के दौरान ही उन्हें वोकेशनल स्टडीज से जोड़कर रोजगार और स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाए। इससे संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को और सार्थक बनाया जा सकता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। डॉ. यादव ने मंत्रालय में बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग की कार्य गतिविधियों की समीक्षा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति-2020 में व्यावसायिक शिक्षा (वोकेशनल स्टडीज) पर विशेष जोर दिया गया है। इसी के अनुरूप मध्यप्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के विस्तार के लिये किए जा रहे प्रयासों में और गति लाई जाए। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरूण शमी ने विभाग के कार्यों और योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### सीएम राइज स्कूलः चयन में व्यावहारिक आधार पर निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज विद्यालयों के लिए चयन में व्यावहारिक आधार पर निर्णय लिया जाए और विद्यालयों के निर्माण में डिजाइन और अन्य सभी व्यवस्थाओं को भी बेहतर तरीके से पूर्ण किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल शिक्षा की वर्तमान व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं, नियमित पाठ्यक्रमों के संचालन, सीएम राइज स्कूलों के प्रबंधन और शिक्षा विभाग द्वारा अन्य विभागों के समन्वय से विद्यार्थियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने विभाग द्वारा राज्य शासन की प्राथमिकताओं और संकल्प पत्र के बिन्दुओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### यह भी दिए निर्देश

- नई शिक्षा नीति का प्रदेश में तेजी से बेहतर क्रियान्वयन हो।
- प्रयास करें कि हम स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनें।
- स्कूल शिक्षा विभाग अन्य विभागों से समन्वय कर समस्याओं का निराकरण करे।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।
- जमीनी स्तर पर विभागीय कार्यों का निरीक्षण भी किया जाए।
- सीएम राइज स्कूल के निर्माण में आने वाली अड़चनों को दूर किया जाए।
- नई शिक्षा नीति और सीएम राइज स्कूल के संबंध में धरातल पर स्थिति का जायजा लें और कठिनाइयां दूर करें।

## जहां-जहां पांव पड़े राहुल के, वहां-वहां हुआ बंटाढारः शर्मा

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- दशकों तक लोगों के साथ कांग्रेस ने किया अन्याय**

**भोपाल।** कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार लंबे समय तक देश और देशवासियों के साथ अन्याय करते रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के मुंह से न्याय की बात ही बेईमानी है। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र की हत्या की है। देश की जनता कांग्रेस पार्टी से आज ये सवाल कर रही है कि आपने बीते समय में उसके साथ जो अन्याय किया था, उसका न्याय कब मिलेगा? ऐसे में कांग्रेस अगर न्याय यात्रा निकालती है, तो यह देश के साथ सबसे बड़ी बेईमानी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में एक यात्रा निकाली थी। उस यात्रा में क्या हुआ? जहां-जहां पांव पड़े राहुल के तंह-तंह बंटाढार। यात्रा के दौरान राहुल गांधी जहां जहां पहुंचे, उन क्षेत्रों में पार्टी के उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हो गई।

## अब बी-8 होगा शिवराज का स्थाई निवास, मुख्यमंत्री निवास छोड़कर नए आवास में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आवास अब बदल गया है। वे बुधवार को मुख्यमंत्री निवास से अपने लिंक रोड स्थित 74 बंगले के बंगला नंबर-8 में शिफ्ट हो गए।

उन्होंने बुधवार को बाकायदे सबसे पहले मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में पूजन-अर्चन किया, स्टाफ से मुलाकात की, इसके बाद सपरिवार नए निवास में शिफ्ट हो गए। इससे पहले शिवराज का पूरा सामान नए बंगले में शिफ्ट कर दिया गया था।

### आपके भैया, आपके मामा के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगेः चौहान

*पूर्व सीएम शिवराज ने कहा कि,मेरे प्यारे भाइयों और बहनों नमस्कार... मैं आज मुख्यमंत्री निवास से विदा ले रहा हूं, यह निवास के साथ-साथ मेरी कर्मस्थली भी रहा है। आज पता बदल रहा है, लेकिन आपके भैया, आपके मामा के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे। जनसेवा का यह संकल्प मेरे नए पते बी-8, 74 बंगले से भी जारी रहेगा। जब भी आपको अपने भैया, अपने मामा की सहायता की जरूरत हो, आप बेहिचक घर पधारिए। मैं आपकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा, यह मैं आपको वचन देता हूं।*

## भगवान श्रीराम की जय जयकार पूरे विश्व में हो रही है : कुमार स्वामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्रीराम की जय-जयकार पूरे विश्व में हो रही है। भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए मां दुर्गा को यज्ञ के द्वारा प्रसन्न किया और एक कमल कम होने पर अपनी आंख को ही आहुति के लिए प्रस्तुत कर दिया। इस पर मां दुर्गा ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया और अपना पाठ प्रदान किया। ये उद्गार आकाश गार्डन, बैरागढ़ कलां में दर्शकों से भरे समागम में महाब्रह्मर्षि कुमार स्वामी ने व्यक्त किए। समागम में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी ने अवधन के माध्यम से श्रद्धालुओं को तत्क्षण दुख निवारण की कृपा प्रदान की। समागम में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, धार्मिक संस्थाओं के विद्वान, प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दाहोद में घर के सामने लगा ट्रांसफार्मर फटा, आग लगने के बाद मची भगदड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के पास ग्राम दाहोद में बुधवार शाम ट्रांसफार्मर में धमाका हो गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। आसपास के लोगों ने तत्काल नपा दमकल को फोन किया और आग बुझाने के ताकलिक प्रयास किए। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया। बिजली कंपनी का लाइनमैन आग बुझने के बाद मौके पर पहुंचा। एमपीईबी के जिम्मेदार अधिकारी इस घटना की सूचना के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे, न ही फोन उठाने की जहमत उठाई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। कंचन सिंह नागर ने बताया कि ट्रांसफार्मर शिवनाथ शर्मा के घर के सामने लगा हुआ है। इसमें पहले भी दो-तीन बार धमाके हो चुके हैं। इसके बाद ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## आगरा उड़ान तीसरे दिन भी कैंसिल कई उड़ानें भोपाल देरी से आई

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर बुधवार को तीसरे दिन भी इंडिगो एयरवेज की आगरा उड़ान को कैंसिल किया गया। वहीं रायपुर सहित कई फ्लाइट्स लेट आई। उत्तरी भारत में कोहरे के कारण यहां भी असर पड़ रहा है, जिसके चलते भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर सेक्टर रीजन के चलते आए दिन उड़ानें लेट और कैंसिल हो रही है। बुधवार को भी इंडिगो एयरवेज की आगरा उड़ान को कैंसिल कर दिया गया। इस उड़ान को पिछले 2 दिनों से पहले ही कैंसिल किया जा रहा है। इससे यात्री काफ़ी परेशान हो रहा है। हालांकि यहां पर अधिकारी तकनीकी कारण और केंद्र में अकाउंट सेक्टर रीजन बता रहे हैं।







**उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का शुभारंभ**

# इंजीनियर देश के विकास की रीढ़, विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने समाज में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बोलते हुए कहा कि इंजीनियरों के पास ज्ञान है, क्षमता है। वे समाज के हर वर्ग के लिए अपना योगदान देते हैं। इंजीनियर हमारे देश के विकास की रीढ़ हैं।

शुक्ल ने बुधवार को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर, जबलपुर में तीन दिवसीय 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन किया। रिइमेजिनिंग टुमॉरोः शेपिंग द फ्यूचर थ्रू डिसरप्टिव एंड इंटरडिसिप्लिनरी टेक्नोलॉजीस थीम पर मध्यप्रदेश में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हो रहा है।



### आईईआई 38वां कांग्रेस पुस्तक का हुआ विमोचन

*शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग कांग्रेस में प्रस्तुत रिसर्च पेपर्स का अध्ययन कर इनके शासन के लाभ के लिए उपयोग की व्यवस्था की जाएगी। सेमिनार में आईईआई 38वां कांग्रेस पुस्तक का विमोचन किया गया।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930